{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
गुरुवार 19 मार्च 2026
चैत्र शुक्ल 01 विक्रम सम्वत 2083
वर्ष 16, अंक 173
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | - | 76,704.13 |
| निफ्टी | - | 23,777.80 |
| सोना | - | 1,57,750 |
| चांदी | - | 2,65,000 |
| डॉलर | - | 92.90 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### साध्वी निरंजन बनीं पिछड़ा आयोग की अध्यक्ष

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। निरंजन ज्योति ने मंगलवार को यह पदभार ग्रहण भी कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का आभार जताया है। साध्वी निरंजन ज्योति को बड़ा पद देने की चर्चा काफी पहले से चल रही थी। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर भी उनके नाम की चर्चा चली थी लेकिन पंकज चौधरी प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए। अब राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का बड़ा पद साध्वी निरंजन ज्योति को दिया गया है।

### अब 60 फीसदी मनपंसद सीटें मुफ्त में चुन सकेंगे यात्री

नई दिल्ली। भारत में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सभी एयरलाइनों को निर्देश दिया है कि हर उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराई जाएं। इसका उद्देश्य यात्रियों को निष्पक्ष और सस्ती सीट चयन सुविधा देना है। मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस रिलीज के अनुसार, अब तक केवल सीमित सीटें ही मुफ्त में दी जाती थीं, जबकि बाकी सीटों के लिए यात्रियों से अतिरिक्त शुल्क लिया जाता था। नए निर्देश के लागू होने के बाद अधिकतर यात्रियों को बिना अतिरिक्त खर्च के सीट चुनने का विकल्प मिलेगा। सरकार ने यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए अन्य कई पहल भी शुरू की हैं।

### सांसद टी राजा सिंह को फिर मिली जान से मरने की धमकी

हैदराबाद। गोशामहल विधानसभा के सांसद टी राजा सिंह को बुधवार को उनके आवास पर एक अज्ञात प्रेषक से जान से मारने की धमकी भरा पत्र मिला। पत्र में लिखा था कि राजा सिंह, 27 मार्च को आपकी आखिरी रामनवमी होगी। तेलंगाना पुलिस मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। जनवरी में भी बीजेपी सांसद सिंह को इसी तरह का एक पत्र मिला था, जो कथित तौर पर अब्दुल हाफिज नाम के एक व्यक्ति ने भेजा था। पत्र में अपशब्दों का प्रयोग किया गया था और दावा किया गया था कि पुलिस उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकती। बीजेपी नेता सिंह ने तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक, आयुक्त और मुख्यमंत्री से बार-बार मिल रही धमकियों के पीछे के व्यक्ति की पहचान करने की अपील की है। सांसद सिंह ने हैदराबाद के पुलिस आयुक्त वी सी सज्जनार को पत्र लिखकर आगामी राम नवमी जुलूस के लिए पुलिस सुरक्षा देने से इंकार कर दिया।

### कुछ ना कहना




# इंदौर-दिल्ली में शॉर्ट सर्किट से आग, 17 लोगों की मौत

## -इंदौर में ईवी चार्जिंग के दौरान घर जला, 8 मौतें, 4 घायल; घर के डिजिटल लॉक नहीं खुले; लोग अंदर फंसे रह गए

## -दिल्ली के पालम इलाके में बहुमंजिला इमारत में भीषण आग में जलकर तीन बच्चों समेत नौ लोगों की मौत हो गई

इंदौर/नई दिल्ली। मप्र के इंदौर और दिल्ली में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की वजह से 17 लोगों की मौत हो गई है। इंदौर के बंगाली चौराहे के पास स्थित एक कॉलोनी में बुधवार भोर में भीषण हादसा हो गया। एक मकान में इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। इस हादसे में आठ लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं देश की राजधानी दिल्ली के दक्षिण-पश्चिमी जिले के पालम इलाके के साध नगर में एक बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग ने नौ लोगों की जान ले ली। इस दर्दनाक घटना में कई अन्य लोग घायल हुए हैं। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 30 गाडियां मौके पर मौजूद रहीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है।



इंदौर में इलेक्ट्रिक कार (टाटा पंच) में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी की है। पुलिस के अनुसार, कार से घर तक फैली आग ने अंदर रखे गैस सिलेंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे एक के बाद एक सिलेंडर फटने लगे। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया। बिजली सप्लाई बंद होने से घर में लगे डिजिटल लॉक खुल नहीं पाए। अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। रहवासियों ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाडियां सूचना देने के करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचीं।

### नीचे लपटें और ऊपर घना धुआं था

दिल्ली के पालम स्थित साध नगर में एक रिहायशी 3 मंजिला बिल्डिंग में बुधवार सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 लड़कियां शामिल हैं। 2 लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी। इन्हें गंभीर चोटें आई हैं। दिल्ली फायर सर्विस के कर्मियों ने 10 लोगों का रेक्स्यू किया है। हालांकि, घायलों और अंदर फंसे लोगों की संख्या को लेकर अभी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। करीब 30 फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।स्थानीय लोगों के अनुसार, आग बुधवार सुबह करीब 6 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और तेजी से फैल गई। इमारत में उस समय 10-15 लोग मौजूद थे। इनमें कुछ शव बरामद किए जा चुके हैं। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी एसके दुआ ने बताया कि आग सुबह करीब 7 बजे लगी थी। जब हमारी पहली टीम मौके पर पहुंची, तो नीचे आग की लपटें और ऊपर घना धुआं था। हमारे पहुंचने से पहले दो लोग इमारत से कूद गए थे, जिन्हें लोगों ने अस्पताल पहुंचाया।




### देवगौड़ा को लेकर खड़गे ने कही बात, राज्यसभा में लगे ठहाके, प्रधानमंत्री भी मुस्कुराए

## मोहब्बत हमारे साथ की, लेकिन शादी मोदी साहब के साथ ऐसा क्यों हुआ मुझे नहीं पता

नई दिल्ली। राज्यसभा से बुधवार को कई सांसद रिटायर हो गए। उनकी विदाई के दौरान राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने सदन में कहा कि नेता कभी रिटायर नहीं होते। वो राजनीति में, पब्लिक लाइफ में, देश सेवा के जुनून में न तो थकते हैं और न ही रिटायर होते हैं। इसी दौरान पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा के बारे में बोलते हुए खड़गे ने कहा कि मोहब्बत हमारे साथ की, लेकिन शादी मोदी साहब के साथ ऐसा क्यों हुआ मुझे नहीं पता।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राज्यसभा सांसदों की विदाई पर सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने जब देवगौड़ा को लेकर ये बात कही तो पीएम मोदी भी मुस्कुराए बिना नहीं रह सके। इस दौरान उच्च सदन में खड़गे के पीछे बैठे जयराम रमेश भी मुस्कुराते नजर आए। दरअसल, खड़गे ने जिस तरह से अपनी बात कही वो बेहद अहम थी।

खड़गे ने कहा कि मैं पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा जी का उल्लेख करना चाहूंगा। वो पीएम समेत कई पदों पर रहे हैं। मैं देवगौड़ा जी को 54 साल से ज्यादा समय से जानता हूं। मैंने उनके साथ बहुत काम किया है। हालांकि, बाद में, मुझे नहीं पता कि क्या हुआ, वह तो प्रेम हमारे साथ किए। मोहब्बत हमारे साथ, शादी मोदी साहब के साथ कर ली। ये हाल ही में हुआ। ये कैसे हुआ मुझे मालूम नहीं है। वहीं शरद पवार का भी जिक्र करते हुए खड़गे ने कहा कि वो राष्ट्रीय नेता हैं। उनके साथ भी हमारे अच्छे संबंध रहे। इस दौरान खड़गे ने कहा कि सदन ज्यादा से ज्यादा चलना चाहिए। सभी सांसदों की बातों को सुना जाना चाहिए। मिलकर काम करना चाहिए, ये बड़ी ताकत है। जनता के मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। रिटायर होने वाले कुछ साथी फिर वापस आएंगे कुछ नहीं आएंगे। पब्लिक लाइफ में रहने वाले सदस्य कभी रिटायर और टायर्ड नहीं होते।

### प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े अश्लील वीडियो मामले में एसआईटी ने 13,712 पन्नों की विस्तृत चार्जशीट दाखिल की

बेंगलुरु । पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े अश्लील वीडियो मामले में जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बुधवार को 13,712 पन्नों की विस्तृत चार्जशीट दाखिल कर दी। इस मामले में कुल 39 आरोपियों को नामजद किया गया है। यह चार्जशीट हासन की वरिष्ठ सिविल अदालत में दायर की गई है। एसआईटी के अनुसार जांच के दौरान कुल 52 लोगों के नाम सामने आए थे, लेकिन पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर 39 के खिलाफ ही आरोप तय किए गए हैं। आरोपियों में भाजपा और कांग्रेस से जुड़े कुछ कार्यकर्ता भी शामिल हैं।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव संबंधित विधेयक की समीक्षा कर रही समिति का कार्यकाल बढ़ाया गया

### मानसून सत्र 2026 के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक

नई दिल्ली। लोकसभा ने बुधवार को एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित विधेयक की समीक्षा कर रही संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल मानसून सत्र 2026 के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाया है। इस विधेयक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने का प्रावधान है। इस समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त समिति का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद सदन में ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित हो गया।

यह विधेयक दिसंबर 2024 में लोकसभा में केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया था। आगे की जांच के लिए इस विधेयक को दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजा गया। संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, 2024, प्रस्तावित



सुधार से जुड़ा है, इस लोकप्रिय रूप से एक राष्ट्र, एक चुनाव के नाम से जाना जाता है, जिसका उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराना है। केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 भी देश भर में एक साथ चुनाव कराने की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाए गए व्यापक ढांचे का हिस्सा है।

वर्तमान में जेपीसी संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 की समीक्षा हो रही है। ये विधेयक 17 दिसंबर, 2024 को लोकसभा में पेश किए गए और आगे की जांच के लिए जेपीसी को भेज दिए गए थे। जिनका सामूहिक उद्देश्य पूरे देश में एक साथ चुनाव कराना है। इससे पहले, जेपीसी की बैठक 9 मार्च को नई दिल्ली में संसद भवन के संलग्न भवन (पीएचए) में हुई थी। बैठक के बाद, जेपीसी अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव राष्ट्रीय हित में है, न कि किसी राजनीतिक दल के हित में।

## कांग्रेस सांसद प्रद्युत भाजपा में शामिल

गुवाहाटी। असम में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही राजनीति की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। 2026 के चुनाव की तारीखों का एलान हो चुका है। 9 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे और 4 मई को नतीजे आएंगे। लेकिन वोटिंग से पहले ही कांग्रेस के लिए एक बुरी खबर आई है। पार्टी के एक बहुत पुराने और बड़े नेता ने साथ छोड़ दिया है, जिससे चुनावी मैदान में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने खुद जानकारी दी कि कांग्रेस के मौजूदा सांसद प्रद्युत बोरदोलोई अब बीजेपी में शामिल हो गए हैं। प्रद्युत बोरदोलोई कोई नया नाम नहीं हैं, वे असम की राजनीति का एक अनुभवी चेहरा हैं और पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई की सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। उनके पास अभी सांसद के तौर पर 3 साल का कार्यकाल बचा हुआ था, लेकिन उन्होंने चुनाव से ठीक पहले पाला बदलकर सबको चौंका दिया है।



### वेनेजुएला-ईरान के बाद ट्रंप के निशाने पर क्यूबा...

## किसी भी कीमत पर हासिल करके रहूंगा

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हलचल मचा दी है। उन्होंने संकेत दिया है कि वे क्यूबा को 'किसी न किसी रूप में अपने नियंत्रण में लेन' का इरादा रखते हैं। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बता कर ट्रंप ने कहा कि वे क्यूबा को या आज़ाद करूंगा या 'अपने कब्जे में लूंगा', जो अमेरिका की अब तक की क्यूबा नीति से काफी अलग और आक्रामक बयान माना जा रहा है। अमेरिका और क्यूबा के संबंध बीते 65 वर्षों से तनावपूर्ण रहे हैं, लेकिन किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस तरह खुलकर क्यूबा पर कब्जे की बात नहीं कही थी। इस बयान को हल्के में नहीं लिया जा रहा, क्योंकि ट्रम्प पहले ही वेनेजुएला और ईरान में सैन्य कार्रवाई कर चुके हैं। ऐसे में क्यूबा को लेकर उनकी टिप्पणी को संभावित अगली रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिका ने क्यूबा पर आर्थिक दबाव भी बढ़ा दिया है। जनवरी से क्यूबा को मिलने वाली तेल सप्लाई लगभग रोक दी गई है और अन्य देशों को भी चेतावनी दी गई है कि वे क्यूबा को तेल न दें। हाल ही में अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने कोलंबिया से क्यूबा जा रहे एक तेल टैंकर को रोक लिया। इसके चलते क्यूबा में गंभीर संकट पैदा हो गया है—पेट्रोल की कीमतें ब्लैक मार्केट में बहुत बढ़ गई हैं, बिजली कटौती आम हो गई है, अस्पतालों में सर्जरी टल रही हैं और



खाने-पीने की कमी बढ़ रही है।

इन हालात के बीच क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज-कैनेल ने स्वीकार किया है कि अमेरिका के साथ बातचीत चल रही है और जल्द ही अर्थव्यवस्था खोलने के कदम उठाए जा सकते हैं। खबरें हैं कि अमेरिका चाहता है कि डियाज-कैनेल पद छोड़ें, हालांकि सीधे तौर पर सत्ता परिवर्तन की बात नहीं की जा रही। यह रणनीति पहले वेनेजुएला में अपनाई गई नीति जैसी मानी जा रही है।

दूसरी ओर, रूस ने संकेत दिया है कि जरूरत पड़ने पर वह क्यूबा का समर्थन कर सकता है। दोनों देशों के बीच संपर्क लगातार बना हुआ है। क्यूबा में आर्थिक सुधारों के संकेत भी मिल रहे हैं, जैसे विदेशों में रहने वाले क्यूबाई लोगों को निवेश और कारोबार की अनुमति देना।

### गुजरात विधानसभा परिसर में बम की धमकी

अहमदाबाद। गुजरात में कई अहम स्थानों को बम ब्लास्ट से उड़ाने की धमकी मिली है। बुधवार सुबह आए ईमेल के बाद गांधीनगर में विधानसभा को खाली करवाकर चेक किया। इसके साथ मुंद्रा पोर्ट पर सुरक्षा को अलर्ट किया गया। ईमेल में अहमदाबाद के स्कूलों में भी ब्लास्ट की धमकी दी गई है। ईमेल में कच्छ जिले के मुंद्रा पोर्ट पर खड़े एलपीजी टैंकर को मिसाइल से उड़ाने की भी धमकी दी गई है। इसके साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ राज्य के सीएम भूपेंद्र पटेल को गुजराती हिंदू चरमपंथी बताया गया है।

### मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का फैसला

## लंबे समय तक कार्य करने से नियमित नियुक्ति का अधिकार नहीं मिलता

जबलपुर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर ने गेस्ट फैकल्टी के नियमितीकरण से जुड़ी याचिका खारिज कर दी। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने 291 संविदा सहायक प्राध्यापकों, स्पोर्ट्स ऑफिसर्स और लाइब्रेरियनों को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि केवल लंबे समय तक कार्य करने से किसी कर्मचारी को नियमित नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता। याचिकाकर्ताओं, जिसमें डॉ. कमल प्रताप सिंह सहित अन्य शामिल थे, ने मांग की थी कि उन्हें प्रारंभिक नियुक्ति तिथि से नियमित किया जाए, सभी सेवा लाभ दिए जाएं और नई भर्ती प्रक्रिया को निरस्त किया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि वे पिछले लगभग 20 वर्षों से शासकीय कॉलेजों में कार्यरत हैं और यूजीसी मानकों के अनुसार पढ़ा रहे हैं, लेकिन उन्हें केवल 50 हजार रुपये मानदेय मिलता है। साथ ही, हर वर्ष 89 दिन के अनुबंध पर नियुक्ति और फिर पुनर्नियुक्ति की प्रक्रिया अपनाई जाती है। राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि गेस्ट फैकल्टी को नियमित भर्ती में अवसर देने के लिए आयु सीमा में छूट, अनुभव के आधार पर वेटेज और 25 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया है। कोर्ट ने इसे उचित माना और कहा कि स्थायी नियुक्ति केवल वैधानिक प्रक्रिया के तहत ही संभव है। अदालत ने नियमित भर्ती प्रक्रिया को वैध ठहराते हुए 卐फॉलन आउट卐 नियम को भी सही माना। इसके अनुसार, नियमित नियुक्ति होने पर गेस्ट फैकल्टी को हटाना कानूनी रूप से उचित है, क्योंकि यह पदों को स्थायी रूप से भरने की प्रक्रिया का हिस्सा है।

राज्य सरकार की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली ने कोर्ट को बताया कि गेस्ट फैकल्टी को आयु सीमा में छूट, अनुभव के आधार पर वेटेज और 25 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया है, ताकि वे नियमित भर्ती में शामिल हो सकें। सरकार ने कहा कि सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति एक वैधानिक आयोग के माध्यम से होती है। नियमों के विपरीत कोई भी नियुक्ति असंवैधानिक होगी। कोर्ट ने भी इस तर्क को सही माना।

卐फॉलन आउट卐 नियम को भी सही ठहराया। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में 卐फॉलन आउट卐 नियम को वैध बताया। कोर्ट ने कहा कि नियमित भर्ती होने पर गेस्ट फैकल्टी को हटाना कानूनन सही है, क्योंकि यह पद को स्थायी रूप से भरने की प्रक्रिया का हिस्सा है।

## आई-पैक मामले में सुप्रीम कोर्ट में ममता सरकार का तर्क....ईडी को याचिका दाखिल करने का अधिकार नहीं

नई दिल्ली। बंगाल की राजधानी कोलकाता में पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक के ऑफिस और उसके को-फाउंडर प्रतीक जैन के घर पर रेड मामले में दाखिल प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने सवाल खड़े किए हैं। ईडी की याचिका में दावा किया गया है कि रेड के वक्त मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आला पुलिस अधिकारियों के साथ पहुंचीं और छापेमारी में बाधा डालकर सबूत नष्ट किए। याचिका में रेड में बाधा डालने और सबूत नष्ट करने पर ममता और सीनियर पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सीबीआई जांच की मांग की गई है।

इस याचिका पर बुधवार को बंगाल सरकार के वकील श्याम दीवान ने कहा कि ईडी अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दाखिल नहीं कर सकती है, यह अनुच्छेद मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए है और ईडी कोई व्यक्ति नहीं है इसलिए उसके मौलिक अधिकार नहीं हो सकते। वकील दीवान ने कहा कि क्या ईडी अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दाखिल कर सकती है, यह एक संवैधानिक प्रश्न है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 145 के तहत इसतरह के मामलों की सुनवाई करीब 5 जजों की बेंच में होनी चाहिए। इस पर ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि बंगाल सरकार खुद आर्टिकल 32 के तहत रिट पिटीशन दाखिल कर चुकी है और केरल सरकार भी ऐसा कर चुकी है। इन्होंने राज्य के तौर पर याचिका दाखिल की थी।

बात दें कि इस मामले में ईडी का आरोप है कि 8 जनवरी 2026 को कोयला घोटाले से जुड़े मामले में जब वे आई-पैक के दफ्तर में छापेमारी कर रहे थे, तब ममता बनर्जी ने हस्तक्षेप किया, सबूतों को गायब किया और उनके काम में बाधा डाली। इस मामले में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से ममता और बंगाल के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सीबीआई जांच की मांग की है।

# घोटाले की जांच के लिए आया पत्र, पर जांच के लिए नहीं आई टीम

# शिकायतकर्ता पंचायत पहुंचकर देर शाम तक करते रहे जांच टीम का इंतजार

**टेकाड़ी के ग्रामीणों ने सौपा ज्ञापन ,शिकायतों पर कार्यवाही न होने का लगाया आरोप, कहा-कार्यपालिका से नहीं मिलेगा इंसाफ, तो जाएंगे न्यायपालिका**





**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जनपद पंचायत बालाघाट के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत टेकाड़ी में फर्जी हाजरी, फर्जी बिल बाउचर के आधार पर शासकीय राशि के गबन किए जाने का मामले थमने का नाम नही ले रहा है। जिसकी बार-बार शिकायत होने पर भी जिला प्रशासन द्वारा मामले की जांच कर संबंधितों पर वैधानिक कार्यवाही नहीं की जा रही है। यहां तक की शिकायत करने पर ,जब जांच टीम पंचायत पहुंचती है तो शिकायतकर्ताओं को उसकी जानकारी नहीं दी जाती,जहा शिकायतकर्ताओं कि गैर मौजूदगी में ही जांच पूरी कर ली जाती है। या फिर टीम के पंचायत में पहुंचने के बाद शिकायतकर्ताओं को मामले से अवगत कराया जाता है। जिसकी पुन: शिकायत होने पर अब एक नया मोड सामने आया है जहां जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न मामलों की जांच के लिए 17 मार्च को शिकायतकर्ताओं को पत्र जारी कर 18 मार्च दिन बुधवार को विभिन्न मामलों की शिकायत की जांच के लिए ग्राम पंचायत बुलाया गया, जहां प्रशासनिक पत्र के आधार पर शिकायतकर्ता दोपहर करीब 12 ग्राम पंचायत पहुंच गए लेकिन जिस टीम को घोटाले की जांच करने के लिए आना था वह टीम ही ग्राम पंचायत नहीं पहुंची। बताया गया कि शिकायतकर्ता देर शाम तक पंचायत में बैठक जाँच टीम का इंतजार करते रहे लेकिन टीम पंचायत नहीं पहुंची।जिसके चलते शिकायतकर्ताओं ने पुन: नाराजगी जताते हुए अब हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना की चेतावनी दी है।

### इसके पूर्व भी ऐसा ही कर जांच की गई है प्रभावित

आपको बताएं कि यहां कोई पहला मामला नहीं है कि जब मामले की जांच के लिए प्रशासनिक स्तर से कोई कार्रवाई की गई हो ,बल्कि इसके पूर्व भी दो से तीन बार विभिन्न मामलों की जांच के लिए टीम पंचायत आई है, लेकिन कई मामलों में शिकायतकर्ताओं को जांच टीम के आने की जानकारी ही नहीं दी गई, तो वहीं कई मामलों में जब जांच टीम पंचायत पहुंच गई उसके बाद शिकायतकर्ताओं को मामले की जानकारी दी गई थी। जिसके चलते शिकायतों की जांच नहीं हो पाई है।वही आज 18 मार्च को शिकायतकर्ताओं को पूर्व से जांच टीम के आने की जानकारी दी गई जिसके आधार पर शिकायतकर्ता तो पंचायत पहुंच गए लेकिन मामलों की जांच के लिए पंचायत आने वाली टीम देर शाम तक नहीं पहुंची। जिसके चलते एक बार फिर यह जांच प्रभावित हो चुकी है।जिस पर अपनी नाराजगी जताते हुए ग्राम पंचायत टेकाड़ी के शिकायतकर्ता ग्रामीणो ने कलेक्टर कार्यालय में एक बार फिर ज्ञापन सौंपते हुए मामले में वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। जहां उन्होंने विभिन्न बिंदुओं की जांच करने के पूर्व शिकायतकर्ताओं को जांच में शामिल करने, टीम आवागमन कें 3-4 दिन पूर्व जाच दिनांक व समय की जानकारी दिए जाने और जल्द से जल्द जांच पूरी कर दोषियों पर वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। जहां उन्होंने इस पूरे मामले में शासकीय राशि का बंटाधार करने वाले लोगों को बचाने का आरोप लगाते हुए कार्यपालिका से इंसाफ न मिलने पर न्यायपालिका की शरण लेने की भी चेतावनी दी है

### तो मजबुरन कोर्ट जाना पडेंगा- पटले

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान ग्रामीण डॉ गुलाबचंद पटले ने बताया कि पंचायत द्वारा कराए गए विभिन्न निर्माण कार्य में शासकीय राशि का गबन किया गया है। समय-समय पर प्रत्येक मामलों की शिकायत जिला प्रशासन से की गई है। लेकिन जिला प्रशासन जब भी कोई टीम बनता है उसकी जानकारी हम शिकायतकर्ताओं को नहीं मिल पाती। कई बार टीम आकर जांच करके चली जाती है उसके बाद हमें जानकारी मिलती है, तो कई बार टीम के स्पॉट में पहुंचने के बाद हमें जांच टीम पहुंचने की जानकारी दी जाती है। अभी 10 मार्च को एक पत्र जारी कर 16 मार्च को मामलों की जांच करने कहा गया था, लेकिन 6 दिन बाद भी इसकी जानकारी हमें नहीं दी गई। जब 16 मार्च को टीम जांच के पंचायत पहुंच गई और दोपहर 1 बजे बैठक होना था उसी दरमियान दोपहर 1 बजे सचिव ने हमें मामले की जानकारी दी है। तब तक अन्य शिकायतकर्ता अपने-अपने काम में जा चुके थे। जिसका विरोध करते हुए हमने पुन: जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपते हुए मामले की शिकायत की थी जिसके आधार पर 17 मार्च को हमें पुन: एक पत्र जारी कर 18 मार्च को मामलों की जांच के लिए ग्राम पंचायत भवन टेकाड़ी बुलाया गया था। सरकारी पत्र के आधार पर सभी शिकायतकर्ता ग्राम पंचायत पहुंचे लेकिन जांच टीम नही आई। इस तरह जांच को प्रभावित किया जा रहा है और दोषियों को बचाने का प्रयास जिला स्तर से हो रहा है।यदि ऐसा ही चलता रहा और कार्यपालिका से हमें इंसाफ नहीं मिला तो मजबूरन हमें हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।

## आम आदमी पार्टी जिला इकाई का किया गया पुनर्गठन

### शिव जायसवाल को पुन: सौपी गई, जिला अध्यक्ष पद की कमान

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर एवं सह प्रभारी विश्वेंद्र सिंह के द्वारा आम आदमी पार्टी जिला इकाई का पुनर्गठन कर पदाधिकारी को उनकी जिम्मेदारी सौंप गई है।जहां इस पुनर्गठन में शिव जायसवाल को पुन: आम आदमी पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाया गया है तो वही अन्य पदाधिकारी को बड़ी जिम्मेदारियों से नवाजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पुनर्गठन में जिले के संघर्षशील साथी रजनीश नायडू को स्टेट कॉर्डिनेटर, हीरालाल पांचे को मजदूर विंग प्रदेश उपाध्यक्ष, अमर आर्मर को शिक्षा विंग प्रदेश उपाध्यक्ष , शरद जैन को प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्धिजीवी विंग और शिव जायसवाल को पुन: पार्टी को बालाघाट जिला अध्यक्ष बनाया गया।इसी तरह मस्तराम डहारे को बालाघाट ग्रामीण जिला अध्यक्ष एवं पार्टी जिलासचिव अनिल ब्रह्मे, जिला उपाध्यक्ष में सादिक कुरैशी ,सुरेश सिंह कारे, गोरेलाल राहंगडाले धूरान नगपुरे, मनोज टेंभरे, शैलेन्द्र श्रीवास्तव जिला पदाधिकारी बनाए गए है,।

### जिला स्तर पर इन्हें सौपी गई जिम्मेदारी

आम आदमी पार्टी के विभिन्न विंग के जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई है जिसमें शंकर कंसारे को किसान विंग जिला अध्यक्ष,रामचंद्र सिहोर को व्यापारी विंग जिला अध्यक्ष, दिनेश बघेले को मजदूर विंग जिला अध्यक्ष,इमरान खान को जिला अध्यक्ष ग्रामीण युवा विंग,, श्रीमती ऊषा नगपुरे को महिला विंग जिला अध्यक्ष, संतोष अहिगारे को एस सी विंग जिला अध्यक्ष, प्रीतम सिंह उइके को एस टी विंग जिला अध्यक्ष, आरिफ अली को अल्प संख्यक विंग जिला अध्यक्ष, दुर्गा प्रसाद कटरे को पिछड़ा वर्ग विंग जिला अध्यक्ष,डॉ भुनेश भारद्वाज को चिकित्सा विंग जिला अध्यक्ष, एडवोकेट निर्दोष बिसेन को लीगल विंग जिला अध्यक्ष, कमलेश रामटेके को शिक्षा विंग जिला अध्यक्ष, ओमप्रकाश जायसवाल को बुद्धिजीवी विंग जिला अध्यक्ष, महेंद्र गणवीर को सोशल मीडिया विंग जिला अध्यक्ष, मोहन राउत को आर टी आई विंग जिला अध्यक्ष, सरफराज मालिक को ऑटो विंग जिला अध्यक्ष, रक्षेन्द्र बिसेन को झुग्गी झोपड़ी विंग जिला अध्यक्ष, शांताराम पाटिल को कर्मचारी विंग जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। बालाघाट जिला आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर एवं सह प्रभारी विश्वेंदर सिंह सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है साथ ही जिले के बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता साथियो ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई प्रेषित कि है ।

## भारी गर्मी के बीच, मौसम में आया अचानक बदलाव, हुई बारिश

### बारिश के चलते, विघुत व्यवस्था प्रभावित, तो निचले क्षेत्र में जलमग्न हुई सड़के, रात से गुल हुई बिजली सुबह हुई बहाल, मौसम हुआ सुहाना



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मार्च माह में पड़ रही भारी गर्मी के बीच मंगलवार को मौसम में एक बार फिर से बदलाव देखने को मिला,जहां दोपहर के बाद नीले आसमान को काले बादलों ने घेरना शुरू कर दिया,जिससे बढा हुआ तापमान अचानक से धराशाई हो गया।उधर सुहाने मौसम के बीच हल्की ठंडी व आद्रता भरी हवाई चलने लगी और रात्रि करीब 12 के बाद बिजली की चमक व बादलों की गड़गड़ाहट के बीच बारिश शुरू हो गई। जहां इस बारिश के चलते बालाघाट नगर सहित संपूर्ण जिले की विद्युत व्यवस्था प्रभावित रही, तो नगर के कई निचले इलाके जलमग्न हो गए, कई स्थानों पर तो रात से गुल हुई बिजली सुबह बहाल हुई, देर रात हुई इस बारिश से धान, गेंहू चना की फसल को तो नुकसान नही हुआ है, लेकिन यह बारिश हरी सब्जी की फसल के लिए नुकसानदेह साबित हुई है।उधर मौसम विभाग ने 21 मार्च तक मौसम के कुछ इसी तरह बने रहने,और आंधी-तूफान के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना जताई गई है।

### बारिश से आम जनजीवन हुआ प्रभावित

मार्च की गर्मी के बीच विगत दो दिनों से मौसम में परिवर्तन के चलते अर्द्धरात्रि में आकाशीय गर्जना के साथ तेज बारिश हो रही है। जिससे मार्च में पड़ रही गर्मी से लोगों को हल्की राहत मिली है।मंगलवार की देररात तकरीबन 1 घंटे तक हुई तेज बारिश का असर ना केवल आम जनजीवन पर पड़ा बल्कि इससे बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। जिसके कारण लोगों को पूरी रात बिजली नहीं मिली।मंगलवार की देररात्रि आकाशीय गर्जना के साथ हुई तेज बारिश के कारण, नगर के निचले क्षेत्र वार्ड क्रमांक 10 में पानी की उचित निकासी का प्रबंध नहीं होने से जलभराव जैसी स्थिति भी देखने को मिली। यहां सड़क पर पानी जमा हो गया।जो करीब 2 घण्टे बाद छटा। शहर अभियंता कार्यालय के अधिकारी मार्को ने बताया कि शहर के अलग-अलग स्थानो में एलटी और डीओ फेस में समस्या के कारण, यह स्थिति पैदा हुई है। जिसमें सुधार कार्य चल रहा है। दूसरी ओर भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार बालाघाट में 24 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### 21 मार्च तक मौसम बदलाव की चेतावनी

उधर मौसम विभाग ने मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है।जिसके अनुसार आगामी 21 मार्च तक मौसम में बदलाव की चेतावनी जारी की गई है। जहा 3 दिनों तक मौसम के कुछ इसी तरह बने रहने और आंधी-तूफान के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना जताई गई है। जिला कृषि मौसम इकाई कृषि विज्ञान केन्द्र बालाघाट बडगांव के वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र अगासे ने बताया कि इन दिनों अधिकतम तापमान 33 से 34 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 18 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने किसानों और आम नागरिकों को मौसम में संभावित बदलाव को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है। हालांकि मौसम बदलने से हुई तेज बारिश के कारण खेतो में लगी गेंहू और चने की फसल को फायदा हो रहा है, जबकि सब्जी वाली फसलों को नुकसान की बात कही जा रही है।

## हजरत हक्कू शाह बाबा दरगाह में कराया गया सामुहिक रोजा इफ्तार

### रोजा इफ्तार कार्यक्रम में कौमी एकता की दिखी मिसाल

### बड़ी संख्या में रोजेदारों ने की इफ्तारी, नमाज अदा कर मांगी अमन-चैन की दुवाएं



**झ** रमजान के पवित्र महीने में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 28 वे रोजे को नगर के मेन रोड़ स्थित शहंशाह ए बालाघाट कुतुब ए शहर हज़रत सैयद अब्दुल हकीम हक्कू शाह बाबा चिश्ती रहमतुल्लाह अलेह की दरगाह में सामुहिक रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कौमी एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बुधवार 28 वें रोज़े को संपन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में रोजेदारों और स्थानीय लोगों ने पहुंचकर इफ्तारी में भाग लिया। रमजान के इस पवित्र अवसर पर सबसे पहले रोजेदारों को इफ्तारी कराई गई, जिसके बाद सामूहिक रूप से नमाज अदा की गई और शहर की सुख-समृद्धि, खुशहाली तथा सभी की सलामती के लिए दुआएं मांगी गईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी देखने को मिली। आयोजको ने बताया कि वे प्रतिवर्ष रमजान के महीने में दरगाह में रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित करते हैं और इसी परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी रोजेदार भाइयों के लिए इफ्तारी की व्यवस्था की गई। उनका कहना है कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द को मजबूत करने का कार्य करते हैं। जिसमें न सिर्फ मुस्लिम बल्कि अन्य समाज के लोग भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और सहयोग भी करते हैं।

**आवश्यकता है**

ऑफिस एकाउंट/ऑडिट कार्य हेतु 10वीं, 12वीं, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण यवुक/युवती की आवश्यकता है

मिलने का समय शाम 5 बजे से शाम 8.00 बजे तक

-संपर्क-
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (मप्र)
मो. 9244872544/9201340520

## सार्वजनिक सूचना (नाम सुधार)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दुरगन बरले पति नकुल बरले, ग्राम बिठली, तहसील लालबर्रा, जिला-बालाघाट म.प्र. की निवासी हूं, मेरे पुत्र का सही और वास्तविक नाम यादित बरले है, किंतु उसके आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम आदित्य बरले अंकित हो गया है। दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति के है और भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम यादित बरले के नाम से ही जाना और पहचाना जाये।

अत: आम जनता सूचना दर्ज करे।

**आवेदिका**
**दुरगन बरले**
**निवासी - ग्राम बिठली, तहसील लालबर्रा**
**जिला बालाघाट मध्यप्रदेश**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै लव कुमार गहे पिता भोजलाल गहे निवासी ग्राम नवेगांव पोष्ट खरखड़ी जिला बालाघाट (म.प्र.)।

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम लव कुमार गहे दर्ज है जबकि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेंरा नाम लवकुमार दर्ज है।

उक्त दोनो ही नाम लव कुमार गहे एवं लवकुमार एक ही व्यक्ति के है यानी मेरे स्वयं के है। अत: भविष्य में मैं सभी सरकारी एवं गैर सरकारी दस्तावेजों में लवकुमार गहें का उपयोग करूंगा।

यदि भविष्य में नाम से संबंधित कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसके लिए मैं स्वयं जिंम्मेदार रहुंगा।

**शपथकर्ता**
**लवकुमार गहे**
**ग्रांम-नवेगांव पोष्ट-खरखड़ी**
**जिला-बालाघाट(म.प्र.)**

## न्यायालय अपर कलेक्टर जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश

**प्रकरण कमांक / 0215/बी-121/2025-26**
**मौजा भरवेली तहसील बालाघाट**
**जिला बालाघाट ( म.प्र. )**

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारंण को सूचित किया जाता है आवेदक सतीष वैद्य पिता हंसराज वैद्य, एंव सुजाता वैद्य पति सतीष वैद्य दोनों जाति महार निवासीगण ग्राम माईन हास्पिटल रोड, वार्ड न0 07 ग्राम पोस्ट भरवेली थाना भरवेली तहसील बालाघाट जिला बालाघाट द्वारा अनावेदक सूर्यप्रकाश पटले पिता स्व0 दयाराम, स्मिता पटले पति श्री सूर्यप्रकाश पटले दोनों जाति महार निवासीगण वार्ड न0 07 ग्राम व पोस्ट भरवेली थाना भरवेली तहसील व जिला बालाघाट की तृतीय पुत्री अहाना जन्म तिथि 18.12.2022 आयु 03 वर्ष 02 माह 23 दिन को गोद लिये जाने हेतु हिन्दु दत्तक तथा भरण-पोषण अधिनियम, 1956 (1956 का अधिनियम संख्यांक 78) 1 के अध्याय 2 में दिये गये उपबंधो के तहत गोदनामा विलेख पंजीयन अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त के संबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार को आपत्ति होने पर स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में सुनवाई 30/01/2026 तक आपत्ति प्रस्तुत करते है बाद समयावधि में कोई विचार नही किया जावेगा।

**अपर कलेक्टर**
**जिला बालाघाट (म.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत चांगोटोला

**जनपद पंचायत बालाघाट( म.प्र. )**

क्रमांक/114/2026 दिनांक 16/03/2026

### बाजार नीलामी सूचना

सर्व साधारण को को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चांगोटोला के अन्तर्गत ग्राम मऊ में साप्ताहिक बाजार रविवार को लगने वाले मवेशी बाजार बैठकी बाजार का ठेका नीलामी वर्ष 2026-2027 के लिए 1 अप्रैल 26 से 31 मार्च 2027 अर्थात 1 वर्ष के लिये दिनांक 21-03-26 दिन शनिवार 12 बजे से ग्राम पंचायत भवन चांगोटोला में नीलामी की जायेगी। ईच्छुक (बोलीदार) ठेकेदार नियमानुसार बोली में भाग ले सकता है।

1. इच्छुक ठेकेदार (बोलीदार) शासकीय राशी की 10 प्रतिशत राशी जमा कर बोली में भाग ले सकता है।
2. जिस ठेकेदार की बोली स्वीकार की जायेगी उसे स्वीकार बोली की 25प्रतिशत राशी 10प्रतिशत को छोड़कर तुरन्त जमा करना होगा।
3. ईच्छुक बोलीदार नीलामी की शर्ते एवं अन्य जानकारीयां ग्राम पंचायत भवन के सूचना पटल पर देख सकते हैं एवं कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

**नोट**:- नीलामी ग्राम पंचायत भवन चागोटोला के सामुदायिक भवन मे 12 बजे से होगी।

**श्री प्रमोद ठाकरे** सरपंच — **श्री जैराम उईके** उपसरपंच — **श्री दीपचन्द हनवते** सचिव

**हेमेन्द्र साकेत- सहसचिव**

**एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत चांगोटोला बालाघाट**

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

—निर्माता—
**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का 19 मार्च को कटंगी आगमन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का 19 मार्च को बालाघाट जिले के कटंगी में आगमन हो रहा है । मंत्री श्री पटेल 19 मार्च को प्रात: 9ः45 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेंगे और प्रात: 11ः00 बजे लखनादौन विकासखंड के ग्राम सिकारा में अटल सुशासन भवन (जनपद पंचायत भवन) निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री श्री पटेल दोपहर 12 बजे ग्राम सिकारा से कटंगी के लिए प्रस्थान करेंगे और दोपहर 2ः00 बजे कटंगी पहुंचेंगे तथा अटल सुशासन भवन (जनपद पंचायत भवन) निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री श्री पटेल दोपहर 2ः50 बजे जनपद पंचायत कटंगी के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे और अपराह्न 3ः00 बजे ग्राम सिंगोड़ी में काली माता प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री श्री पटेल अपराह्न 4ः00 बजे सिंगोड़ी से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आई.पी.एफ महिला मंडल का आयोजन, विशिष्ट महिलाओं का सम्मान

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर आई.पी.एफ महिला मंडल एवं आकाश संगठन बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय महारानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं गणमान्य नागरिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं समाजसेवी एवं कवित्री रमा टेकाम ने अपने संबोधन में कहा कि महिला दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान, शक्ति और साहस का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि जिले में इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें समाज, शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को सम्मानित करना गौरव का विषय रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री एवं पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य मौसम बिसेन हरिनखेडे उपस्थित रहीं। उन्होंने महारानी दुर्गावती भवन के निर्माण में पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरी शंकर बिसेन और पूर्व सांसद अनुसुईया उइके के योगदान का उल्लेख करते हुए आदिवासी समाज की एकजुटता की सराहना की। क्षेत्रीय विधायक अनुभा मुंजारे ने भवन विकास के लिए विधायक निधि से 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर ने भी मातृशक्ति को नमन करते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुति दी और वीरांगना दुर्गावती चौक के सौंदर्यीकरण हेतु नगर पालिका मद से सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रशासनिक, सामाजिक, खेल, मिलेट्स और संगीत क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जी.एस. धुर्वे (अपर कलेक्टर), पुष्पा तिलगाम, किरण वरकड़े, अशोक मरावी, सूजल परते, राधन उइके, शुभांगी तांडे, ललिता धारने, गीता उइके, संजय धुर्वे एवं श्रेया घरते सहित अन्य को सम्मानित किया गया। विशेष अतिथि के रूप में माया धुर्वे, संदेश सैय्याम, डॉ. सरोज घोड़ेश्वर, अमिता गुप्ता एवं बरखा नाग गंगवानी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. घोरमारे एवं सरिता मड़ावी ने किया। इस अवसर पर ट्रायबल स्टडी सर्कल के संयोजक डॉ. घनश्याम परते, आई.पी.एफ संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी चन्द्र किशोर काकोडि़या, मनोज कोड़ापे तथा बालाघाट एकेडमी के संचालक संजय धुर्वे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आई.पी.एफ महिला मंडल की सदस्यों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, वहीं गोंडवाना सुर सम्राट अशोक मड़ावी ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया।

# बालाघाट के भटेरा में खूनी बवाल मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप

## आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर तलवारों से किये हमला, पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल





सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम भटेरा में एक मामूली विवाद ने अचानक खतरनाक रूप ले लिया। जब आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर पिता-पुत्र पर तलवार लोहे की रॉड और डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस सनसनीखेज वारदात में बचाव करने आई सास-बहू को भी बख्शा नही गया। इस वारदात में गंभीर रूप से घायल कीर्ति पिता येशु लाल मोहारे 45 वर्ष, और उसके बेटे देवेंद्र पिता कीर्ति मोहारे26 वर्ष को मेडिकल कॉलेज नागपुर रेफर कर दिया गया है। वही अन्य घायल युवक सुशील पिता तेजलाल मोहारे 23 वर्ष को जिला अस्पताल भर्ती किया गया है। इस वारदात में कीर्ति मोहारे की पत्नी धुरपति मोहारे 45 वर्ष और बहू शीतल मोहारे 23 वर्ष को मामूली चोटे आई है।**

### ग्राम परसवाड़ा ( हट्टा ) की शादी में हुआ था मामूली विवाद

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भटेरा निवासी कीर्ति मोहारे का भागचंद मोहारे और उसके परिवार के बीच पूर्व से विवाद चल रहा था। 9 मार्च को ग्राम परसवाड़ा( हट्टा) कीर्ति मोहारे अपनी पत्नी धुरपति मोहारे के साथ अपनी बहन के घर शादी में गया था ।इस शादी में भागचंद मोहारे भी अपने परिवार के साथ आया था। रात्रि में जब मोहारे खाना खा रहा था तभी भागचंद मोहारे ने उसे अश्लील गालियां दे दी थी। इसी को लेकर के कीर्ति मोहारे ने उसे एक थप्पड़ जड़ दिए थे। जिसके बाद में दोनों के बीच अच्छा खासा विवाद हो गया था। इसी विवाद ने तूल पकड़ लिया था।

### परसवाड़ा में हुए विवाद को लेकर प्रीतिभोज में हुई मारपीट

घटना 17 मार्च की रात ग्राम भटेरा राधेश्याम नगपुरे के बेटे की शादी के अवसर पर प्रीति भोज का कार्यक्रम था इस कार्यक्रम में कीर्ति मोहारे, भागचंद मोहारे और उसके परिवार के लोग भी पहुंचे थे ।करीब 10 बजे की है। जब कीर्ति मोहारे दामोदर जंघेले और दीपचंद नगपुरे के साथ खाना खाए थे तभी तेजराम मोहारे का लड़का सुशील मोहारे आया और कीर्ति मोहारे से बोलने लगा कि परसवाड़ा में मेरे चाचा चाची मारपीट विवाद किये थे। तभी परसवाड़ा में हुए विवाद को लेकर सुशील मोहारे ने अपने एक साथी के साथ कीर्ति मोहारे को अश्लील गालियां देते हुए मारपीट की थी। दामोदर जंघेले और दीपचंद नगपुरे ने बीच बचाव कर कीर्ति मोहारे को उसके घर पहुंचा दिए थे।

### प्रीतिभोज में हुये विवाद के बाद- घर में घुसकर किया हमला

प्रीति भोज में विवाद के बाद मामला शांत हो चुका था ।लेकिन भागचंद मोहारे इस घटना से आक्रोश में था और वह पूर्व रंजिश भुनाने की फिराक में था। कुछ ही देर में भागचंद मोहारे अपने भाई तेजराम मोहारे, बेटे त्रिलोक और अन्य परिजनों के साथ कीर्ति मोहारे के घर पहुंच गया। आरोप है कि सभी ने मिलकर घर में घुसकर कीर्ति मोहारे और उनके बेटे देवेंद्र मोहारे पर तलवार लोहे की रॉड और डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सिर में चोट लगने से दोनों पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो चुके थे।

### बचाव करने आई सास बहू भी घायल

जब यह लोग कीर्ति मोहारे और उसके बेटे देवेंद्र मोहारे को मारपीट कर रहे थे तभी कीर्ति की पत्नी धुरपति मोहारे और बहू शीतल मोहारे बीच-बचाव के लिए आगे आईं। तो हमलावरों ने उनके साथ भी बेरहमी से मारपीट कर उन्हें भी घायल कर दिए। चिल्लाने की आवाज सुनकर मोहल्ले पड़ोस के लोग दौड़े तभी भागचंद मोहारे अपने परिवार के साथ फरार हो गये।

### गंभीर हालत में नागपुर रेफर

हमले में कीर्ति और उनका बेटा देवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल बालाघाट लाया गया। जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज नागपुर रेफर कर दिया गया।

### पुलिस कार्रवाई शुरू- आरोपी राउंडअप

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने भागचंद मोहारे, तेजराम मोहारे, अरुण, सुशील, त्रिलोकभटेरा निवासी सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, जबकि बाकी की तलाश जारी है।

### गांव में दहशत, पुलिस की नजर

इस घटना के बाद पूरे ग्राम भटेरा में दहशत का माहौल है। पुलिस लगातार इलाके में नजर बनाए हुए है और फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। सभी के शीघ्र गिरफ्तार किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

# शक्ति की भक्ति का महापर्व, चैत्र नवरात्र आज से

## माता रानी के 9 रूपो की होगी विशेष आराधना, मंदिरों में रोजाना होने विभिन्न अनुष्ठान,शैलपुत्री की पूजा आज

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** हिंदू धर्मावलंबियों के प्रमुख पर्वो में से एक चैत्र नवरात्र का पर्व आज 19 मार्च से 27 मार्च तक मनाया जाएगा। जहां इस पर्व विशेष पर जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में हिंदू धर्मावलंबियों द्वारा 9 दिनों तक माता रानी के 9 रूपो की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। शक्ति की भक्ति के इस महापर्व चैत्र नवरात्र में जहां विभिन्न माता मंदिरो में अखंड ज्योति कलश, ज्वारे स्थापना, महाआरती, हवन-पूजन सहित भंडारे आदि के विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के सम्पन्न कराए जाएंगे। ,तो वही इस विशेष पर्व पर घर-घर ज्योति कलश, ज्वारे स्थापित कर माता रानी की विशेष आराधना की जाएगी।आज गुरुवार से शुरू हो रहे इस चैत्र नवरात्रि पर्व पर माता के भक्तों द्वारा 9 दिनों तक उपवास कर माता रानी के 9 विभिन्न रूपों की पूजा अर्चना कर विभिन्न अनुष्ठान किए जाएंगे।



### चैत्र माह में पर्व आने के चलते चैत्र नवरात्रि पड़ा नाम

आपको बताए कि नवरात्रि के पर्व का सनातन धर्म में विशेष महत्व है।इस दौरान पूरे नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में मां दुर्गा को शक्ति का प्रतीक माना गया है। मान्यता है कि नवरात्रि में विधि पूवर्क पूजा करने से मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है और कष्ट, रोग, शत्रु से मुक्ति मिलती है। चैत्र माह में नवरात्रि पड़ने के चलते इसे चैत्र नवरात्रि कहा जाता है।जिसकी शुरुआत आज 19 मार्च से हो चुकी है जहां आज माता के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा की जाएगी।

### माता के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा आज

नवरात्रि के प्रथम दिन आज माता के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा की जाएगी। मां शैलपुत्री को सौभाग्य और शांति की देवी माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा करने से हर तरह के सुख और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस तरह 9 दिनों तक इसमें शक्ति की देवी माता दुर्गा के नौ शक्ति स्वरूपों की पूजा अलग-अलग दिन की जाएगी।

### मंदिरों में की गई विशेष सजावट

आराधना के इस महापर्व को देखते हुए नगर के विभिन्न माता मंदिरों में विशेष साफ-सफाई कर मंदिरों को आकर्षक रंग बिरंगी लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया गया है। वहीं मंदिरों में ज्वारे व ज्योति कलश स्थापना के लिए विशेष व्यवस्था बनाई गई है। इसके अलावा हवन-पूजन, यज्ञ , महा प्रसाद वितरण, भंडारा सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियां मंदिर समिति द्वारा पूर्ण कर ली गई है। जहां आज से पूरे 9 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।

### 9 दिनों तक इन 9 अलग अलग रूपो की होगी आराधना

चैत्र नवरात्र का पहला दिन 19 मार्च को मां शैलपुत्री पूजा, चैत्र नवरात्र का दूसरा दिन 20 मार्च , मां ब्रह्मचारिणी पूजा, चैत्र नवरात्र का तीसरा दिन 21 मार्च को मां चंद्रघंटा की पूजा, चैत्र नवरात्र का चौथा दिन 22 मार्च को, मां कुष्माण्डा पूजा, चैत्र नवरात्र का पांचवा दिन 23 मॉर्च को, मां स्कन्दमाता पूजा, चैत्र नवरात्र का छठा दिन 24 मार्च को मां कात्यायनी पूजा चैत्र नवरात्र का सातवां दिन 25 मार्च मां कालरात्रि पूजा, चैत्र नवरात्र का आठवां दिन 26मार्च मां महागौरी पूजा, चैत्र नवरात्र का नौवां दिन 27 मार्च मां सिद्धिदात्री पूजा और रामनवमी, चैत्र नवरात्र का दसवां दिन 28 मॉर्च को विसर्जन के साथ होगा।

### रोजाना होंगे विभिन्न कार्यक्रम

चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर नगर के समस्त माता मंदिर ट्रस्ट द्वारा 9 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे जिसमें अखंड ज्योति कलश स्थापना, दीपो से महाआरती, प्रसाद वितरण, नवमी पर, हवन पूजन यज्ञ व कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा वही 28 मार्च को शोभायात्रा कर, कलश ज्योति विसर्जन व महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### रोजाना विभिन्न कार्यक्रमों के किए गए जाएंगे आयोजन

माँ काली पाठ मंदिर पुजारी छोटू पंडा ने बताया कि माँ काली पाठ मंदिर में 9 दिनों तक रोजाना जस पार्टी, भजन कीर्तन, प्रसाद वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किए जाएंगे यहां 609 तेल के, तो वही 195 घी के कलश प्रज्वलित किए जाएंगे ।इसी तरह जय स्तंभ चौक पर स्थित माता त्रिपुर सुदरी मंदिर के पुजारी उमेशचंद पांडे बताया कि चैत्र नवरात्र के अवसर पर रोजाना विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए हैं जहां त्रिपुर सुंदरी मंदिर में मन्नतों के 300 कलश रखे जाएंगे ।जिनमे 250 तेल के तो वही 50 घी के कलश होंगे, वही हवन पूजन यज्ञ प्रसाद वितरण सहित अन्य कार्यक्रम होंगे।

# ओबीसी, एससी, एसटी अधिकार एवं सम्मान सम्मेलन कल

## कायदी से निकलेगी वाहन रैली, रानी अवंती बाई और डॉ आंबेडकर को किया जाएगा नमन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** ओबीसी, एससी, एसटी के सम्मान , हक और अधिकार के लिए आवाज उठाने ओबीसी एससी, एसटी अधिकार एवं सम्मान सम्मेलन का आयोजन 20 मार्च को किया गया है।ओबीसी महासभा बालाघाट के द्वारा स्थानीय कमला नेहरु परिसर में आयोजित इस सम्मान समारोह में संगठन से जुड़े प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी शामिल होंगे ।उक्त कार्यक्रम को लेकर बुधवार 18 मार्च को ओबीसी महासभा द्वारा नगर के सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया ।जिसमें उपस्थित पदाधिकारियो ने कार्यक्रम को लेकर अपने विचार व्यक्त किए, तो वही कार्यक्रम की रूपरेखा बताई, जिसमें उन्होंने ओबीसी वर्ग के हक अधिकारों के साथ साथ एसटी एससी वर्ग के अधिकारो को लेकर भी आवाज उठाई जाने बात कही है। इस दौरान उन्होंने एसटी एससी व ओबीसी वर्ग के समस्त संगठन पदाधिकारियो, सदस्यों,व सामाजिक युवाओं से अधिक अधिक संख्या में उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।



### इन मुद्दों पर किया जाएगा विचार-विमर्श

अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई के बलिदान दिवस पर आयोजित ओबीसी, एससी, एसटी अधिकार एवं सम्मेलन में शामिल होने के लिए मुख्य वक्ता के रुप में प्रोफेसर लक्ष्मण यादव, महेन्द्र सिंह लोधी,धमेन्द्र कुशवाहा बालाघाट पहुंच रहे है। बता दें कि इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतु पटवारी और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा में शामिल होने वाले थे लेकिन किसी कारण के चलते उनके आगमन का कार्यक्रम निरस्त हो गया है। सर्किट हाउस में आयोजित वार्ता के दौरान पदाधिकारियों ने बताया कि इस सम्मेलन में सामाजिक न्याय,जातिगज जनगणना, ओबीसी आरक्षण और हिस्सेदारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर समाज को जागरुक और संगठित करने का प्रयास किया जाएगा साथ ही अपनी मांगों को पूर्ण करवाने के लिए आगामी क्या कार्ययोजना बनानी है, और आंदोलन करना है इस पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। पदाधिकारियों ने बताया कि इस सम्मेलन में बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे, बैहर विधायक संजय उइके,वारासिवनी विधायक विक्की पटेल, परसवाड़ा विधायक मधु भगत, सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

### कायदी ने निकाली जाएगी 150 वाहनो की रैली- सौरभ

आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए ओबीसी महासभा प्रदेशध्यक्ष सौरभ लोधी, और मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद अध्यक्ष दिनेश धुर्वे ने संयुक्त रूप से बताया कि बड़ी संख्या में ओबीसी, एससी, एसटी समाज के लोग व पदाधिकारी कायदी में एकत्रत होंगे, यहां से करीब 150 वाहनों के साथ, वाहन रैली निकाली जाएगी जो कि विभिन्न् मार्गो से होते हुए बस स्टैंड स्थित वीरांगना रानी अवंती बाई प्रतिमा स्थल पहुंचेंगी और रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करेंगी। जिसके बाद रैली आंबेडकर चौक पहुंचेंगी और यहां पर भी बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया जाएगा फिर रैली हनुमान चौक सहित अन्य मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी, यहां पर मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# हिंदू नववर्ष पर आज निकाली जाएगी मोटर साइकिल रैली

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** 19 अप्रैल हिंदू नववर्ष का स्वागत करने और 26 मार्च को भगवान श्रीराम का जन्म महोत्सव उत्साह व हर्षोल्लास के साथ धार्मिक वातावरण में मनाने के उद्देश्य से जिले में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है, यहां पूरे बालाघाट नगर को सजाने का काम किया जा रहा है, वहीं इस आयोजन को भव्य बनाने व पूरे जिलेवासियों को इसमें शामिल करने के उद्देश्य से श्रीराम मंदिर ट्रस्ट व विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में बैठकें आयोजित की गई है, जिससे की सभी वर्ग, सभी समाज, राजनीति, व्यापारी वर्ग अधिक से अधिक जुड़ सकेगा। 19 मार्च हिंदू नववर्ष से भगवान श्रीराम के जन्म महोत्सव की शुरुआत होगी। इस दिन विशाल मोटर साइकिल रैली निकाली जाएगी जो स्थानीय उत्कृष्ट मैदान से शुरु होगी और नगर के भ्रमण के बाद शुभारंभ स्थल पर ही समाप्त होगी। जिसके बाद 21 से 22 मार्च तक जिला मुख्यालय के चौक-चौराहों पर प्रतिमाएं विराजित की जाएगी। वहीं 23 मार्च को शाम 6 बजे से आंबेडकर चौक पर संगीतमय 21 हनुमान चालीसा का पाठ स्वधारा म्युजिकल ग्रुप के द्वारा किया जाएगा ।साथ ही 24 मार्च को शाम सात बजे से संगीतमय सुंदरकांड का पाठ गणेश मिश्रा राजनांद गांव तालछापर वाले के द्वारा किया जाएगा और 25 मार्च को शाम सात बजे से आंबेडकर चौक पर ही महाआरती की जाएगी यहां प्रस्तुति गणेश उत्सव समिति अयोध्या नगर सिवनी के द्वारा दी जाएगी। 26 मार्च को अंतिम दिन दिव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि पुराना श्रीरामंदिर परिसर से प्रारंभ होगी। इस शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र भगवान श्रीराम माता सीता, भगवान लक्ष्मण की जीवंत झांकी के अलावा बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से डमरु वाले और छत्तीसगढ़ राजनांद गांव की झांकिया होगी। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।



# चौपहिया वाहन की टक्कर से उजड़ा हंसता-खेलता परिवार, पिता, पुत्र की दर्दनाक मौत, माँ गंभीर








## आज किया जायेगा पोस्टमार्टम, ग्रामीण एवं परिजनों ने चालक पर हत्या का मामला दर्ज कर कठोर कार्यवाही की मांग की, जांच में जुटी पुलिस

रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।

**लालबर्रा थाना अंतर्गत ग्राम बोरी में बुधवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। बालाघाट से उपचार करवाकर अपने घर लौट रहे एक ही परिवार के चार सदस्यों को तेज रफ्तार कार ( चौपहिया ) वाहन चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हृदयविदारक दुर्घटना में पिता और 5 वर्षीय मासूम पुत्र की मौत हो गई है। जबकि पत्नि की हालत नाजुक बनी हुई है और 3 वर्षीय बेटी भी घायल हो चुकी है जिसका लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार जारी है। वहीं मृतक की पत्नि 32 वर्षीय श्रीमती मोतिका मेश्राम का लालबर्रा में प्राथमिक उपचार का गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय रिफर किया गया था जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रिफर कर दिया गया है। चौपहिया वाहन से हुई इस हृद्यविदारक दुर्घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो का बुरा हाल हो चुका है और पुलिस प्रशासन से चौपहिया वाहन चालक पर हत्या का मामला दर्ज कर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं मृत बाप-बेटों का पोस्टमार्टम गुरूवार को सुबह किया जायेगा, पुलिस ने चालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबध्द कर लिया है।**

### मौके पर थमीं सांसे, मची चीख पुकार

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बोरी के बोरीटोला निवासी 35 वर्षीय दुर्गेश मेश्राम अपनी पत्नि और दो ब%चों के साथ बुधवार को मोटरसाइकिल से बालाघाट इलाज करवाने गये थे और इलाज करवाने के बाद दोपहर में परिवार सहित वापस अपने गांव लौट रहे थे। तभी दोपहर करीब 2 बजे जब वे बोरीटोला मार्ग पर ग्राम पंचायत कार्यालय के कुछ दुर पहुंचे थे तभी सामने से आ रहे चौपहिया वाहन चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। यानि की बाईक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के परख%चे उड़ गए और चीख पुकार मच गई। साथ ही चौपहिया वाहन भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। वहीं बाईक में सवार दुर्गेश मेश्राम और उनके 5 वर्षीय पुत्र हार्दिक मेश्राम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया एवं दुर्गेश की पत्नि मोतिका मेश्राम को गंभीर चोटे आई है एवं उनकी 3 वर्षीय बेटी काव्या मेश्राम घायल हो गई। जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। वहीं बोरीटोला मार्ग पर सड़क हादसा घटित होने की सनसनी खबर लगते ही ग्रामीणजनों की भीड़ लग गई। जिसके बाद सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां चिकित्सक ने पिता-पुत्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल महिला को तत्काल जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला चिकित्सालय से उसे हायर सेंटर रिफर कर दिया गया है। जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। साथ ही मेश्राम परिवार की 3 वर्षीय मासूम पुत्री काव्या मेश्राम को भी चोटें आई हैं, जिसका लालबर्रा अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं दुर्गेश मेश्राम भी अपने माँ-बाप का इकलौता बेटा था और उनका बेटा हार्दिक मेश्राम भी मॉ-बाप का इकलौता बेटा था। इस सड़क दुर्घटना से उनके परिवार का वंशज ही समाप्त हो चुका है और परिवारों पर दु:खों का पहाड़ टुट पड़ा है। इस दुर्घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक दुर्गेश मेश्राम मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था, जिसके पिताजी भी विकलांग है, दुर्गेश परिवार का मुखिया था, जिसकी मृत्यु हो जाने से बुढ़े माँ-बाप एवं परिवार के अन्य सदस्यों को जीविकापार्जन करने में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा।

### परिजनों व ग्रामीणों का फुटा आक्रोश, हत्या का मामला दर्ज करने की मांग उठी

इस हद्यविदायक हादसे के बाद ग्राम बोरी व बोरीटोला ग्राम में मातम के साथ-साथ भारी आक्रोश व्याप्त है। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने कार चालक की लापरवाही पर कड़ा एतराज जताया है। वहीं परिजनों व ग्रामीणों का आरोप है कि यह महज एक दुर्घटना नहीं है बल्कि चालक की घोर लापरवाही का परिणाम है। पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपी चालक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाये। वहीं पुलिस ने चौपहिया वाहन चालक बोरीटोला निवासी विजय मड़ावी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबध्द कर अभिरक्षा में ले लिया है।

### शराब के नशे में धुत था चालक - दिलीप

दिलीपकुमार दूधबुरे ने बताया कि दुर्गेश मेश्राम अपने परिवार के साथ इलाज करवाकर अपने घर मोटरसाइकिल से वापस हो रहा था। तभी बोरीटोला के समीप कार चालक ने शराब के नशे में तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए बाईक को टक्कर मार दी। जिससे मौके पर पिता-पुत्र की मृत्यु हो गई और मृतक की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई है। कार में चार लोग थे और चारों शराब के नशे में मदमस्त थे, उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाये।

### यह दुःखद घटना है - प्रेमसुन्दर

सरपंच प्रतिनिधि प्रेमसुंदर बारमाटे ने बताया कि बोरीटोला के समीप कार चालक ने बाईक को टक्कर मार दी, जिससे पिता, पुत्र की मौत हो चुकी है एवं माँ गंभीर रूप से घायल हो गई है और 3 वर्ष की बच्ची भी घायल है जिसका उपचार जारी है। यह बहुत दु:खद घटना है और दुर्गेश के परिवार का वंश ही खत्म हो गया। श्री बारमाटे ने बताया कि कार चालक की लापरवाही से हादसा घटित हुआ है, पुलिस प्रशासन से मांग है कि चालक पर हत्या का मामला दर्ज कर कार्यवाही करें एवं मृतक के परिजनों को शासन की योजना का लाभ दिलवाया जायेगा।

### आरोपी चालक को अभिरक्षा में ले लिया गया है - अभिषेक

एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया कि बोरीटोला में दुर्घटना घटित हुई है और इस घटना में दो लोगों की मृत्यु हो चुकी है, महिला गंभीर रूप से घायल है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बीएनएस की धारा 105, 181, 125 ए और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत अपराध पंजीकृत कर लिया गया है और आरोपी चालक को अभिरक्षा में ले लिया गया है। साथ ही यह भी बताया कि मेडिकल परीक्षण से चालक शराब के नशे में होने की भी जानकारी मिली है, यह गंभीर दुर्घटना है, मामले की जांच कर कार्यवाही की जायेगी।


# मनरेगा का नाम बदलकर मजदूरों के हक पर कुठाराघात कर रही सरकार - भाऊराम

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की रीढ़ मानी जाने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को लेकर लालबर्रा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष भाऊराम गाड़ेश्वर ने सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया है। श्री गाड़ेश्वर ने विज्ञप्ति जारी कर अपने वक्तव्य में कहा कि सरकार योजना का नाम बदलकर (जीआरएएमजी) करने और रोजगार के दिनों को बढ़ाकर 125 दिन करने का जो झुनझुना थमा रही है, वह हकीकत से कोसों दूर है। जमीनी सच्चाई यह है कि आज के समय में मजदूरों को 100 दिन का काम मिलना भी दूभर हो गया है। श्री गाड़ेश्वर कहा कि 261 रूपये की मामूली मजदूरी के लिए मजदूरों को अपमानजनक और कठिन प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ रहा है, मजदूरों के लिए धूप में तपना कोई बड़ी बात नहीं है, मेहनत हमारी ताकत है और हम उससे पीछे नहीं हटते। लेकिन निंदनीय यह है कि सरकार ने चंद रूपयों के लिए ऐसे नियम बना दिये हैं - जैसे मजदूर कोई अपराधी हो। आगे कहा कि पहले केवाईसी की अनिवार्यता और फिर कार्यस्थल पर ऐप के माध्यम से फोटो खींचकर हाजिरी लगाने की प्रक्रिया ने अनपढ़ और गरीब मजदूरों की कमर तोड़ दी है। यदि सर्वर डाउन हो या फोटो न खिंच पाये तो दिनभर की मेहनत बेकार चली जाती है और हाजिरी शून्य मान ली जाती है। श्री गाड़ेश्वर ने कहा कि यह सब आमजन और गरीब मजदूरों को परेशान करने की एक सोची-समझी साजिश है। सरकार शायद यह नहीं चाहती कि एक मजदूर को उसकी मेहनत की कमाई आसानी से मिल सके। तकनीक के नाम पर मजदूरों को उलझाकर रखा जा रहा है। आज मजदूर इतना मजबूर और कमजोर महसूस कर रहा है कि सरकार उसे अपनी उंगलियों पर नचा रही है। नियम इतने सख्त और अव्यावहारिक हैं कि मजदूर अब काम मांगने से भी कतराने लगा है। यदि यही स्थिति बनी रही, तो ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन और तेज होगा। जब गांव में 100 दिन का रोजगार भी सम्मान और सरलता से नहीं मिलेगा, तो मजबूरन लोगों को अपना घर-बार छोड़कर बाहर जाना पड़ेगा। आगे कहा कि सरकार को कागजी आंकड़ों और नाम बदलने की राजनीति से बाहर निकलकर मजदूरों की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। मजदूरी में वृध्दि करने और जटिल तकनीकी बाधाओं को हटाकर रोजगार सुनिश्चित करना ही स%ची जनसेवा होगी। कांग्रेस पार्टी हमेशा से मजदूरों के हितों की लड़ाई लड़ती आई है और सरकार की इन मजदूर विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध किया जायेगा इसलिए प्रशासन और सरकार से मांग है कि रोजगार गारंटी योजना के नियमों को सरल बनाये ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को उसका हक मिल सके।



# मंदिरों और घरों में कलश प्रज्वलित कर बोये जायेगें जवारे, गुजेंगे माता के जयकारे

## चैत नवरात्र पर्व को लेकर माता-रानी के भक्तों में उत्साह, तैयारी हुई पुरी, होगें विविध धार्मिक कार्यक्रम





**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** आदिशक्ति माँ जगदम्बे की आराधना का नवदिवसीय चैत्र नवरात्र पर्व 19 मार्च से पूर्ण श्रदा और भक्तिभाव के साथ प्रारंभ हो रहा है। पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र के भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वही श्रध्दालु एवं मंदिर समितियों के द्वारा घरों से लेकर मंदिरों में माता का दरबार सजाने के साथ ही तैयारियां पूरी कर ली गई है। 19 मार्च को शुभ मुहुर्त पर हिन्दु श्रध्दालुओं के द्वारा मंदिरों एवं घरों में कलश व जवारे बोने के साथ ही नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र पर्व की शुरूआत हो जायेगी और चारों ओर माँ जगदम्बे की आरती व गीत सुनाई देगें। साथ ही चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर माँ जगत जननी के भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वहीं दुर्गा पूजा के लिए मूर्ति निर्माण और देवी मंदिर में साफ सफाई व घरों में कलश स्थापना के लिए श्रध्दालुओं द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चैत्र नवरात्र के महापर्व को लेकर नगर मुख्यालय स्थित माँ सतबहनी मंदिर, पनबिहरी स्थित माँ शीलता माता मंदिर, बकोड़ा के माँ कात्यायनी मंदिर, अमोली के शारदा मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मंदिरों एवं श्रध्दालुओं के द्वारा अपने अपने घरों में भी माता के दरबार को सजाने का कार्य पूर्ण कर लिया है और 19 मार्च को शुभ मुहुर्त पर कलश प्रज्वलित कर जवारे बोये जायेगें। साथ ही नौ दिवस तक विविध धार्मिक कार्यक्रम भी मंदिर एवं घरों में आयोजित किये जायेगें जिससे पूरे क्षेत्र में माता-रानी के जयकारे सुनाई देगें। चर्चा में माँ सतबहनी मंदिर समिति लालबर्रा सचिव पवन नामदेव ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र पर्व पर माँ सतबहनी मंदिर में 19 मार्च को मनोकामना कलश प्र%वलित करने के साथ ही नवरात्र पर्व धार्मिक आस्थाओं के साथ मनाया जायेगा एवं विविध धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेगे, जिसकी तैयारी पुरी कर ली गई है। क्षेत्रीय भक्तजनों से अपील है कि इस नौ दिवसीय पर्व के अवसर पर माता-रानी के दरबार में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करें।

# महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम का हुआ समापन

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में गत दिवस से जारी दो दिवसीय सोलहवें वार्षिक स्नेह सम्मेलन का बुधवार को रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ समापन हुआ। यह कार्यक्रम पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन के मुख्य आतिथ्य, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुमन बरवा की अध्यक्षता एवं जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल, भाजपा मंडल लालबर्रा अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया, जनपद सदस्य धनेन्द्र भलावी, हरिशंकर बनवारी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि बालकरण पंचेश्वर, भाजपा नगराध्यक्ष संजीव अवधिया, सरोवर टेंभरे, राजेन्द्र परिहार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्र%वलित एवं माल्यार्पण किया। दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न साहित्यिक, ललित कला एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिन (ललित कला व साहित्यिक) कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, मेहंदी, पोस्टर/ड्राइंग, पुष्प सज्जा एवं केश सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। द्वितीय दिन (सांस्कृतिक कार्यक्रम) के अंतर्गत एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गायन, युगल गायन तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। वहीं कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि वार्षिक स्नेह सम्मेलन जैसे मंच विद्यार्थियों को अपनी छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। साथ ही विद्यार्थियों से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने और कड़ी मेहनत कर उज्जवल भविष्य बनाने का आव्हान किया है। पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य मौसम बिसेन ने कहा कि प्रतिभाएं किसी परिस्थिति की मोहताज नहीं होती जरूरत होती है तो बस अपने अंतर मन को जागृत करते हुए एक आत्म इच्छा शक्ति की। यदि यह जागृत हो गई तो हर असंभव कार्य संभव होता है, हमारा भारत युवाओं का देश है, विश्व में सबसे अधिक युवा हमारे भारत में है और यह देश-समाज चाहता है कि हम देश के लिए अपने समाज के लिए कुछ बेहतर करें और इन सबके लिए जरूरी है कि हम अपने व्यक्तित्व का निर्माण करें। हमें अपनी योग अध्यात्म योग और पूजन क्रियाओं को अपनाना चाहिए। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि वही राष्ट्र और समाज उन्नतियों पर पहुंचता है जिनका व्यक्तित्व का निर्माण अ%छा होता है। प्राचार्य प्रो. सुमन बरवा ने विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अपने अंदर छुपी प्रतिभाओं को भी निखारना चाहिए उसे सामने लाना चाहिए। महाविद्यालय के एक छात्र ने एमए कंप्लीट करने के बाद नेट क्वालिफाइड किया है जो हमारे लिए गर्व की बात है। हम यही चाहेंगे कि हमारे महाविद्यालय का नाम हमेशा आगे बढ़ता रहे, विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्र में भी ख्याति प्राप्त करें और अपने परिवार , महाविद्यालय का नाम रोशन करें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।




# नवोदय विद्यालय में अनिकेत टेकाम का कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए हुआ चयन

**पद्मेश न्यूज।लालबर्रा।** नगर मुख्यालय स्थित गोल्डन वैली पब्लिक स्कूल लालबर्रा के कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत छात्र मानपुर निवासी अनिकेत टेकाम का नवोदय विद्यालय वारासिवनी में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। अनिकेत टेकाम का नवोदय विद्यालय वारासिवनी में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन होने पर शिक्षक एवं उनके माता-पिता में हर्ष की लहर व्याप्त है और सभी ने उन्हे शुभकामनाएं देने के साथ ही उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है। नवोदय विद्यालय वारासिवनी में अनिकेत टेकाम का चयन होने पर पिता पुनाराम टेकाम, मानपुर सरपंच बलराम गौतम, प्राचार्य श्रीमती शुक्ला मेडम सहित समस्त स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी है।






# एसएसपी महाविद्यालय की अव्यवस्थाओं पर एलएलबी के छात्र-छात्राओं ने उठाये सवाल

## समस्या सुन शासकीय एसएसपी महाविद्यालय पहुंचे विधायक पटेल





**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।**

शासकीय एसएसपी महाविद्यालय के दर्जनों एलएलबी के छात्र छात्राओं ने मंगलवार को अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर विधायक जनसंपर्क कार्यालय पहुंचकर विधायक विवेक पटेल को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि एलएलबी में प्रथम,द्वितीय और तृतीय सेमेस्टर में लगभग १५० से अधिक छात्र.छात्राएं अध्ययन कर रहे है। मगर क्लास रूम में ना ही सीसीटीवी कैमरे लगे है और ना वहां का पानी पीने योग्य है,और ना ही हमें पढ़ाई करने पुस्तकायल से पुस्तके मिल रही है। जिससे हमें पढ़ाई करने के साथ ही अन्य समस्याओं से परेशान होना पड़ रहा है। इन सभी मांगो को गम्भीरता से लेते हुए बुधवार को अचानक विधायक विवेक पटेल वारासिवनी शासकीय एसएपी महाविद्यालय पहुंचे और एलएलबी के छात्र छात्राओं के सामने प्राचार्य सरीता कोहलेकर से चर्चा कर एक माह के अंदर सभी मांगो को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### सालाना फीस तो बड़ी मगर सुविधाएं कुछ नही मिल रही -फरहान खान

एलएलबी के छात्र फरहान खान ने बताया कि छात्र.छात्राओं को जो सुविधा मिलनी चाहिए वह हमें नहीं मिल रही है। तृतीय सेमेस्टर में ६० छात्र.छात्राएं अध्ययन कर रहे है और पुस्तके मात्र २० ही उपलब्ध है। फीस तो हर वर्ष बढ़ रही है मगर पुस्तके पढ़ने नहीं मिल रही है। यहां का पानी पीने योग्य नहीं है सालाना १४ हजार फीस है प्राचार्य मैडम को कई बार ज्ञापन के माध्यम से सभी समस्याओं के बारे में बताया गया। मगर हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### बिल्डिंग तो बनी मगर पी रहे गंदा दूषित पानी-प्रगति पटले

प्रगति पटले ने बताया कि नई बिल्डिंग तो बन गई मगर मूड कोर्ट नहीं है पानी की सुविधा बिल्कुल भी नहीं है। क्लास में लगा बोर्ड जर्जर है बैठने फर्नीचर नहीं है जो बच्चे पढ़ाई करने आना चाहते है वो भी बिल्कुल आना नहीं चाहते टीचर भी समय पर नहीं आते। समस्या का कब निराकरण होगा कोई समय सीमा निर्धारित नहीं थी विधायक पहुंचे उन्होंने लगभग एक माह का समय प्राचार्य को दिया है कि जल्द व्यवस्था सुधारे।

### समस्या का निराकरण नही तो फिर करूंगा निरीक्षण-विवेक पटेल

विधायक विवेक पटेल ने कहा कि कुछ दिन पहले एलएलबी के छात्र छात्राएं महाविद्यालय की पांच समस्या लेकर पहुंचे थे। इन सभी मांगो पर प्राचार्य के साथ छात्र छात्राओं के समक्ष सार्थक चर्चा हुई है,मैंने प्राचार्य मैडम को स्पष्ट कहा है कि एक माह के अंदर सभी मांगो का निराकरण किया जाए। प्राचार्य मैडम ने छात्र छात्राओं को आश्वस्त किया है की जल्द समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।

# हत्या के आरोपी सुनील ठाकरे को उम्रकैद की सजा

## शादी में मामूली विवाद में आरोपी ने ली थी विशाल की जान




**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम रमरमा में शादी समारोह के दौरान हुए मामूली विवाद में एक व्यक्ति की जान लेने वाले आरोपी सुनील ठाकरे को न्यायालय ने कडी सजा सुनाई है। इसमें प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कमलेश मीणा की अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को आजीवन कारावास उम्रकैद की सजा से दंडित किया है। इसमें बताया जा रहा है कि आरोपी ने डीजे के मामूली विवाद पर मारपीट कर विशाल ठाकरे की हत्या कर दी थी।

### यह हैं मामला

थाना वारासिवनी के ग्राम रमरमा निवासी छतर गिरी के घर पुत्र का विवाह कार्यक्रम आयोजित था। जहां पर ९ मई २०२३ को रिसेप्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें शामिल होने के लिए विशाल पिता दिलीप ठाकरे, सुनील पिता रूपचंद ठाकरे उम्र ३१ वर्ष एवं अभिषेक राउत तीनो विवाह कार्यक्रम में गए हुए थे। इस विवाह समारोह के दौरान एक घटना हुई थी जहाँ डीजे पर गाना बजाने या नाचने जैसी मामूली बात को लेकर आरोपी सुनील ठाकरे एवं अभिषेक राउत के मध्य विवाद हो गया था। इस विवाद को लेकर ९ मई २०२३ की रात्रि करीब १०.३० बजे तीनों व्यक्ति रमरमा से कटंगी रोड़ पर धुर्वे राउत के मकान के पास विवाद कर रहे थे। जहां सुनील ठाकरे अभिषेक राउत को अश्लील गाली गलौज कर रहा था तभी विशाल पिता दिलीप ठाकरे के द्वारा मामले में बीच बचाव करते हुए सुनील ठाकरे को रोक.टोक की गई। अश्लील गाली देने से मना किया गया इसके बाद यह विवाद इतना बडा कि मारपीट की नौबत आ गई। जिसमें सुनील पिता रूपचंद ठाकरे के द्वारा बैल बांधने के खुट से विशाल पिता दिलीप ठाकरे से मारपीट प्रारंभ कर दी गई। जिसमें बैल बांधने के खुटे से बार.बार विशाल के सिर पर प्रहार कर गाली गलौज की गई। मौके पर विवाद की आवाज सुन धुर्वे राउत की पत्नी यशोदा राउत घर से बाहर आई और उसने देखा कि अभिषेक और सुनील का विवाद हो रहा है। तो वह अभिषेक राउत को बचाने अपने घर में लेकर आ गई इसके बाद घटना की जानकारी तत्काल डायल १०० और संजीवनी १०८ को दी गई। जिसके माध्यम से गंभीर घायल सुनील ठाकरे को अस्पताल में भर्ती कराया गया वहीं पुलिस के द्वारा जांच प्रारंभ कर दी गई थी।

### गंभीर चोट बनी मौत का कारण

मारपीट के दौरान पीड़ित के सिर पर गंभीर चोटें आई थीं। उसे संजीवनी १०८ और पुलिस की मदद से सिविल अस्पताल वारासिवनी ले जाया गया। जहां से बेहतर उपचार के लिए बालाघाट और फिर वहां से नागपुर रिफर कर दिया गया। लेकिन इलाज के दौरान ११ मई को उसकी मौत हो गई। वारासिवनी पुलिस ने थाना अंजनी जिला नागपुर की शून्य पर मर्ग में मर्ग क्रमांक ३९/२३ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा १७४ के तहत अपराध दर्ज किया। मर्ग जांच एवं पीएम रिपोर्ट के आधार पर आईपीसी की धारा ३०२,२९४ के तहत मामला दर्ज कर आरोपी सुनील पिता रूपचंद ठाकरे उम्र ३१ वर्ष वार्ड नंबर १२ ग्राम रमरमा को गिरफ्तार किया और साक्ष्य जुटाकर न्यायालय में पेश किये।

### न्यायालय ने इन धाराओं में सुनाया फैसला

प्रकरण में अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जिसमें मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से जिला सहायक अभियोजन अधिकारी संतोष लिल्हारे ने गवाहों और मेडिकल रिपोर्ट को आधार बनाकर दलीलें पेश कीं वहीं प्रकरण में १५ गवाह करवाए गए। जिसमें न्यायाधीश कमलेश मीणा ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद १८ मार्च को आरोपी सुनील ठाकरे को हत्या का दोषी पाया। उसे भादवि की धारा २९४ में दोष मुक्त कर भादवि की धारा ३०२ में आजीवन कारावास १००० रुपए के अर्थदंड एवं अर्थदंड जमा नहीं करने पर ४ माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इस सजा ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि क्षणिक आवेश या छोटे विवादों में कानून को हाथ में लेना भारी पड़ सकता है।

# सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल के दो छात्रों का हुआ जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल लालबर्रा रोड गर्रा बालाघाट में अध्ययनरत कक्षा पांवचीं के दो छात्र हार्दिक कटरे एवं ईशान गनवीर का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। इन दोनों छात्रों के चयन से समस्त शाला परिसर में हर्ष की लहर व्याप्त है। छात्रों के चयनीत होने पर शाला की प्राचार्या कु. पूर्णिमा देशमुख ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में प्रतिवर्ष छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय एवं अन्य चयन परीक्षाओं में होता आया है और इस वर्ष भी शाला से कक्षा पांचवीं के बहुत से विद्यार्थियों ने नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा दी थी जिनमें से हार्दिक कटरे एवं ईशान गनवीर का चयन हुआ है, ये शाला के शिक्षकों एवं छात्रों की मेहनत को दर्शाता है। इन बच्चों के चयन से शाला के अन्य छात्रों को भी आगे प्रेरणा मिलेगी और ज्यादा संख्या में शाला के छात्र-छात्राओं का चयन विभिन्न चयन परीक्षाओं में होता रहेगा। छात्रों के चयन पर संस्था प्रबंधकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं जिनमें श्रीमती रजनी करंडे, शुभम कुशराम, श्रीमती सारिका पाटकर, सुश्री संध्या साहू, श्रीमती रत्नप्रभा ठाकरे, लकेश भोयर, सुश्री संगीता गोस्वामी, कु. नेहा अंजुम, श्रीमती मनीषा चैहान, अतुल मंडलेकर, चंद्रप्रकाश पटले, श्रीमती अंजली तिवारी, श्रीमती आकृति माहुले सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाईयां प्रेषित की है।

# नवोदय प्रवेश परीक्षा में भिव्य पटले ने मारी बाजी



**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** नगर के होनहार छात्र भिव्य पटले ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा २०२६ में शानदार सफलता अर्जित की है। नगर के वार्ड नं.८ चंदोरी निवासी राजेंद्र उर्फ गुड्डु पटले एवं श्रीमती हीरावती पटले के पुत्र भिव्य पटले ने कक्षा ६ वीं में प्रवेश हेतु आयोजित इस जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में ९५ प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रवीणता सूची मेरिट लिस्ट में ५ वां स्थान प्राप्त किया है। जिससे परिजनों एवं चित परिचितों में हर्ष की लहर व्याप्त है। छात्र भिव्य पटले ने सरण्डी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में कक्षा ५ वीं तक पढ़ाई की है और छात्र ने अपनी इस सफलता का श्रेय कड़े परिश्रम और सही मार्गदर्शन को दिया है। साथ ही जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में कक्षा ६ वीं में प्रवेश हेतु चयन हुआ है जिससे परिजनों में हर्ष का माहौल निर्मित हो गया है। भिव्य पटले की इस उपलब्धि पर उनके पिता राजेंद्र उर्फ गुड्डु पटले ,माता श्रीमती हीरावती पटले,समाज सेवी संजयसिंह कछवाहा,सुनील सिंग, संतोष शिवने,नितिन चौहान,श्याम कावरे ,गौरांक पटले सहित अन्य ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं इस सफलता पर परिजनो और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

# मेहंदीवाडा से झालीवाड़ा के बीच भारी वाहन ने विद्युत लाइन को किया क्षतिग्रस्त

## ३३ केव्ही विद्युत लाइन के १० पोल प्रभावित सुधार कार्य जारी






**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी रामपायली मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत मेहंदीवाडा और झालीवाड़ा के बीच मंगलवार की रात को एक बड़ा विद्युत हादसा सामने आया है। एक अज्ञात भारी वाहन की लापरवाही के कारण मार्ग किनारे गुजरी ३३ केवी मुख्य विद्युत लाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे मंगलवार रात से ही क्षेत्र की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है जिसका सुधार कार्य विद्युत विभाग के द्वारा किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक अज्ञात भारी वाहन खेत में मिट्टी खाली अनलोड कर रहा था। डंपर या भारी वाहन का हिस्सा ऊपर उठने के कारण वह ३३ केवी हाईटेंशन लाइन के तारों में फंस गया। वाहन के आगे बढ़ने से तारों पर जबरदस्त खिंचाव पड़ा जिसके परिणामस्वरूप लाइन के लगभग १० विद्युत पोल जगह पर हिल गये विद्युत तार टूट गए और क्षतिग्रस्त होकर गिर पड़ा हालांकि घटना के बाद तत्काल भारी वाहन मौके से फरार हो गया। इस घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम हरकत में आई। क्षतिग्रस्त लाइन को सुधारने का चुनौतीपूर्ण कार्य मंगलवार की रात से ही शुरू कर दिया गया था। १८ मार्च की सुबह ६ बजे से युद्ध स्तर पर सुधार कार्य जारी है। तार टूटने और विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने पर लाइन बिछाने के कार्य के चलते सुबह ११ बजे से मेहंदीवाडा रोड से जुडे विभिन्न ग्रामों और नगरीय क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद कर दी गई है। विद्युत मंडल के कर्मचारी तारों को जोडने में जुटे हुए हैं। विद्युत विभाग को इस हादसे से भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है। विभागीय अधिकारियों के द्वारा उस अज्ञात भारी वाहन की पहचान की कोशिश की जा रही है जिसने इस घटना को अंजाम दिया। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में मिट्टी डालने के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण यह बडा हादसा हुआ जिससे सैकडों उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। विद्युत विभाग के अनुसार कार्य पूरा होते ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी हालांकि नुकसान अधिक होने के कारण इसमें समय लगने की संभावना है।

### इनका कहना हैं

दूरभाष पर बताया की रात्रि में अज्ञात वाहन के द्वारा खेत में मिट्टी खाली करने के दौरान विद्युत लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इसमें १० पोल प्रभावित हुए हैं विद्युत लाइन भी टूट गई है जिसका टेंपरेरी सुधार कार्य रात्रि में कर विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी गई थी। फिर बुधवार की सुबह ६६ बजे से विद्युत अमले के द्वारा सुधार कार्य किया जा रहा है। इस घटना में अज्ञात वाहन का पता नहीं चल पाया है परंतु प्राथमिक तौर पर विद्युत व्यवस्था जल्द बहाल करने के लिए तेजी से सुधार कार्य किया जा रहा है। तत्पश्चात अज्ञात वाहन एवं खेत मालिक की जानकारी लेकर आगे कार्यवाही की जाएगी।

**राहुल तुरकर सहायक अभियंता वारासिवनी**

# आर्या का जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छटवीं के लिये हुआ चयन



**पद्मेश न्यूज।वारासिवनी/रामपायली।** रामपायली की भारती हाई स्कूल की अध्यनरत छात्रा कुमारी आर्या ने जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा २०२५ में चयनित हुई । इस सफलता पर संस्था सदस्यों ने छात्रा की सफलता पर बधाई दी। साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य टेकचंद बिसेन ने बताया की परिश्रम ही सफलता की कुंजी है और छात्रा को गौरवान्वित किया है।

# हिन्दू नव वर्ष मनाने का कारण क्या है?

चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिन्दू नव वर्ष यानी नव संवत्सर की शुरुआत होती है। हिन्दू धर्म से जुड़े लोग इस दिन को बहुत खास तरीके से मनाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना शुरू की थी। हर साल इस तिथि पर ब्रह्मांड में नए मंत्रिमंडल का गठन होता है, जिसके आधार पर पूरे साल की गणना की जाती है।हिन्दू नव वर्ष विक्रम संवत 2083 के राजा और मंत्री दोनों ही सूर्य हैं। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 19 मार्च से इस नव संवत्सर की शुरुआत हुई है और इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों मीन राशि में स्थित होंगे। यह नया साल कई राशियों के लिए धन, दौलत और ढेर सारी खुशहाली लेकर आता है लेकिन महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा हिंदू नव वर्ष ज्योतिर्लिंग विशेष धन समृद्धि नव वर्ष पूजा और यज्ञ ऋण-मुक्ति और वर्ष भर समृद्धि और प्रचुरता के लिए मनाया जाता है और हिन्दू के लिए चैत्र नवरात्री की शुरुआत होती है लेकिन फिर 1जनवरी को नया साल क्यों मनाया जाता है सारे कैलेंडर नए साल 1जनवरी से ही चालू होता है नए साल 2082 से शुरुआत होता है ऐ कितने को मालूम है विक्रम संवत आखिर क्या है कैलेंडर आखिर क्या कहता है अंग्रेजी इस कदर हावी क्यों है कि अपना वर्ष भी नहीं समझ पाते हैं विक्रम संवत् आरम्भ करने का कारण था कि कलि के 3044 वर्ष में ऋतु चक्र 1.5 मास पीछे खिसक गया था। सूर्य सिद्धान्त (3/9-10) के अनुसार अयनांश का मान 27 अंश से अधिक नहीं होना चाहिये। अत: नया संवत् आरम्भ हुआ जिसमें मास चक्र को 1.5 मास पीछे किया गया। फलस्वरूप शुक्ल पक्ष के बदले कृष्ण पक्ष से मास आरम्भ किया गया। किन्तु वर्ष आरम्भ चैत्र शुक्ल पक्ष से रखा तथा अधिक मास गणना की पुरानी पद्धति ही रही।वराहमिहिर ने कुतूहल मञ्जरी में अपनी जन्मतिथि युधिष्ठिर शक 3042 चैत्र शुक्ल अष्टमी (8-3-95 ई.पू.) दी है। कुतूहल मञ्जरी-स्वस्ति श्रीनृप सूर्यसूनुज-शके याते द्वि-वेदा-म्बर-त्रै (3042) मानाब्दमिते त्वनेहसि जये वर्षे वसन्तादिके। चैत्रे श्वेतदले शुभे वसुतिथावादित्यदासादभूद् वेदाङ्गे निपुणो वराहमिहिरो विप्रो रवेराशीर्भि: ॥बृहत् संहिता के टीकाकार उत्पल भट्ट के अनुसार इनका देहान्त 90 वर्ष की आयु में अर्थात् 5 ई.पू. में हुआ। इसके 83 वर्ष बाद 78 ई. में शालिवाहन शक आरम्भ हुआ, जिसका प्रयोग वराहमिहिर द्वारा असम्भव है, जो वर्त्तमान इतिहासकारों की कल्पना है।विक्रम सम्वत् 57 ई.पू. से-यह सम्वत् है, शक नहीं। पर लोग शक और सम्वत् का अन्तर भूल चुके हैं, अत: इसमें भी गणना की जा रही है। 427 वर्ष बाद 4-3-371 ई. को 2-13-54 बजे चैत्र शुक्ल 1 आरम्भ हुआ, जिस दिन गुरुवार थाबृहत् संहिता में मकर राशि से सूर्य का उत्तरायण कहा है तथा उसी के अनुसार पञ्च सिद्धान्तिका में योग गणना लिखी है अत: हमें इसका ज्ञान होना जरुरी है।

# विविधता में एकता का जीवंत उत्सव-गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्र, चेट्रीचंड्र, ईद-उल-फितर और राम नवमी

## दुर्लभ संगम-सर्वधर्म समभाव की वैश्विक मिसाल

गुड़ी पड़वा,चैत्र नवरात्र,चेट्रीचंड्र, ईद-उल-फितर और राम नवमी- एक ऐसा दुर्लभ संगम जो भारत की धर्मनिरपेक्षता को सशक्त व सर्वधर्म समभाव की अवधारणा को जीवंत करता है। जब गुड़ी पड़वा,नवरात्र,चेट्रीचंड्र, ईद और राम नवमी जैसे पर्व एक साथ मनाए जाते हैं,तो यह संदेश पूरी दुनियाँ तक जाता है कि विविधता के बावजूद एकता संभव है।

वैश्विक स्तरपर भारत, जिसे सदियों से आध्यात्मिकता, सांस्कृतिक विविधता और धार्मिक सह- अस्तित्व की भूमि के रूप में जाना जाता है, मार्च 2026 में एक अद्भुत और प्रेरणादायक दृश्य प्रस्तुत कर रहा है।यह वह समय है जब विभिन्न धर्मों और समुदायों के प्रमुख त्योहार लगभग एक ही सप्ताह के भीतर मनाए जा रहे हैं,एक ऐसा दुर्लभ संगम जो न केवल भारत की धर्मनिरपेक्षता को सशक्त बनाता है,बल्कि 卐सर्वधर्म समभाव卐 की उस अवधारणा को भी जीवंत करता है, जो भारतीय संविधान और सामाजिक ताने-बाने की आत्मा है।19 मार्च से 27 मार्च 2026 के बीच का यह समयखंड केवल कैलेंडर का संयोग नहीं है,बल्कि यह भारत की सामाजिक चेतना,सांस्कृतिक समृद्धि और पारस्परिक सम्मान का उत्सव है।इस अवधि में गुड़ी पड़वा,चैत्र नवरात्र,चेट्री चंड्र ,ईद-उल-फितर और राम नवमी जैसे प्रमुख पर्व एक के बाद एक मनाए जाएंगे।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं ि? यह विविधता में एकता का ऐसा सशक्त उदाहरण है,जिसे दुनियाँ के सामने एक सांस्कृतिक मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम सबसे पहले आने वाले त्योहार गुड़ी पड़वा¬ नववर्ष, विजय और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक इसको समझने की करें तो19 मार्च 2026 को मनाया जाने वाला गुड़ी पड़वा महाराष्ट्र और आसपास के क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। यह दिन चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को आता है और हिंदू नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। इस दिन घरों के बाहर गुड़ी卐 स्थापित की जाती है जो विजय, समृद्धि और शुभता का प्रतीक होती है।गुड़ी में नीम के पत्ते,आम की पत्तियां, पुष्पमाला और एक उल्टा रखा हुआ तांबे का कलश शामिल होता है।यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ी है, बल्कि यह ऐतिहासिक विजय विशेषकर राजा शालिवाहन की जीत का भी स्मरण कराती है। सुबह तेल स्नान, नए वस्त्र धारण करना और पूरन पोली जैसे पारंपरिक व्यंजनों का सेवन इस त्योहार को और भी खास बनाता है।यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह वसंत ऋतु के आगमन,कृषि चक्र के पुनरारंभ और सामाजिकनवजीवन का प्रतीक भी है। गुड़ी पड़वा भारतीय समाज की उस सकारात्मक ऊर्जा को दर्शाता है, जिसमें हर नया वर्ष नई आशाओं और अवसरों के साथ शुरू होता है। चैत्र नवरात्र¬ शक्ति, साधना और आध्यात्मिक अनुशासन का पर्व है।

साथियों बात अगर हम उसी दिन दूसरे त्यौहार चैत्र नवरात्र को समझने की करें तो गुड़ी पड़वा के साथ ही 19 मार्च 2026 से चैत्र नवरात्र का शुभारंभ हो रहा है, जो 27 मार्च तक चलेगा। यह नौ दिनों का पर्व देवी दुर्गा के नौ रूपों की उपासना का समय है। इस दौरान श्रद्धालु उपवास रखते हैं, पूजा-अर्चना करते हैं और आत्मसंयम का पालन करते हैं।इस वर्ष विशेष बात यह है कि मां दुर्गा पालकी (डोली) पर सवार होकर आएंगी, जिसे शुभ संकेत माना जाता है। घट स्थापना का शुभ मुहूर्त 19 मार्च की सुबह 06¬52 से 07¬43 के बीच निर्धारित है। यह समय आध्यात्मिक ऊर्जा के जागरण और नए संकल्पों की शुरुआत का प्रतीक है।चैत्र नवरात्र केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह आत्मशुद्धि, अनुशासन और सकारात्मकता का संदेश भी देता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन में संतुलन और आत्मनियंत्रण कितना महत्वपूर्ण है।

साथियों बात अगर हम चेट्रीचंद्र सिंधी समुदाय की सांस्कृतिक पहचान और आस्था का उत्सव इसको समझने की करें तो,20 मार्च 2026 को मनाया जाने वाला चेटी चंद सिंधी समुदाय का प्रमुख पर्व है, जो उनके नववर्ष का आरंभ भी है। यह दिन भगवान झूलेलाल को समर्पित होता है, जिन्हें जल देवता के रूप में पूजा जाता है।चेटी चंद का अर्थ है चैत्र का चंद्रमा,जो नईशुरुआत और आशा का प्रतीक है। इस दिन सिंधी समुदाय झांकियां निकालता है, भजन-कीर्तन करता है और सामूहिक रूप से उत्सव मनाता है।यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह सिंधी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। यह दर्शाता है कि भारत में हर समुदाय अपनी विशिष्ट पहचान को बनाए रखते हुए राष्ट्रीय एकता में योगदान देता है।सिंधी समाज पर हो रहे अत्याचार की पुकार सुन जल देवता से आकाशवाणी के 2 दिन बाद चैत्र माह की शुक्ल पक्ष में नासरपुर (पाकिस्तान की सिन्धु घाटी) के देवकी व ताराचंद के यहाँ एक बेटे ने जन्म लिया, जिसका नाम उदयचंद रखा गया। हिंदी में उदय का मतलब उगना होता है। भविष्य में ये छोटा बच्चा हिन्दू सिन्धी समाज का रक्षक बना, जिसने मिरक शाह जैसे शैतान का अंत किया अपने नाम को चरितार्थ करते हुए उदयचंद जी ने सिंध के हिंदुओ के जीवन के अँधेरे को खत्म कर उजयाला फैला दिया। साथियों बात अगर हम चेटीचंड के दैनिक मुस्लिम भाइयों के प्रिय त्योहार ईद-उल-फितर¬ आभार करुणा और भाईचारे का संदेश को समझने की करें तो मार्च 2026 में ईद-उल-फितर 20 या 21 मार्च को मनाई जाएगी,जो चांद के दीदार पर निर्भर करती है। यह पर्व रमजान के पवित्र महीने के समापन का प्रतीक है।ईद का दिन अल्लाह के प्रति आभार व्यक्त करने, जरूरतमंदों की मदद करने और सामाजिक भाईचारे को मजबूत करने का अवसर होता है। इस दिन विशेष नमाज अदा की जाती है, फितरा (दान) दिया जाता है और लोग एक-दूसरे को गले लगाकर ईद मुबारक कहते हैं। सेवइयां और अन्य मिठाइयों का वितरण इस त्योहार की खास पहचान है। यह पर्व हमें सिखाता है कि खुशी तभी पूर्ण होती है जब उसे दूसरों के साथ साझा किया जाए। ईद-उल-फितर भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है, जहां विभिन्न धर्मों के लोग एक-दूसरे के त्योहारों में भाग लेते हैं और आपसी प्रेम को बढ़ाते हैं। साथियों बात अगर हम राम नवमी¬ आदर्श जीवन मूल्यों का उत्सव इसको समझने की करें तो 27 मार्च 2026 को मनाई जाने वाली राम नवमी भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे भारत में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है। विशेष रूप से अयोध्या में यह उत्सव अत्यंत भव्य होता है,जहां देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं।इस दिन मंदिरों में पूजा-अर्चना, शोभायात्राएं, रथ यात्राएं और भव्य झांकियां आयोजित की जाती हैं।भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में पूजा जाता है, जो सत्य, धर्म और न्याय के प्रतीक हैं।राम नवमी हमें यह संदेश देती है कि आदर्श जीवन जीने के लिए नैतिकता, संयम और कर्तव्य परायणता कितनी आवश्यक है। यह पर्व भारतीय संस्कृति के मूल्यों को सटीक रूप से सुदृढ़ करता है। साथियों बात अगर हम सर्वधर्म समभाव¬ भारतीय समाज की आत्मा को समझने की करें तो मार्च 2026 का यह सप्ताह भारत के लिए केवल त्योहारों का समय नहीं है, बल्कि यह उसकी आत्मा सर्वधर्म समभाव का उत्सव है। यह वह सिद्धांत है, जो कहता है कि सभी धर्म समान हैं और उनका सम्मान किया जाना चाहिए।भारत का संविधान भी धर्मनिरपेक्षता की इसी भावना को अपनाता है, जहां राज्य किसी एक धर्म को प्राथमिकता नहीं देता,बल्कि सभी को समान अवसर और सम्मान प्रदान करता है।जब गुड़ी पड़वा, नवरात्र, चेटी चंद, ईद और राम नवमी जैसे पर्व एक साथ मनाए जाते हैं, तो यह संदेश पूरी दुनिया तक जाता है कि विविधता के बावजूद एकता संभव है।

साथियों बात अगर हम एक ही सप्ताह में आए इन सभी त्योहारों के मुद्दे को वैश्विक परिप्रेक्ष्य¬ मैं समझने की करें तो भारत एक सांस्कृतिक मॉडल है आज जब दुनिया के कई हिस्सों में धार्मिक और सांस्कृतिक संघर्ष देखने को मिलते हैं, तब भारत का यह उदाहरण वैश्विक स्तर पर प्रेरणा का स्रोत बन सकता है।मार्च 2026 का यह उत्सव अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सकता है। दुनिया भर के सैलानी भारत आकर इस विविधता और एकता का अनुभव करना चाहेंगे।यह समय भारत के लिए सॉफ्ट पावर को बढ़ाने का भी अवसर है, जहां वह अपनी सांस्कृतिक समृद्धि और सामाजिक समरसता को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर सकता है।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विविधता में एकता की जीवंत अभिव्यक्ति,मार्च 2026 का यह समय भारत के लिए गर्व का क्षण है।यह वह समय है जब विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के लोग अपने-अपनेत्योहार मनाते हुए भी एक-दूसरे के साथ खड़े होते हैं।यह केवल त्योहारों का संगम नहीं है, बल्कि यह मानवता, प्रेम और सह-अस्तित्व का उत्सव है।भारत ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि विविधता उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी ताकत है।इस सप्ताह के माध्यम से भारत दुनिया को यह संदेश देता है कि अगर आपसी सम्मान, सहिष्णुता और प्रेम हो, तो विभिन्नताओं के बावजूद एकजुट रहा जा सकता है। यही भारत की असली पहचान है एक ऐसा राष्ट्र, जहां हर धर्म, हर संस्कृति और हर परंपरा को समान सम्मान मिलता है।

**--एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

**(19 मार्च जन्म जयंती जिंद पीर झूलेलाल)**

# सिंधु की पवित्र धारा से उठी आस्था की ज्योति-भगवान झूलेलाल का अवतार, चेटीचंड का उल्लास और सद्भाव का अमर संदेश

भारतीय संस्कृति में अनेक ऐसे देव रूप हैं जो केवल आस्था के प्रतीक नहीं बल्कि संघर्ष, साहस और मानवता के संदेशवाहक भी हैं। सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल भी ऐसे ही दिव्य अवतार माने जाते हैं। उन्हें उदेरोलाल, लालसाईं, अमरलाल, जिंद पौर और लालशाह जैसे अनेक नामों से पूजा जाता है। सिंधी समाज में भगवान झूलेलाल को जल के देवता वरुण का अवतार माना जाता है। विशेष रूप से पाकिस्तान के सिंध प्रांत से भारत और अन्य देशों में जाकर बसे सिंधी समुदाय के लोगों में झूलेलाल की भक्ति अत्यंत गहरी है। यह केवल धार्मिक आस्था नहीं बल्कि अपने इतिहास, संस्कृति और अस्तित्व की रक्षा का प्रतीक भी है। किंवदंतियों के अनुसार उस समय सिंध प्रांत पर मिरख शाह नामक एक कठोर मुस्लिम शासक का शासन था। उसने हिंदू समाज को दरबार में बुलाकर आदेश दिया कि वे या तो इस्लाम धर्म स्वीकार कर लें या फिर मृत्यु के लिए तैयार हो जाएं। यह आदेश सुनकर हिंदू समाज भय और पीड़ा से भर उठा। उन्होंने राजा से इस आदेश पर विचार करने के लिए कुछ समय मांगा। मिरख शाह ने उन्हें चालीस दिनों का समय दिया। यह समय हिंदू समाज के लिए अत्यंत कठिन था क्योंकि उनके सामने अपने धर्म और अस्तित्व को बचाने का प्रश्न था। तब पूरे सिंध क्षेत्र के हिंदू सिंधु नदी के तट पर एकत्र हुए और जल के देवता वरुण से प्रार्थना करने लगे। उन्होंने व्रत, पूजा और तपस्या के माध्यम से चालीस दिनों तक भगवान से रक्षा की विनती की। कहा जाता है कि चालीसवें दिन उनकी प्रार्थना का उत्तर मिला। सिंधु नदी के तट पर एक दिव्य आकाशवाणी हुई और स्वयं वरुण देव मछली पर सवार होकर प्रकट हुए। उन्होंने भक्तों से कहा कि भयभीत मत हो, मैं अत्याचारियों का अंत करने के लिए शीघ्र ही मानव रूप में जन्म लूंगा। उन्होंने बताया कि नसीरपुर नगर में रतनराय के घर माता देवकी के गर्भ से उनका अवतार होगा और वे मिरख शाह के अत्याचारों से हिंदुओं को मुक्त करेंगे। सिंधी समाज इस चालीस दिनों की तपस्या को आज भी चालिहा या वालिहा के नाम से याद करता है। यह उनके धैर्य और विश्वास का प्रतीक है। इसके बाद पूरे समाज ने अपने मुक्तिदाता की प्रतीक्षा आरंभ कर दी। तीन महीने बाद समाचार मिला कि माता देवकी गर्भवती हैं। यह माना गया कि जल के देवता ने स्वयं उनके गर्भ में अवतार लिया है। चैत्र मास की द्वितीया तिथि को चेटीचंड के पावन दिन भगवान झूलेलाल का जन्म हुआ। उस समय विक्रम संवत एक हजार सात चल रहा था। बालक का नाम उदयचंद रखा गया, परंतु माता देवकी स्नेह से उन्हें झूलेलाल कहकर पुकारती थीं। कथा के अनुसार जन्म के समय ही बालक उदयचंद ने चमत्कार दिखाना प्रारंभ कर दिया था। कहा जाता है कि जब उन्होंने अपना मुख खोला तो माता देवकी को उसमें सिंधु नदी बहती दिखाई दी और उस नदी में पाला मछली पर एक वृद्ध व्यक्ति बैठा हुआ था। पाला मछली को विशेष माना जाता है क्योंकि वह नदी की धारा के विपरीत तैरती है। यह संकेत था कि यह बालक साधारण नहीं बल्कि दिव्य शक्ति का अवतार है। जन्म के समय अचानक बादल घिर आए और वर्षा से पूरा क्षेत्र जलमय हो गया। लोगों ने इसे भी एक चमत्कार के रूप में देखा। जैसे-जैसे बालक उदयचंद बड़े होते गए, उनके चमत्कारों की चर्चा दूर-दूर तक फैलने लगी। एक ज्योतिषी ने बालक को देखकर भविष्यवाणी की कि यह बालक अत्यंत वीर और तेजस्वी होगा तथा इसकी ख्याति पूरे संसार में फैलेगी। जब मिरख शाह को झूलेलाल के जन्म का समाचार मिला तो उसने फिर हिंदू नेताओं को दरबार में बुलाकर अपनी धमकी दोहराई। किंतु इस बार हिंदू समाज के चेहरे पर भय नहीं बल्कि आत्मविश्वास था। उन्हें विश्वास था कि उनका रक्षक जन्म ले चुका है। मिरख शाह ने बालक को पकड़ने के लिए अपने सेनापति अहिरियो को सैनिकों के साथ भेजा। जब सेनापति बालक के पास पहुंचा तो उसने देखा कि वह अत्यंत आकर्षक और तेजस्वी है। कहा जाता है कि बालक के सामने आते ही सेनापति चकित रह गया। उसी समय बालक ने अपना रूप बदलना शुरू किया। पहले वह वृद्ध साधु के रूप में दिखाई दिया, फिर एक बलवान युवक के रूप में घोड़े पर सवार तलवार लिए खड़ा दिखाई दिया। यह दृश्य देखकर सेनापति भयभीत हो गया और उसने बालक के चरणों में गिरकर क्षमा मांगी। उसने स्वीकार किया कि यह कोई साधारण बालक नहीं बल्कि दिव्य अवतार है। सेनापति ने वापस जाकर मिरख शाह को सब बताया, लेकिन बादशाह ने इसे स्वीकार नहीं किया और उसने एक बड़ी सेना भेज दी। तब झूलेलाल ने अपनी दिव्य शक्ति से बादशाह के महल को अग्नि से घेर लिया। जब महल में भयंकर आग लग गई तो मिरख शाह भयभीत होकर झूलेलाल के चरणों में गिर पड़ा और क्षमा मांगने लगा। कहा जाता है कि झूलेलाल की करुणा और शक्ति से प्रभावित होकर उसने अत्याचार छोड़ दिए और सभी धर्मों के प्रति सम्मान का मार्ग अपनाया। कथा के अनुसार बाद में उसने एक भव्य मंदिर का निर्माण करवाया जो आज भी हिंदू और मुस्लिम एकता का प्रतीक माना जाता है। पाकिस्तान में झूलेलाल को जिंद पीर और लालशाह के नाम से भी सम्मान दिया जाता है। यह इस बात का प्रमाण है कि झूलेलाल केवल एक धर्म के देवता नहीं बल्कि मानवता और सद्भाव के संदेशवाहक हैं।

आज भी सिंधी समाज भगवान झूलेलाल को उदेरोलाल, लालसाईं, अमरलाल और जिंद पौर जैसे कई नामों से श्रद्धा के साथ स्मरण करता है। हर वर्ष चैत्र मास में चंद्र दर्शन के दिन चेटीचंड का पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा से मनाया जाता है। यह दिन सिंधी समाज के लिए नववर्ष के समान भी माना जाता है। इस दिन लोग झूलेलाल की पूजा करते हैं और अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं।चेटीचंड के अवसर पर लकड़ी का एक छोटा मंदिर बनाया जाता है जिसमें जल से भरी एक पात्र और प्रज्वलित ज्योति रखी जाती है। इसे बहिराणा साहब कहा जाता है। श्रद्धालु इसे अपने सिर पर उठाकर शोभायात्रा निकालते हैं और भगवान वरुण तथा झूलेलाल का स्तुतिगान करते हैं। इस अवसर पर सिंधी समाज का पारंपरिक नृत्य छैज भी किया जाता है जो उल्लास और भक्ति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता है। चेटीचंड का पर्व केवल धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक पर्व भी है। इस दिन सिंधी समाज अपनी परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत को याद करता है। यह पर्व समाज को एक सूत्र में बांधता है और लोगों के बीच भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। इस दिन समाज के सभी वर्ग एक साथ मिलकर उत्सव मनाते हैं और विभाजन की सभी रेखाएं मिट जाती हैं।

भगवान झूलेलाल की कथा हमें यह संदेश देती है कि जब भी अन्याय और अत्याचार बढ़ते हैं तो धर्म और सत्य की रक्षा के लिए दिव्य शक्ति अवश्य प्रकट होती है। यह कथा विश्वास, धैर्य और एकता की शक्ति का प्रतीक है। सिंधी समाज के लिए झूलेलाल केवल देवता नहीं बल्कि उनकी पहचान, संस्कृति और इतिहास के जीवंत प्रतीक हैं।

**- कांतिलाल मांडोत**

# दूषित जल: विकास के दावों पर एक गंभीर प्रश्न

अक्सर कहा जाता है कि जल ही जीवन है। किंतु यदि यही जल दूषित हो जाए तो क्या उसे जीवन का आधार कहा जा सकता है? सच तो यह है कि दूषित जल जीवन को बचाने के बजाय उसे संकट में डाल देता है। आज भारत सहित पूरी दुनिया में स्वच्छ जल की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। विडंबना यह है कि जिस देश में नदियों को माता का दर्जा दिया जाता है और जल को जीवन का मूल तत्व माना जाता है, वहीं करोड़ों लोग आज भी स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं। यह स्थिति केवल संसाधनों की कमी का परिणाम नहीं है, बल्कि कहीं न कहीं नीतिगत कमजोरियों, प्रशासनिक उदासीनता और विकास के असंतुलित मॉडल की भी देन है। पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार ने पेयजल की उपलब्धता ब?ाने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं। वर्ष 2019 में आरंभ हुआ जल जीवन मिशन इसी दिशा में एक बड़ा कदम माना गया। इस योजना का उद्देश्य था कि देश के हर ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त नदियों की स्वच्छता के लिए नमामि गंगे जैसी परियोजनाएं भी शुरू की गईं। इन योजनाओं के कारण पाइपलाइन के माध्यम से जल आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहां वर्ष 2019 में केवल लगभग 16.7 प्रतिशत ग्रामीण घरों तक नल का पानी पहुंचता था, वहीं 2024 के अंत तक यह आंकड़ा 80 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच गया। यह उपलब्धि निस्संदेह महत्वपूर्ण है, किंतु केवल पाइपलाइन बिछा देने भर से समस्या का समाधान नहीं हो जाता। असली चुनौती यह सुनिश्चित करने की है कि जो पानी घरों तक पहुंच रहा है वह वास्तव में स्वच्छ और सुरक्षित भी हो।

दुर्भाग्य से जल गुणवत्ता के मोर्चे पर स्थिति उतनी संतोषजनक नहीं दिखाई देती। विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पेयजल के नमूनों की जांच से यह तथ्य सामने आया है कि बड़ी मात्रा में जल प्रदूषित पाया गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि लिए गए दूषित नमूनों में से केवल लगभग एक चौथाई को ही शुद्ध करने के प्रयास किए गए। इसका अर्थ यह हुआ कि बड़ी संख्या में लोग अब भी दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। यह स्थिति हमारे विकास के दावों की तार्किकता पर प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि जल जैसे बुनियादी संसाधन की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की जा सकती तो विकास की उपलब्धियां अधूरी ही मानी जाएंगी। पेयजल की गुणवत्ता का संकट केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। शहरी क्षेत्रों में भी यह समस्या बराबर देखने को मिलती है। महानगरों और बड़े शहरों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण, पुरानी पाइपलाइन व्यवस्था और सीवेज प्रबंधन की कमजोरियों के कारण जल स्रोत लगातार प्रदूषित हो रहे हैं। कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन और सीवर लाइन एक-दूसरे के बेहद करीब बिछी हुई हैं। समय के साथ जब ये पाइपलाइन जर्जर हो जाती हैं तो सीवर का गंदा पानी पेयजल में मिल जाता है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो जाता है। हाल के वर्षों में कई शहरों में दूषित पानी के कारण लोगों के बीमार पड़ने और यहां तक कि मौत होने की घटनाएं सामने आई हैं। मध्यप्रदेश के इंदौर जैसे शहर में हुई ऐसी घटनाओं ने इस खतरे की गंभीरता को और स्पष्ट कर दिया है। यह विडंबना ही है कि जो शहर स्वच्छता के लिए देश में बार-बार अग्रणी स्थान प्राप्त करता रहा है, वहीं दूषित जल के कारण लोगों की जान जाने की घटनाएं सामने आती हैं।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ लंबे समय से यह चेतावनी देते रहे हैं कि अधिकांश बीमारियों की शुरुआत पेट से होती है और दूषित जल इसका सबसे बड़ा कारण बनता है। दस्त, उल्टी, टाइफाइड, हैजा और पीलिया जैसी जलजनित बीमारियां आज भी लाखों लोगों को प्रभावित कर रही हैं। इन बीमारियों का सबसे अधिक असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ता है क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कम होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सीमित होती है। ऐसे में दूषित पानी केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं रह जाता, बल्कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले लेता है। जल प्रदूषण के पीछे कई कारण हैं। औद्योगिक कचरे का बिना उपचार के नदियों और जलाशयों में छोड़ा जाना एक बड़ा कारण है। इसके अतिरिक्त शहरों से निकलने वाला अनुपचारित सीवेज भी बढ़ी मात्रा में जल स्रोतों को प्रदूषित करता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार देश की सैकड़ों नदियों के अनेक नदी खंड जल गुणवत्ता के मानकों से नीचे पाए गए हैं। इसका अर्थ यह है कि हमारे जल स्रोत धीरे-धीरे प्रदूषण के गंभीर जाल में फंसते जा रहे हैं। दूसरी ओर, भूजल का अत्यधिक दोहन भी स्थिति को और जटिल बना रहा है। भारत दुनिया में सबसे अधिक भूजल निकालने वाले देशों में अग्रणी है। अत्यधिक दोहन के कारण न केवल जल स्तर गिर रहा है, बल्कि कई स्थानों पर भूजल में फ्लोराइड, आर्सेनिक और अन्य हानिकारक रसायनों की मात्रा भी बढ़ती जा रही है।

विकास की अंधी दौड़ ने भी इस संकट को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तेजी से फैलते शहर, बढ़ते उद्योग और बढ़ती आबादी जल संसाधनों पर भारी दबाव डाल रहे हैं। लेकिन इसके समानांतर जल प्रबंधन की व्यवस्था उतनी मजबूत नहीं हो पाई है। कई शहरों में सीवेज उपचार संयंत्रों की क्षमता पर्याप्त नहीं है, जिसके कारण बड़ी मात्रा में गंदा पानी सीधे नदियों और झीलों में पहुंच जाता है। जब यही जल स्रोत पेयजल आपूर्ति का आधार बनते हैं तो स्वाभाविक रूप से जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। दूषित जल का प्रभाव केवल मानव स्वास्थ्य तक सीमित नहीं रहता। इसका असर पूरे पारिस्थितिक तंत्र पर पड़ता है। नदियों और झीलों में बढ़ते प्रदूषण से जलीय जीवों का अस्तित्व संकट में पड़ जाता है। कई प्रजातियां धीरे-धीरे समाप्त होने के कगार पर पहुंच जाती हैं। इसके अतिरिक्त दूषित जल का उपयोग जब खेती में होता है तो वह मिट्टी की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है और अंतत: खाद्य श्रृंखला के माध्यम से मनुष्य तक पहुंचता है। इस प्रकार जल प्रदूषण का दायरा व्यापक और बहुआयामी है।

इस समस्या के समाधान के लिए केवल योजनाएं बना देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन की भी आवश्यकता है। सबसे पहले पेयजल की गुणवत्ता की नियमित और पारदर्शी निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए। जल के नमूने लेने की प्रक्रिया तभी सार्थक होगी जब प्रदूषित पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही जलापूर्ति और सीवेज व्यवस्था के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखना अनिवार्य किया जाना चाहिए। जिन शहरों और कस्बों में पाइपलाइन व्यवस्था दशकों पुरानी हो चुकी है, वहां उन्हें चरणबद्ध तरीके से बदलने का काम युद्धस्तर पर किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त औद्योगिक प्रदूषण पर कठोर नियंत्रण भी आवश्यक है। उद्योगों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका कचरा बिना उपचार के किसी भी जल स्रोत में न जाए। इसके लिए कड़े नियमों के साथ-साथ प्रभावी निगरानी तंत्र की भी जरूरत है। स्थानीय निकायों की जवाबदेही तय करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि कई बार जल आपूर्ति और उसकी गुणवत्ता की निगरानी दोनों की जिम्मेदारी उन्हीं के पास होती है। ऐसी स्थिति में पारदर्शिता की कमी हो जाती है।

निश्चिततौर यह समझना होगा कि स्वच्छ जल केवल सुविधा का विषय नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। जिस प्रकार भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य को जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं में शामिल किया जाता है, उसी प्रकार स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता भी उतनी ही अनिवार्य है। यदि देश को वास्तव में स्वस्थ और समृद्ध बनाना है तो जल की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं तभी पूर्ण रूप से सफल मानी जाएंगी जब हर घर तक पहुंचने वाला पानी वास्तव में स्वच्छ और सुरक्षित होगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि जल प्रबंधन को केवल सरकारी कार्यक्रमों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाया जाए। जब तक समाज, प्रशासन और सरकार मिलकर इस दिशा में गंभीर प्रयास नहीं करेंगे, तब तक दूषित जल का संकट पूरी तरह समाप्त नहीं हो पाएगा। स्वच्छ जल की रक्षा दरअसल जीवन की रक्षा है, और यह जिम्मेदारी हम सभी की है।

**- ललित गर्ग**

# 80,800 मिट्रिक टन कच्चा तेल लेकर होर्मुज पार कर भारत पहुंचा जहाज

**नई दिल्ली। एजेंसी।** पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के तनावपूर्ण जलमार्ग को सफलतापूर्वक पार कर भारत का एक और अहम क्रूड ऑयल टैंकर सुरक्षित गुजरात पोर्ट पर पहुंचा। भारतीय झंडे वाले जहाज जग लाडकी ने यूएई के फुजैराह पोर्ट से करीब 80,800 मेट्रिक टन मुर्बन क्रुड ऑयल लेकर गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर बुधवार को डॉक किया। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि जग लाडकी रविवार को फुजैराह से रवाना हुआ था। जहाज फुजैराह सिंगल पॉइंट मूरिंग पर क्रूड लोडिंग कर रहा था, तभी शनिवार को ईरान ने फुजैराह ऑयल टर्मिनल पर ड्रोन हमला किया। हमले से आग लगी और कुछ लोडिंग ऑपरेशंस अस्थायी रूप से प्रभावित हुए, लेकिन जग लाडकी और उस पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित रहे। हमले के अगले दिन ही जहाज ने सुरक्षित रूप से होर्मुज पार कर भारत की ओर बढ़ा। यह जहाज युद्ध क्षेत्र से बिना किसी नुकसान के निकलने वाला चौथा भारतीय ध्वज वाला जहाज है। इससे पहले दो भारतीय एलपीजी कैरियर शिवालिक और नंदा देवी ने शनिवार को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार किया था, जिनमें कुल 92,712 टन एलपीजी लदा था। शिवालिक मुंद्रा पहुंच चुका है, जबकि नंदा देवी कांडला बंदरगाह पर पहुंचा है। शुक्रवार को ओमान के सोहर पोर्ट से टैंजानिया जा रहा एक और भारतीय टैंकर जग प्रकाश भी गैसोलीन लेकर सुरक्षित निकला था। ईरान ने होर्मुज को अमेरिकी और इजराइली जहाजों के लिए ब्लॉक कर दिया है, लेकिन भारतीय ध्वज वाले जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग की गारंटी दी है। ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची ने घोषणा की कि यह चोकपॉइंट अमेरिका और इजराइल के जहाजों के लिए बंद रहेगा। भारत और ईरान के बीच उच्चस्तरीय बातचीत में भारतीय जहाजों को सुरक्षित पार करने का आश्वासन मिला है। ईरान ने यूएई के पोर्ट क्षेत्रों से निकासी की अपील भी की, क्योंकि वह उन इलाकों को निशाना बनाने की बात कही थी। शिपिंग मिनिस्ट्री के स्पेशल सेक्रेटरी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पर्सियन गल्फ में वर्तमान में 22 भारतीय ध्वज वाले मर्चेंट जहाज हैं, जिनमें छह एलपीजी कैरियर, एक एलएनजी कैरियर और चार क्रूड ऑयल टैंकर शामिल हैं। इनमें कुल 611 भारतीय नाविक हैं। सरकार इन सभी के सुरक्षित लाने के लिए ईरान के साथ संपर्क में है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि ईरान ने तीन जब्त टैंकरों की रिहाई के बदले सुरक्षित मार्ग की मांग की, लेकिन भारत ने इसे खारिज कर दिया है। यह घटनाक्रम भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अहम है, क्योंकि होर्मुज से भारत की करीब 40 फीसदी क्रूड आयात होता है। युद्ध के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित है, जिससे कीमतें बढ़ रही हैं।

## सोने और चांदी में आई नरमी

**नई दिल्ली। एजेंसी।** घरेलू बाजारों में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई है। आज दोनो के ही वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सुबह के समय सोने के वायदा भाव 1,55,750 रुपये, जबकि चांदी के भाव 2,51,000 रुपये के करीब कामकाज कर रहे थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी इन दोनो ही कीमती धातुओं में कारोबार रही। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल अनुबंध आज 327 रुपये टूटकर 1,55,658 रुपये के भाव पर खुला। वहीं इससे पिछला बंद भाव 1,55,985 रुपये था। एक समय ये अनुबंध 201 रुपये की गिरावट के साथ 1,55,784 रुपये के स्तर पर कामकाज कर रहा था। इस समय इसने 1,55,784 रुपये के भाव पर दिन के उच्च स्तर और 1,55,600 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। सोने के वायदा भाव इस साल 1,80,779 रुपये के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे दूसरी ओर चांदी के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई अनुबंध आज 1,615 रुपये नीचे आकर 2,51,498 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 2,53,113 रुपये था। एक समय ये अनुबंध 2,107 रुपये की गिरावट के साथ 2,51,006 रुपये के भाव पर कामकाज कर रहा था। ये 2,51,498 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 2,50,919 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर पहुंचा। चांदी के वायदा भाव इस साल 4,20,048 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव में नरमी रही है। कामेक्स पर सोना आज 5,010.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 5,008.20 डॉलर प्रति औंस था। सोने के भाव ने इस साल 5,586.20 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे जबकि कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 79.39 डॉलर के भाव पर खुले। इस पिछला बंद भाव 79.92 डॉलर था।

## नाटो से मदद न मिलने पर भड़के ट्रंप बोले- अकेले लड़ेंगे, चीन का दौरा भी टाल दिया

**वाशिंगटन। एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस महीने के अंत में होने वाला अपना प्रस्तावित चीन दौरा आधिकारिक रूप से टाल दिया है। ईरान के साथ जारी युद्ध और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में आए गतिरोध के बीच व्हाइट हाउस ने यह बड़ा फैसला लिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि अब वह अगले पांच या छह हफ्तों में चीन की यात्रा कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने इस देरी के महत्व को कम बताते हुए कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनके कामकाजी और व्यक्तिगत रिश्ते बहुत मजबूत हैं और शी जिनपिंग भी उनसे मिलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस दौरे के टलने के पीछे की असली वजह होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उपजा विवाद माना जा रहा है। ट्रंप ने पहले संकेत दिया था कि उनकी चीन यात्रा इस बात पर निर्भर करेगी कि बीजिंग होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खुलवाने में वाशिंगटन की मदद करता है या नहीं। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के जवाब में ईरान ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस समुद्री मार्ग को बाधित कर दिया है। हालांकि, चीन के विदेश मंत्रालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि ट्रंप के दौरे का इस समुद्री मार्ग के विवाद से कोई लेना-देना नहीं है। इतना ही नहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर अपनी भड़ास निकालते हुए नाटो और अपने अन्य प्रमुख सहयोगियों पर भी निशाना साधा है। ट्रंप ने दावा किया कि उनके अधिकतर नाटो सहयोगियों ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान में शामिल होने और होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा में मदद करने के अमेरिकी आह्वान को ठुकरा दिया है। ट्रंप ने इसे एकतरफा व्यवस्था करार देते हुए कहा कि अमेरिका हर साल इन देशों की सुरक्षा पर अरबों डॉलर खर्च करता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर ये देश साथ नहीं खड़े होते।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुंबई। एजेंसी।** भारतीय शेयर बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। आज आईटी और रियल्टी शेयरों में आये उछाल से भी बाजार को बल मिला। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 633.29 अंक बढ़कर 76,704.13 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 196.65 अंक ऊपर आकर 23,777.80 पर बंद हुआ। आज व्यापक बाजारों ने बेहतर प्रदर्शन किया और निफ्टी मिडकैप में 2.02 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.67 फीसदी की बढ़त आई। सेक्टरवार देखें तो निफ्टी मीडिया, निफ्टी आईटी और निफ्टी रियल्टी में भी तेजी रही। । इसके अलावा, निफ्टी ऑटो , निफ्टी बैंक और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में बढ़त दर्ज की गई। जबकि निफ्टी एफएमसीजी में मामूली



गिरावट रही। निफ्टी में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इंफोसिस, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, एक्सिस बैंक, इंडिगो, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस और अदाणी इंटरप्राइजेज के शेयरों में सबसे ज्यादा उछाल आया। वहीं सिप्ला, एचयूएल, कोल इंडिया, एनटीपीस, सनफार्मा, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, अपोलो हॉस्पिटल्स और हिंडाल्को के शेयर गिरे। सेंसेक्स में आई इस तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण में लगभग 5 लाख करोड़ रुपए की बढ़त आई। जिससे यह पहले के 433 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 438 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया। इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में ही बाजार में उछाल देखने में आया। आईटी और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीददारी से प्रमुख सूचकांक में उछाल आया। सुबह सेंसेक्स करीब 200 अंकों की बढ़त के साथ ही 76,257 के स्तर पर कारोबार करता नजर आया जबकि निफ्टी भी 65 अंकों से अधिक की तेजी के साथ खुलकर 23,646 तक पहुंचा। निफ्टी में जिन कंपनियों के शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त तेजी आई उसमें टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज, विप्रो और श्रीराम फाइनेंस शामिल रहे।

## ईरान युद्ध का असर गैस-पेट्रोल ही नहीं अब सोने पर भी पड़ रहा

**नई दिल्ली। एजेंसी।** कुछ दिनों पहले सोने की कीमत आसमान छू रही थी, लेकिन जब से ईरान के साथ इजराइल-अमेरिका युद्ध शुरू हुआ है तो इसकी कीमतों पर भी दबाव पड़ा है। अब सोने की कीमत पहले के मुकाबले नीचे आ गई हैं। ऊपर से शादियों का सीजन भी चल रहा है। फिर भी देश में सोने की खरीदारी बढ़ने के बजाय घट रही है। ज्वैलर्स एसोसिएशन ने कहा है कि ईरान संकट ने देश के लोगों की मानसिकता और जरूरतों को बदल दिया है, जिसका असर सोने के बाजार पर दिख रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एसोसिएशन के सचिव ने बताया कि देश में सोने की बिक्री पिछले कुछ समय से लगातार कम हो रही है। देश के ज्यादातर लोगों में अब सोने की ओर रुझान कम होता दिख रहा है। इसके बजाय वे अपना कैश ईंधन, गैस और अन्य जरूरी सामानों की खरीद के लिए बचाकर रखना चाहते हैं, क्योंकि ईरान में चले रहे युद्ध की वजह से उनके अंदर आने वाले समय में महंगाई बढ़ने का डर सता रहा है। यही वजह है कि खुदरा हाजिर बाजार में सोने की बिक्री लगातार कम होती जा रही है। ईरान संकट जब शुरू हुआ था, उससे पहले 27 फरवरी को सोने की कीमत 1,59,097 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास थी। इसके बाद सोने की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया और 2 मार्च को युद्ध शुरू होने के समय 5.5 फीसदी बढ़कर 1,67,471 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गई थी। हालांकि, अब एक बार फिर कीमतों पर दबाव पड़ा है और यह गिरकर फिलहाल 1,58,399 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि यह हैरान करता है कि सोने की कीमतों में गिरावट के बावजूद इसकी खरीदारी घट रही है।

## केंद्र सरकार सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम में संशोधन पर कर रही विचार

**नई दिल्ली। एजेंसी।** वेबसाइटों या प्लेटफॉर्मों को अब अन्य मंत्रालय भी आपत्तिजनक सामग्री (कंटेंट) को हटाने या ब्लॉक करने का आदेश दे सकते हैं। केंद्र सरकार इसके लिए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम में संशोधन पर विचार कर रही है। इसके जरिये सूचना एवं प्रसारण, गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय जैसे कुछ प्रमुख मंत्रालयों को आपातकालीन स्थितियों में सामग्री ब्लॉक करने और हटाने के आदेश जारी करने का अधिकार मिल सकता है। घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने यह जानकारी दी।रिपोर्ट के मुताबिक इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ही आपातकालीन सामग्री को हटाने और वेबसाइटों या प्लेटफॉर्मों को ब्लॉक करने का आदेश देता है। एक अधिकारी ने कहा कि हम इस पर विचार कर रहे हैं ताकि ऐसी सामग्री पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके जिसे हटाया जाना जरुरी है। यह अधिकार उन मंत्रालयों को मिल सकता है जिनके पास उक्त क्षेत्र के विशेषज्ञ मौजूद हैं और जो उस सामग्री या वेबसाइट की गैर-कानूनी प्रकृति का बेहतर ढंग से निर्धारण कर सकते हैं। सामग्री हटाने की शक्तियों का विस्तार अन्य प्रमुख मंत्रालयों तक करने के इस कदम से फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, यूट्यूब और एक्स जैसे सोशल मीडिया और इंटरनेट मध्यस्थों के प्रभावित होने की संभावना है। इन कंपनियों को सामग्री हटाने के पहले से कहीं ज्यादा आदेशों का पालन करना पड़ सकता है। इस बारे में जानकारी के लिए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को ईमेल भेज गया लेकिन अब तक जवाब नहीं आया। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में आईटी अधिनियम के दायरे का विस्तार करने के प्रस्ताव पर इन प्रमुख मंत्रालयों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और अन्य हितधारकों द्वारा चर्चा की जा रही है और संशोधन के सर्वोत्तम तरीके पर जल्द फैसला लिया जा सकता है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इन प्रमुख मंत्रालयों के अलावा सरकार संशोधित प्रावधान के दायरे को बढ़ाकर कुछ नियामकों को भी इस तरह की शक्तियां दे सकती है।




**मेष**- आज का दिन आपकी यश और कीर्ति में वृद्धि करने वाला है। किसी भी काम को जल्दबाजी में करने से बचें और सोच-समझकर निर्णय लें। आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। पार्टनरशिप में किया गया काम आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन कुछ लोग आपकी नीयत को गलत भी समझ सकते हैं।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी के साथ काम करने का संकेत दे रहा है। परिवार के साथ बिताया गया समय आपको मानसिक खुशी देगा। आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे और जीवन का आनंद लेने की कोशिश करेंगे। यदि किसी बात को लेकर मन में चिंता थी, तो उसका समाधान भी आपको मिल सकता है। मित्रों की मदद और सेवा के लिए भी आप समय निकालेंगे।

**मिथुन**- आज आपको परिवार के वरिष्ठ सदस्यों का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय को बहुत सोच-समझकर लें। संतान पर जरूरत से ज्यादा जिम्मेदारी डालने से बचें, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकती है। यदि आज किसी जरूरतमंद की मदद करने का अवसर मिले, तो उसे जरूर अपनाएं। व्यवसाय में नई योजनाओं को शामिल करके आप उसे आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

**कर्क**- आज आपको आय और व्यय के बीच संतुलन बनाए रखने की जरूरत है। आपके कई अधूरे काम पूरे हो सकते हैं और कार्यों की गति भी तेज रहेगी। कोई पुराना सपना पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा, जिससे आप एक-दूसरे को बेहतर समझ पाएंगे। हालांकि किसी बात को लेकर मन में थोड़ी बेचैनी बनी रह सकती है।

**सिंह**- आज आपको अपने आसपास के विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत है। व्यस्तता के कारण आप कुछ कामों को टालने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन ऐसा करना आगे चलकर परेशानी बढ़ा सकता है। नई संपत्ति की खरीदारी के लिए समय अनुकूल हो सकता है। परिवार के साथ समय बिताने से मन को सुकून मिलेगा। आपकी कोई मनोकामना पूरी होने से खुशी का माहौल बनेगा।

**कन्या**- आज आपको जल्दबाजी में कोई भी निर्णय लेने से बचना चाहिए। काम को लेकर मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन खास रहेगा और वे अपने साथी के साथ मधुर और रोमांटिक पल बिताएंगे। आर्थिक लेन-देन में थोड़ी सावधानी बरतना जरूरी होगा।

**तुला**- आज का दिन आपको विवादों से दूर रहने की सलाह देता है। धन कमाने के कई अवसर सामने आएंगे और आप उनका पूरा लाभ उठाने की कोशिश करेंगे। परिवार में चल रही किसी पुरानी कलह का समाधान बातचीत के जरिए निकल सकता है। किसी को धन उधार देने से बचें और परिवार के किसी सदस्य से सोच-समझकर ही बात करें।

**वृश्चिक**- आज का दिन व्यापार के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। पुराने निवेश से आपको अच्छा लाभ मिल सकता है और आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। माता-पिता और बड़ों का सम्मान करें और यदि वे आपको कोई जिम्मेदारी सौंपें, तो उसे समय पर पूरा करने का प्रयास करें। सरकारी मामलों में थोड़ी सतर्कता रखना आपके लिए जरूरी रहेगा।

**धनु**- आज का दिन सावधानी और सतर्कता से आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में कुछ बातों को लेकर मन में असमंजस बना रह सकता है। यदि आप बैंक से ऋण लेने का विचार कर रहे थे, तो वह भी आपको मिल सकता है। संतान की संगति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन होने से खुशी का माहौल बनेगा। कहीं फंसा हुआ धन वापस मिलने की भी संभावना है।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में पार्टनरशिप आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती है। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों को ईमानदारी और लगन से काम करना होगा, जिससे अधिकारी भी उनसे प्रसन्न रहेंगे। आपको अपने पसंदीदा भोजन का आनंद लेने का मौका मिलेगा। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मिलने आ सकता है।

**कुंभ**- आज आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सजग रहने की जरूरत है। कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी में किए गए कामों में गलती होने की संभावना है, इसलिए धैर्य के साथ काम करें। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाने की कोशिश करेंगे। आपकी लंबी अवधि की योजनाएं आगे बढ़ सकती हैं। किसी सहयोगी की बात आपको थोड़ी बुरी लग सकती है, लेकिन संयम बनाए रखें।

**मीन**- आज का दिन धन के मामलों में सावधानी बरतने का संकेत दे रहा है। किसी बड़े निवेश से फिलहाल दूरी बनाए रखना ही बेहतर रहेगा, वरना नुकसान उठाना पड़ सकता है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को बिना विशेषज्ञ की सलाह के आगे बढ़ने से बचना चाहिए। आपको हर बात पर सतर्क रहकर काम करना होगा और किसी अनजान व्यक्ति की बातों पर तुरंत भरोसा न करें।

## शब्दजाल - 8202

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | म | म | म | न | च | ली | क | म | ल | म |
| म | वा | ब | लि | दा | न | म | मौ | स | ल | न |
| र्या | ह | म | र | ते | द | म | त | क | य | की |
| दा | ब | बं | र | दे | म | ब | द | ल | श | आं |
| म | इ | म | म | सं | व | क | श | र | मं | खें |
| हा | म | म | ई | म | र | क | स | ना | जि | ज |
| रा | बं | द | श | र्द | क | मं | र | द | ल | ब |
| म | र | ब | र | व | ज | सी | ग | न | प | न |
| क | म | ल | ज | इं | बा | री | ऐ | ल | प | र |
| क | शा | ल | म | बू | डि | स | म | ब | पां | जा |
| का | ल | बं | ध | न | क | या | म | ग | प | डे |

*शब्द जाल में 'म' नाम से शुरु होनेवाली 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.नाम उपर से नीचे, नीचे से उपर, दाएं से बाएं एवं तिरछे भी हैं.*


मंजिल, मर्यादा, मदर इंडिया, मर्द, मशाल, मरते दम तक, मकसद, मनचली, मंगल पांडे, मन की आंखें

### शब्दजाल - 8201 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | उ | त्त | र | प्र | दे | श | ब | ना | क | प्र |
| ती | क | ती | ति | ल | क | व | जी | ग | कृ | गु |
| के | इ | रा | त | त | मि | ल | ना | डु | आ | ज |
| र | क | के | ज | ज | जा | पु | का | प्र | प | रा |
| ल | प्र | क | का | स्था | ग | प्र | अ | प्र | श | त |
| झ | झा | का | प्र | ल | न | ह | झ | दे | ना | ण |
| घ | र | ती | श | षी | म | प्र | प्र | से | क | क |
| ला | खं | क | ता | तै | ई | ध्य | ब | र्ना | फ | लो |
| श | ड | प्र | बि | हि | म | ई | ट | प्र | री | प |
| प | जा | द | र | हा | प | क | जी | उ | ड़ी | सा |
| प | प्र | क | क | प्र | र | है | या | रा | बा | प्र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7146



**बायें से दायें:-**

१. अनिल कपूर, श्रीदेवी, उर्मिला की 'हो मुझे प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मन क्यों बहका रे' गीत वाली फिल्म-३
५. जैकी, संजयदत्त, रवीना की 'याइला रे लड़की मस्त मस्त' गीत वाली फिल्म-२
६. 'छोटा बच्चा जानके' गीतवाली फिल्म-३
७. अक्षय, जैकी, सुनील, रवीना, लारा की 'कोई प्यार ना करे' गीतवाली फिल्म-२
८. फिल्म 'चलते चलते' में नायिका-२
९. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की 'जिया जले जान' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'खुल गया नसीब देखो साला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा की फिल्म-२
१२. अमिताभ, फरदीन, करीना की 'जब नहीं आये थे' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१४. बिश्वजीत, माला सिन्हा की 'अकेला हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'तेरी दुनिया से दूर' गीत वाली महीपाल, श्यामा की फिल्म-३
१८. कंवलजीत, वहीदा रहमान की 'पर्वतों के पेड़ों पर' गीत वाली फिल्म-३
२०. मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. राजेशखन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२
२३. देव आनंद, माला की 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरी उमर के नौजवानों' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
२८. नसीर, आमिर, सोनाली की 'होशवलों को खबर' गीत वाली फिल्म-५
२९. 'प्रहार' में डिम्पल के साथ नायक ?-२
३०. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'मैं क्या करूं राम' गीतवाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'जब कोई बात बिगड़ जाये' गीत वाली विनोद खन्ना, मीनाक्षी शेशद्रि की फिल्म-२
२. संजीवकुमार, लीना चंदावरकर की 'पैसे बिना प्यार फिजूल है' गीत वाली फिल्म-३
३. 'इन आँखों की मस्ती के' गीत वाली नसीर, फारूख शेख, रेखा की फिल्म-४,२
४. राजकुमार, सुनीलदत्त, साधना, शर्मिला की 'हम जब सिमट' गीत वाली फिल्म-२
५. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
७. जैकी श्रॉफ, जूही, अमृता की 'मेरी बन्नो की' गीत वाली फिल्म-३
९. 'शाम है धुआं धुआं' गीत वाली अजय देवगन, मधु, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-४
१०. विनोद खन्ना, नीतूसिंह की 'बनके संवरके मैं निकली' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'अगर जिंदगी हो तेरे' गीत वाली अविनाश वधावन, आयशा की फिल्म-३
१७. गुरूदत्त, आशा पारेख की 'वो दिल कहाँ से लाऊं' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२०. संजीवकुमार, रेहाना सुल्तान की फिल्म-३
२४. 'छू कर मेरे मन' गीत वाली अमिताभ, अमजदखान, नीतूसिंह की फिल्म-३
२५. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली विनोद मेहरा, सायराबानो की फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की 'मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-४
२९. संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 7145

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्व | दे | श | | स | ड़ | क | | आ | ह |
| र्ग | | रा | हु | ल | | स | र | ग | म |
| | बॉ | बी | | मा | लि | क | | | जो |
| अ | क्स | | डॉ | न | | | जं | ग | ली |
| ध | र | ती | | खा | मो | शी | | र्व | |
| र्म | | स | | न | | बा | जी | | का |
| | क | री | ना | | प | | त | ला | श |
| स | | क | | सू | र | ज | | वा | |
| प | ड़ो | स | न | | वा | | बा | रि | श |
| ने | | म | | गु | ना | ह | | स | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**19 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मीन | 05.53 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मेष | 07.27 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.07 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.05 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 13.19 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 15.35 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 17.47 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 19.57 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 22.12 ब.से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | धनु | 00.28 बजे से |
| | | मकर | 02.33 बजे से |
| | | कुंभ | 04.20 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 78 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** चैत्र(दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 06.53 बजे तदनन्तर प्रतिपदा 04.53 बजे प्रात: को समाप्त **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 04.05 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 01.17 बजे रात्र को समाप्त। **करण** नाग 06.53 बजे, किंस्तुघ्न 17.56 बजे तदनन्तर बव 04.53 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 00° 38' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872653 **जूलियन दिन** 2461118.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रमजान **तारीख** 29 **विशेष** गुड़ी पड़वा, युगादी, चैत्र नवरात्रि, ज्योतिष दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: संघर्ष की राह

बालक ईश्वरचंद्र के पिता को तीन रुपये मासिक वेतन मिलता था। परिवार बड़ा था इसलिए घर का खर्च चलना मुश्किल था। ऐसी स्थिति में बालक ईश्वरचंद्र की पढ़ाई का प्रबंध कैसे होता। ईश्वरचंद्र ने अपने पिता की विवशता को देख कर अपनी पढ़ाई के लिए रास्ता खुद ही निकाल लिया। उसने गांव के उन लड़कों को अपना मित्र बनाया, जो पढ़ने जाते थे। उनकी पुस्तकों के सहारे उसने अक्षर ज्ञान प्राप्त कर लिया। एक दिन कोयले से जमीन पर लिख कर उसने अपने पिता को दिखाया। पिता ने ईशवरचंद्र की विद्या के प्रति लगन देखकर तंगी का जीवन जीते हुए भी उसे गांव की पाठशाला में भर्ती करा दिया। स्कूल की सभी परीक्षाओं में ईश्वरचंद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आगे की पढ़ाई के लिए फिर आर्थिक तंगी आड़े आ रही थी। ईश्वरचंद्र ने फिर स्वयं अपनी राह बनाई और आगे पढ़ने के लिए माता-पिता से केवल आशीर्वाद भर मांगा। उसने कहा, 'आप मुझे किसी विद्यालय में भर्ती करा दें। फिर मैं आप से किसी प्रकार का खर्च नहीं मांगूंगा।' ईश्वरचंद्र का कोलकाता के एक संस्कृत विद्यालय में दाखिला करा दिया गया। विद्यालय में ईश्वरचंद्र ने अपनी लगन और प्रतिभा से शिक्षकों को प्रसन्न कर लिया। उसकी फीस माफ हो गई। ईश्वरचंद्र के मित्रों ने किताबें उपलब्ध करा दीं। फिर उसने अपना खर्च पूरा करने के लिए मजदूरी शुरू कर दी। ऐसी स्थिति में भी उसने इतना परिश्रम किया कि उन्नीस वर्ष की आयु तक पहुंचते-पहुंचते वह व्याकरण, साहित्य, स्मृति तथा वेदशास्त्र में निपुण हो गया। जिसके लिए पढ़ना ही कठिन था वह एक बड़ा विद्वान बन गया। आगे चल कर यही बालक ईश्वरचंद्र विद्यासागर के नाम से विख्यात हुआ।

## सूडोकु नवताल- 7455

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7454 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्द पहेली - 8670



**बाएँ से दाएँ**

1. जनमत-4
4. सचेत,सजग-4
7. सहयात्री,संगी-5
9. रुपया,पैसा -2
11. छोटी सवारी गाड़ी-2
12. घ्राणेंद्रिय-2
13. बेकार-3
15. झुका हुआ-2
16. बसंत काल-3
17. टिड्डा-3
18. अन्वेषण,ढूंढना-2
19. जलने की प्रक्रिया-3
21. एक विदेशी शराब-2
23. कला,हुनर-2
24. मैंदे की एक प्रकार की रोटी-2
25. आत्मबलिदानी-5
29. करामात-4
30. नामसूची-4

**ऊपर से नीचे**

1. पूजा,प्रार्थना-4
2. मार्ग,पथ-2
3. यमराज,मृत्युदेवता-2
4. स्वच्छ-2
5. दूल्हा,वरदान-2
6. द्वेष,ईर्ष्या-4
8. तमीज,तहजीब-3
10. सेंधमार-5
11. चुगली करना-5
13. देवर्षि-3
14. रसद,खाद्य सामग्री-3
18. भयानक,डरावना-4
20. अक्षर (उर्दू-3)
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर की फिल्म-5
25. तेज,सत्य-2
26. ईश्वर,भगवान-2
27. रुदन,क्रंदन-2
28. मोमबत्ती(उर्दू-2)

### शब्द पहेली -8669 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | ला | क | | ह | म | रा | ज |
| म | | | म | ह | क | | | रू |
| ना | | श | त | | ला | ल | | र |
| ना | म | क | र | ण | | की | म | त |
| | लि | | ता | | म | | क़ा | |
| अ | न | ल | | मा | न | क | र | ना |
| रा | | हू | र | | मो | ल | | ब |
| ज | | | ज | ग | ह | | | ना |
| क | रा | मा | त | | क | ल | श | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# वारी मंदिर के पीछे मिले दो शव के मामले में पुलिस की जांच हुई तेज

## महिला जमुना बाई यादव के शरीर पर मिलें चोट के निशान

पद्मेश न्यूज। लांजी।

**बहेला थाना अन्तर्गत ग्राम वारी में देवी मंदिर के पीछे मिले दो शव को लेकर अब पुलिस की सुई हत्या के प्रकरण के साथ आगे बढते हुई दिखाई दे रही है। बतादे कि विगत दिनों में माँ पांढरी पाट देवी मंदिर के पीछे जंगल में सर्वप्रथम चरणगीर उर्फ बंशी गिरी जोगी का शव पुलिस ने बरामद किया इसके साथ दुसरे दिन महिला जमुना बाई यादव का शव पुलिस ने बरामद किया। बंशी गिरी के शव को लेकर तो आत्महत्या का कारण सामने आ रहा था लेकिन जब महिला जमुना बाई यादव का शव बरामद हुआ तो महिला के सर पर भारी चोट के निशान थे जिससे यह तो साफ था कि महिला किसी पत्थर या अन्य भारी वस्तु से चोट पंहुचाई गई है बहरहाल मौका स्थल पर एफएसएल टीम भी पंहुचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाये गये है जो कि फोरेसिंक जांच के लिये भेजे गये है। दोनो ही शव का पोस्टमार्टम कर विष्रा प्रीजव किया गया है पीएम रिपोर्ट आने के पश्चात यह स्थिती स्पष्ट हो जायेगी की दोनो ही मृत्यू कैसे हुई है।**





### शव का मिलना अनेको चर्चाओ का विषय

क्षेत्र में वारी एक प्रसिद्ध पर्यटन एवं धार्मिक स्थल के रूप में जाना जाता है। माँ पांढरी पाट माता के दर्शनो के लिये भी यहां हजारो श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। ऐसे में देवी धाम के पीछे जंगल मे दो शव का मिलना और वह भी यह दोनो व्यक्ति मंदिर से ताल्लुक रखते थे लेकिन बीते एक वर्ष से दोनों ही ग्राम वारी स्थित मंदिर में कार्य छोड़कर जा चुके थे। अब जब घटना घटित हुई तो बताया जा रहा है कि बीते कुछ दिन पूर्व ही बंशी और जमुना बाई वारी आये हुये थे कुछ लोगो ने इन्हे देखा भी है यह भी बताया जा रहा है। अब जब मंदिर के पीछे बंशी और जमुना बाई का शव बरामद किया गया है तो अनेको सवाल खड़े हो रहे है, जिनमें प्रथम तो यह कि ये दोनो वारी वापस क्यों और कब आये थे। क्या बंशी ने ही जमुना बाई की हत्या कर स्वयं आत्महत्या कर ली यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। या और कोई कारण हो सकते है इनके शव मिलने के पीछे जो कि पूर्ण रूप से पुलिस जांच का विषय है। बहरहाल पुलिस के द्वारा कोटवार के कथन के आधार पर बहेला थाने में महिला के हत्या के संदेह में अपराध क्रमांक 9/26 धारा 103-1 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है वहीं बशी गिरी के संबध में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### इनका कहना है-

उक्त संपूर्ण मामले को लेकर लांजी एसडीओपी ओमप्रकाश ने बताया कि थाना बहेला के ग्राम वारी में मंदिर के लगभग 100-200 मीटर पीछे 16 मार्च को मृतक बंशी का शव मिला था जो बेमेतरा छत्तीसगढ़ का निवासी है। प्रथम दृष्टया लगा की जहर खाकर मौत हुई होगी। जिसका पोस्टमार्टम करवा दिया है और रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। 16 मार्च को शव मिलने के बाद आस-पास खोजबीन की तो 17 मार्च को सुबह एक महिला का भी शव बरामद हुआ है जिसकी पहचान जमुना बाई यादव छत्तीसगढ़ के गंडई निवासी के रुप में हुई है। दोनों शव लगभग 200 मीटर की दुरी पर मिले हैं। मृतका के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं, और पास में पत्थर भी मिला है जिसमें खुन के निशान मिला है जिस संबध में जांच की जा रही है। जांच में पता चला है कि दोनों मृतक एक-दूसरे को जानते थें। कुछ समय तक संपर्क में थें और कुछ महीने पहसे ही गुजरात में साथ में काम कर रहे थें। दोनो ही शवों को बरामद कर पीएम करवाया जा चुका है साथ ही एफएसएल टीम के द्वारा भी फोरेसिंक जांच हेतु सैंपल एवं साक्ष्य इकठ्ठा किये गये है। अग्रिम साक्ष्य एवं तथ्यो के आधार पर कार्यवाही की जावेगी। वहीं मौका स्थल पर एक मोटर सायकल भी बरामद की गई है जिसमें महिला पुरूष की कुछ सामग्री प्राप्त हुई। सभी बिन्दुओं को जांच मे लिया जाकर कार्यवाही की जा रही है। जो भी साक्ष्य सामने आयेंगे उस आधार पर अग्रिम विवेचना की जावेगी।

**ओमप्रकाश ( भापुसे )**
**एसडीओपी लांजी**

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ कोटेश्वर महोत्सव का शुभारंभ

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** माँ लंजकाई की पावन धरा व दादा कोटेश्वर की नगरी में 18 मार्च से 27 मार्च तक धार्मिक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक लोक आस्था का उत्सव कोटेश्वर महोत्सव का आयोजन विधायक राजकुमार कर्राहे एवं कोटेश्वर महोत्सव समिति के द्वारा नगर के वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। जिसका विधिवत विधायक राजकुमार कर्राहे, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले व अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में दादा कोटेश्वर महादेव एवं राम दरबार के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया।




दस दिन चलने वाले इस कोटेश्वर महोत्सव में विविध प्रकार के धार्मिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल कूद आदि आयोजन आयोजित किये जायेंगे। वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में आयोजित इस कोटेश्वर महोत्सव के संबंध में समिति के द्वारा जानकारी में बताया गया कि यहां व्यवसायिक मेले का भी आयोजन किया गया है। साथ ही कोटेश्वर महोत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कबड्डी प्रतियोगिता 19 एवं 20 मार्च को विधानसभा स्तरीचय पंचायती कबड्डी प्रतियोगिता पुरूष वर्ग प्रथम पुरस्कार 15 हजार, द्वितीय पुरस्कार 10 हजार, तृतीय पुरस्कार 5 हजार तथा चतुर्थ पुरस्कार 3 हजार रूपये निध्रारित किया गया है। साथ जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाना सुनिश्चित है जिसमें भी प्रथम पुरस्कार 15 हजार, द्वितीय 10 हजार, तृतीय 5 हजार तथा चतुर्थ 3 हजार रूपये महिला विजेताटीमों को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता में पंजीयन हेतु 17 मार्च तक समिति के सदस्यो से संपर्क कर किया जा सकता है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 21 मार्च को शाम 7 बजे से किया गया जिसमें देश के नामी कवियों के द्वारा कवि सम्मेलन में समा बांध कर काव्य पाठ किया जायेगा। कवि सम्मेलन में मंच संचालक सुनील समैय्या, कवि ओज एवं हास्य, कुंवर जावेद अंतराष्ट्रीय शायर एवं गीतकार कोटा राजस्थान, दिनेश देशी घी हास्य कवि उज्जैन मप्र.,लक्ष्मण नेपाली लाफ्टर फेम काठमांडू, नेपाल, श्रृद्धा मौर्य कवित्री ओज एवं श्रृंगार नागपुर, मुकेश चिराग हास्य कवि हरदा मध्यप्रदेश इन सभी कावियों के द्वारा अपनी एक से बढकर एक काव्य पाठ किया जायेगा। 23 मार्च को माँ भगवती देवी जागरण जहां सुप्रसिद्ध भजन गायिका प्रीति सरगम सिंह जबलपुर एवं उनकी टीम के द्वारा एक से बढकर एक देवी गीतों, भजनों की प्रस्तुती दी जावेगी। 24 एवं 25 मार्च को सांस्कृति समूह नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। जो कि दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्य और भी कार्यक्रमो का आयोजन कोटेश्वर महोत्सव के अन्तर्गत संपादित होंगे जिसमे क्षेत्र की प्रतिभाओ को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होगा। विधायक राजकुमार कर्राहे एवं समिति के सदस्यो के द्वारा क्षेत्र सहित आस पास के सभी जनों से उक्त कार्यकमों में उपिस्थती की अपील की गई।

# एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगांव के 15 बच्चों का नवोदय में चयन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल, भानेगांव ने एक बार फिर गौरव का क्षण सृजित किया है। लॉजी विकासखंड में स्थित स्व. श्री महेश कुशले शिक्षा एवं जनकल्याण समिति द्वारा संचालित अशासकीय विद्यालय से जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 (कक्षा 6वीं) में 15 प्रतिभाशाली छात्रों का चयन हुआ है। यह सफलता स्कूल के लिए विशेष रूप से गर्व की बात है, क्योंकि पिछले 8 वर्षों में अब तक कुल 59 बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी के लिए चयनित हो चुके हैं।



### उत्कृष्ट प्रदर्शन और टॉप रैंकर्स

इस वर्ष के चयनित छात्रों में जिले स्तर पर शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। निहाल सिंह पिता विद्यानंद भटेरे बोलेगांव ने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पारस पिता प्रकाश रंगारी कान्द्रीकला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनकी मेहनत और स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ने पूरे क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

### विद्यालय से चयनित छात्र-छात्राएं

अतुल पिता सरोज कालबेले सिरेगांव, दक्ष पिता चेतन मेश्राम, दिव्यांश पिता मेघ्रलाल बोपचे गन्नाटोला, डिंजल पिता सुरेश बेदरे भानेगांव, कु. हिमानी पिता कपुरचंद गौतम सावरीकला, लक्ष्य पिता महेश नखाते पारडी, लोकांश पिता विनोद बेदरे भानेगांव, मंयक पिता प्रभु पांचे सेवती, मोर्य पिता चिंतामन मिसारे सेवती, कु. रित्री पिता प्रहलाद बेदरे टेडवा, शिवम पिता डॉ. प्रकाश बेदरे टेडवा, कु. दिव्या पिता जयगणेश मंसुरे गोर्रे, कु. सानवी पिता अमित कुमार बिल्लारे कुम्हारीकला ये सभी बच्चे अपने अथक परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग से इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने न केवल अपने स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि माता-पिता और पूरे समुदाय का सिर भी ऊंचा किया है।

### स्कूल परिवार की खुशी और बधाई

स्कूल संचालन समिति के अध्यक्ष बलराम बड़घैया, उपाध्यक्ष सुभाष कुशले, सचिव राजाराम कुशले, स्कूल संचालक ए. आर. कुशले, प्रधानपाठिका श्रीमती ममता कुशले ने इन बच्चों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। मार्गदर्शक शिक्षक रोहित चंदेल, सुभम मेश्राम, नरेन्द्र कटरे, सुरेन्द्र देवाहे सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बेदरे, विजय पटले, उपाध्यक्ष प्रकाश पटले, रोहितलाल बिलधैया, सचिव भुमेश्वर तुरकर, गणेश बाहे, सहसचिव दुलीचंद कावडे, खुशराज राहंगडाले ने भी बधाई दी। महिला संघ समिति की अध्यक्ष श्रीमती सविता मिसारे, योगिता राहंगडाले, उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का भर्रे, सुजाता रामटेके, सचिव श्रीमती वर्षा पटले, सीमा इनवाती, सह-सचिव श्रीमती कविता कुशले, पदमा बिहोने तथा कार्यालय स्टाफ कमलेश ठाकरे, कु. सुनिता नखाते, सीमा येरपुड़े ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

# पेंशनर्स एसोसिएशन ने लांजी सेक्टर मनाया गया होली मिलन समारोह

## लांजी सेक्टर की कार्यकारिणी का मनोनयन





**पद्मेश न्यूज। लांजी।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा लांजी के तत्वावधान में समस्त सेक्टरों में होली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसी के अंतिम कड़ी में 18 मार्च को लांजी सेक्टर की बैठक प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु मंदिर के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती कर किया गया। तत्पश्चात सभी उपस्थित सदस्यों ने परिचय उपरांत आपस में गुलाल लगाकर एवं गले मिलकर बधाई दी।

### लांजी सेक्टर की कार्यकारिणी का किया मनोनयन

बैठक के दौरान पेंशनर्स एसोसिएशन लांजी सेक्टर की कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें संरक्षक गिरिश रामटेककर, सदाराम धारणे, अध्यक्ष टी डी लिल्हारे, उपाध्यक्ष एस डी खरगाल, टी सी बिहोने, बी आर ढोक, सचिव बी आर बल्ले, सहसचिव टी एल कटरे, कोषाध्यक्ष उमंग प्रसाद कबीरे, संगठन सचिव हुलासराम कोठारे, एवं सदस्यों में डी आर सोनवाने, पी आर खरे, शेषराम घोरमारे, केशोराव राणे, राजहंस टेंभरे, घनश्याम खोंगल, येशुराम घोरमारे, शम्भुदयाल सहारे, दिलीप कुमार ठाकरे, राजाराम लिल्हारे, राजेन्द्र मुरकुटे, परमेश्वर कुथे, लोकेश्वर सोनवाने, गोरेलाल जांभुरे, भोजराज घोंघड़े, देवराम धारणे, श्रीराम सोनवाने, महिला सदस्य श्रीमती खिलावंती थोटे, रायाबाई रणदिवे आदि का समावेश किया गया। उपरोक्त चयनित कार्यकारिणी के सदस्यों को प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा लांजी के सचिव आई एस चौहान ने शपथ दिलाई। बैठक में प्रमुख रूप से प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा लांजी के अध्यक्ष एस आर ठाकरे, सचिव आई एस चौहान, कोषाध्यक्ष एन एल बसेना, उपाध्यक्ष टी डी लिल्हारे, बाबूराव बल्ले सहित सभी सदस्यगण उपस्थित थे।



# हिन्दू नववर्ष का पर्व गुढ़ीपाड़वा आज

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** भारतीय सांस्कृतिक विरासत का पर्व गुढ़ीपाड़वा आज विक्रम संवत 2083 चैत्र प्रतिप्रदा को हिन्दू नववर्ष के रूप में धूमधाम से मनाया जावेगा। इसके लिए हिन्दू परिवारों द्वारा अपने घरों में ध्वजाएं लगाकर नववर्ष के स्वागत की तैयारियां की जा रही है। चैत्र नवरात्री पर्व 19 मार्च से 27 मार्च तक बड़ी श्रद्धा, उल्लास, उमंग और अनुष्ठान साधना यज्ञ सहित सारे देश भर में मनाया जायेगा। इन नौ दिनों में गायत्री मंत्र जप अनुष्ठान साधना अत्यंत सिद्ध, सशक्त एवं पुण्यदायी है। हमारी सनातन संस्कृति ऋषि चिंतन द्वारा प्रणीत परिपूर्ण है। हम अपने व्रत - उपवास, पर्व त्यौहार शादी - विवाह सब कुछ जिस पंचांग के अनुसार मानते हैं उसका शुभारम्भ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। गुणों की वृद्धि करने वाली गुडी पडवा के रूप में विख्यात यह पवित्र दिन हिन्दू नववर्ष का प्रथम दिन माना गया है। सभी परिजन इस शुभ दिन को मनाने के लिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 को प्रातःकाल गायत्री मंत्र जप के बाद देशभर में एक साथ प्रातः 8 बजे सामूहिक सूर्यार्ध्य दान करेंगे एवं सायं 7 बजे अपने दरवाजे पर 5-5 दीपक सजाकर नूतन वर्ष का स्वागत करें। सूर्योदय के पहले ही अपने मुख्य द्वार पर तोरण पताका, आम्र पल्लव का वन्दनवार रंगोली आदि सजाएं। नव जागृति का शंखनाद करें।

# आज हिन्दु नव-वर्ष पर गणेशी तालाब में किया जाएगा दीपदान

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी लांजी नगर के सनातनी महिलाऐं एवं राष्ट्र सेविका समिति की समस्त सदस्य गणों के द्वारा आज हिन्दु नववर्ष, गुड़ी पाड़वा एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के धार्मिक आस्था केन्द्र गणेशी तालाब में दीपदान किया जाएगा। राष्ट्र सेविका समिति लांजी की प्रमुख श्रीमती नीलम भर्रे द्वारा हिन्दु नववर्ष पर दीपदान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महिलाओं की बैठक कर एवं नगर में सूचना देकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील है।कार्यक्रम के तहत आज चैत्र प्रतिपदा गुड़ी पाड़वा हिन्दु नववर्ष मनाया जाएगा। जिसके तहत राष्ट्र सेविका समिति के तत्वावधान में नगर की सभी सनातनी महिलाऐं शाम 5.30 बजे नगर परिषद प्रांगण में एकत्रित होकर पूजा-अर्चना के साथ ही भारत माता की आरती कर गणेशी तालाब में दीपदान किया जाएगा। राष्ट्र सेविका समिति लांजी की प्रमुख श्रीमती नीलम भर्रे ने सभी सनातनी महिलाओं से आरती एवं कम से कम पांच दीपक साथ लेकर आने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



# भारत माता पब्लिक स्कूल लांजी के धैर्य इनवाती का नवोदय में चयन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** धैर्य इनवाती ने राष्ट्रीय स्तर की नवोदय चयन परीक्षा पास कर फिर रचा इतिहास-लांजी के हमारे संस्थान भारत माता पब्लिक स्कूल के कक्षा 5वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी धैर्य पिता - रतनलाल इनवाती माता - ललिता इनवाती नगर पंचायत वार्ड नंबर 1 बकरामुंडी,लांजी निवासी ने राष्ट्रीय स्तर की नवोदय प्रवेश परीक्षा में नगरीय क्षेत्र के 25 प्रतिशत की सीट पर राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में चयनित होकर हमारे लांजी क्षेत्र का गौरव बढ़ाया हैं, ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्रो के विद्यार्थियों के लिए इस परीक्षा में 75 प्रतिशत सीट होती है पर धैर्य इनवाती ने नगरी क्षेत्र के संस्थान में अध्ययनरत होकर भी यह उपलब्धि हासिल की यह सफलता बताती है कि विद्यार्थियों को अपने गुरुजनों का उचित मार्गदर्शन और संस्थान का समर्पण और सतत उचित मार्गदर्शन मिले तो कुछ भी असंभव नहीं,धैर्य ने इसके पूर्व भी इसी वर्ष छठवीं में राष्ट्रीय स्तर की सैनिक पात्रता परीक्षा भी उत्तीर्ण कर अपनी सफलता का इतिहास लिखा हैं और हम सबका और लांजी क्षेत्र का सम्मान भी बढ़ाया है,स्कूल प्रबंधन ने धैर्य की इस ऐतिहासिक सफलता पर उनकी इस सत्र की,कक्षा पांचवी की पूरी ट्यूशन फीस माफ करने का भी निर्णय लिया है,ताकि मेधावी छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना भी उत्पन्न हो,भारत माता स्कूल प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय उन अभिभावकों को दिया हैं जिनका संस्थान के प्रति विश्वास हैं उस विश्वाश को हम हर संभव पूरी मेहनत और लगन से विद्यार्थियों के प्रति




जवाबदेही के संकल्प से पूरा भी करेंगे, यह भी उल्लेखनीय है कि इस संस्थान के छात्रों का सत्र 2025-26 में क्रमश: खुशी दहीकर और धैर्य इनवाती का चयन सैनिक स्कूल के लिए तथा सत्र 2022-23 में हर्ष शेण्डे का भी सैनिक स्कूल में चयन तथा सत्र 2023-24 में कौस्तुभ पिछोड़े का चयन भी नवोदय के लिए हुआ है लांजी जैसे पिछड़े क्षेत्र में लगातार चयन संस्थान के विधार्थियो के प्रति समर्पण को भी दर्शाता हैं छात्र की सफलता पर संस्थान में आज उनके माता पिता के साथ धैर्य का सम्मान समारोह आयोजित कर प्रमाण पत्र, शील्ड, मेडल और ट्यूशन फीस वापसी की गई, भारत माता पब्लिक स्कूल के संचालक गुलाबचंद लोधी एवं बिनिश मैथ्यू नवोदय शिक्षक शिवम रामटेक्कर तथा भारत माता पब्लिक स्कूल के समस्त स्टाफ ने बधाई प्रेषित की है।

# भोपाल एयरपोर्ट पर हड़कंप, मप्र के राज्यपाल मंगूभाई पटेल की दिल्ली फ्लाइट में आई खराबी

भोपाल। एयर इंडिया की भोपाल से दिल्ली जा रही उड़ान में मंगलवार रात को अचानक तकनीकी खराबी आ गई। इस कारण उड़ान को रोक देना पड़ा। इस उड़ान से राज्यपाल मंगूभाई पटेल भी दिल्ली जा रहे थे। खराबी के कारण उन्हें विमान से वापस उतरना पड़ा। जानकारी के अनुसार एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 2760 रात्रि करीब आठ बजे दिल्ली के लिए टेकऑफ हो रही थी।

### टेकऑफ से ठीक पहले आई खराबी : सुरक्षा की दृष्टि से रोका विमान

राज्यपाल सहित सभी यात्री विमान में सवार हो गए थे। विमान स्टार्ट करते समय तकनीकी खराबी आ गई। चालक दल ने सुरक्षा की दृष्टि से विमान को टेकऑफ नहीं होने दिया। इसी बीच राज्यपाल मंगूभाई पटेल को विमान में खराबी होने की सूचना दी गई। बाद में राज्यपाल विमान से उतरे। उन्हें एयरपोर्ट के वीआईपी लाउंज में इंतजार करने को कहा गया।



### दो घंटे की मरम्मत के बाद उड़ान- एयरपोर्ट डायरेक्टर ने दी जानकारी

उड़ान को सुधारने एवं फिटनेस मिलने में करीब दो घंटे का वक्त लगा। फिटनेस मिलने के बाद राज्यपाल पुन- विमान में सवार हुए। इसके बाद विमान टेकऑफ हुआ। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी के अनुसार विमान सामान्य रूप से लैंड एवं टेकऑफ हुआ। किसी ने इमरजेंसी होने की अफवाह फैला दी। राज्यपाल को केवल इंतजार करना पड़ा। उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हुई।

# तनीशी कंगाले ने बढ़ाया चांगोटोला का मान

पद्मेश न्यूज। चांगोटोला। क्षेत्र के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि द स्कूल ऑफ पैंसी फ्लावर्स की प्रतिभाशाली छात्रा कु. तनीशी कंगाले पिता राजकुमार कंगाले ने जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

तनीशी की सफलता उनकी अथक मेहनत, अटूट आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। प्रारंभ से ही वे पढ़ाई के प्रति गंभीर, अनुशासित और सजग रही हैं, जिसके बल पर उन्होंने यह मुकाम प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि में उनके शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती श्यामली नाग ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि तनीशी ने विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया



है। उन्होंने बताया कि ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनती हैं और उन्हें अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी तनीशी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी लगन, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही उनकी सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तनीशी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करती रहेंगी।

तनीशी की इस सफलता से विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। सभी ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है और आशा जताई है कि वे आगे चलकर समाज और देश के लिए एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व बनेंगी।

# एनसीसी कार्यालय में चालक का फंदे में लटका मिला शव

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। कोतवाली क्षेत्र के शांतिनगर स्थित एनसीसी कार्यालय में बुधवार को एक चालक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अच्छेलाल उईके 55 वर्ष शांतिनगर निवासी के नाम से की गई । जो कार्यालय में चालक के पद पर कार्यरत थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।



जानकारी के अनुसार 18 मार्च की सुबह जब कार्यालय के कर्मचारी पहुंचे तो उन्होंने अच्छेलाल को आवाज दी।लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। मोबाइल पर कॉल करने पर फोन की घंटी एक कमरे से सुनाई दी। कमरे का दरवाजा खोलकर देखने पर अच्छेलाल गमछे के सहारे छत के हुक से लटके हुए था। जिसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना तत्काल पुलिस और परिजनों को दी गई। जांच अधिकारी एएसआई भुनेश ठाकरे के अनुसार अच्छेलाल पहले चालक थे।लेकिन करीब छह वर्ष पूर्व लकवाग्रस्त होने के कारण वे वाहन नहीं चला पाते थे और वर्तमान में चौकीदारी का कार्य कर रहे थे। 17 मार्च की शाम अच्छेलाल ड्यूटी पर पहुंचे थे और 18 मार्च की सुबह उनका शव कमरे के अंदर फंदे में लटका हुआ मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# पूज्य भंते यश थेरोजी का भव्य नगर आगमन, 20 को, धम्मदेशना, रथ यात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। शहर में आध्यात्मिक वातावरण का सृजन होने जा रहा है, क्योंकि श्रीलंका से पधार रहे पूज्य भंते यश थेरो जी का आगमन 20 मार्च को होगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के तहत भंते यश थेरो जी द्वारा धम्मदेशना दोपहर 12 बजे से दी जाएगी। यह धम्मदेशना उरूवेला बुद्ध विहार, अंबेडकर भवन, बालाघाट में आयोजित होगी।इसके अलावा, भंते जी के सम्मान में एक भव्य पावन रथ यात्रा भी निकाली जाएगी। यह रथ यात्रा सुबह 10:30 बजे उपासिका संध्या भालाधरे के निवास स्थान



( एमसीएस स्कूल के सामने, बूढ़ी बालाघाट) से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी।जो आईटीआई रोड से रानी अवंती बाई चौक, वहां काली पुतली चौक से अंबेडकर चौक, वहां से जय स्तंभ चौक होते हुए सीधे उरूवेला बुद्ध विहार, अंबेडकर भवन, पहुँचेगी। जहां इस रथ यात्रा का समापन किया जाएगा।आयोजकों द्वारा बताया गया है कि यह कार्यक्रम समाज में शांति, करुणा और बौद्ध धम्म के संदेश को फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक उपासक उपासकों के शामिल होने की अपील आयोजकों द्वारा की गई है।

# वीरांगना अवंती बाई का बलिदान दिवस 20 मार्च को

पद्मेश न्यूज। बालाघाट।जिला लोधी महासभा के नेतृत्व में 20 मार्च को वीरांगना अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस इस वर्ष शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शोभायात्रा मुख्य आकर्षण रहेगी।

इस संबंध में आयोजित पत्रकारवार्ता में जिला लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक लिल्हारे, कार्यक्रम अध्यक्ष बी.एल. लिल्हारे एवं युवा जिलाध्यक्ष हर्ष मुंजारे ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वीरांगना अवंती बाई का बलिदान दिवस मनाया जाएगा, लेकिन इस बार कार्यक्रम को विशेष स्वरूप दिया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत 20 मार्च को दोपहर 2 बजे बस स्टैंड स्थित अवंती बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ होगी। इसके पश्चात यहीं से एक शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। शोभायात्रा में नागपुर और रायपुर से आकर्षक झांकियां शामिल होंगी, जो समाज को प्रेरणादायक संदेश देंगी। साथ ही लगभग 500 महिलाएं वीरांगना अवंती बाई



की वेशभूषा में शामिल होकर शौर्य और साहस का संदेश देंगी, जो इस आयोजन की विशेष पहचान बनेगी। यह शोभायात्रा बस स्टैंड स्थित अवंती बाई चौक से प्रारंभ होकर काली पुतली चौक, राजघाट चौक, महावीर चौक, सुभाष चौक, नया सराफा बाजार, हनुमान चौक होते हुए अंबेडकर चौक तक पहुंचेगी और अंत में मोती तालाब परिसर स्थित स्वर्गीय रामाबापू प्रतिमा स्थल पर समापन होगा, जहां मंचीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पदाधिकारियों ने बताया कि वीरांगना अवंती बाई का जन्म भले ही लोधी समाज में हुआ था, लेकिन उनका बलिदान पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। इसलिए इस आयोजन को समाज तक सीमित न रखते हुए सर्वसमाज की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता शौकत बिसाने, प्रदेश सचिव धर्मपाल नगपुरे, पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र मोहारे, सुखदेव मुनि कुतराहे, यशवंत लिल्हारे, नितीन शिवहरे, प्रभुलाल पिछोड़े, राजेंद्र बघेले, शैलेंद्र ठकरेले सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पचपेढ़ी प्रशिक्षण केंद्र में जन-जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक भवन प्रशिक्षण केंद्र पचपेढ़ी (चांगोटोला) में किया गया। 17 मार्च को यह कार्यक्रम जिला समन्वयक सुशील बर्मन एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती वैजंती कटरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ पचपेड़ी की सरपंच श्रीमती संगीता राहंगडाले एवं वसुंधरा सेवा समिति पाथरवाड़ा के प्रतिनिधि ईशु लाल धावडे की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।




अतिथियों का स्वागत नवाकुंवर संस्था लामता की नारी शक्ति महिला संघ की अध्यक्ष इंद्राणी वरकडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य एवं नवाकुंवर सखियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देना, प्रस्फुटन समिति के गठन एवं पंजीयन की प्रक्रिया समझाना तथा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों से प्रतिभागियों को परिचित कराना रहा। इस दौरान आर्थिक एवं सामाजिक विकास, स्वावलंबन, स्वच्छता और सामूहिकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।इसके साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं के गठन, पंजीयन एवं आवश्यक दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया पर भी प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में रूपचंद बोरिकर ने प्रशिक्षक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने एवं समुदाय को सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुआ।

# तिरोड़ी में छापामार कार्रवाई, ढाबा-रेस्टोरेंट से घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 18 मार्च को तहसील तिरोड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत तिरोड़ी में तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान जायसवाल ढाबा एवं फैमिली रेस्टोरेंट में भारत गैस के 14.2 किलोग्राम के 2 घरेलू गैस सिलेंडर व्यावसायिक उपयोग में पाए गए। टीम ने मौके पर ही दोनों सिलेंडरों को जब्त कर लिया। जब्त किए गए गैस सिलेंडरों को चिरायु गैस एजेंसी तिरोड़ी को सुपुर्द किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# ब्राइट केरियर इंग्लिश स्कूल किरनापुर के चार बच्चे नवोदय विद्यालय हेतु चयनित

पद्मेश न्यूज। किरनापुर। तहसील मुख्यालय ग्राम किरनापुर मे संचालित ब्राइट केरियर इंग्लिश स्कूल, किरनापुर विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (छ्वहृङ्कस्ञ्) 2025-26 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा दिनांक 13 दिसंबर 2025 को आयोजित की गई थी तथा इसका परिणाम 17 मार्च 2026 को घोषित किया गया।इस परीक्षा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं में आराध्या सोनवाने पिता श्री सूरजलाल सोनवाने निवासी किरनापुर मौली बंसोड पिता श्री महेश बंसोड




निवासी किरनापुर; सम्राट मेश्राम पिता श्री महेंद्र मेश्राम निवासी पाला किरनापुर तथा यश नेवारे पिता श्री खुमेश नेवारे निवासी किरनापुर का चयन हुआ है।इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में हर्ष का माहौल है।विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नीता घोड़ेस्वार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य में और बेहतर परिणाम देने का संकल्प लिया है।

# टीईटी में कोर्ट की अवमानना से डर रही सरकार

## मंत्री रिव्यू पिटीशन पर गंभीर नहीं, अध्यादेश के लिए भी प्रयास नहीं होंगे

भोपाल। मध्यप्रदेश में डेढ़ लाख शिक्षकों की पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के निर्देश के बाद बढ़ते विरोध को देखते हुए शिक्षक संगठन अब मंत्रियों, सांसदों और विधायकों से लगातार मुलाकात कर रहे हैं। संगठनों की मांग है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करे। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह से मुलाकात के दौरान शिक्षकों को आंशिक सहानुभूति तो मिली, लेकिन रिव्यू पिटीशन को लेकर स्पष्ट सहमति नहीं बन पाई। मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला शिक्षकों के खिलाफ आया है, इसलिए रिव्यू पिटीशन भी शिक्षकों को ही दायर करनी चाहिए। हालांकि, शिक्षक संगठनों का आरोप है कि सरकार अपनी पूर्व गलतियों से बचने के लिए जिम्मेदारी शिक्षकों पर डाल रही है और खुद अवमानना से बचना चाहती है। ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर ने बताया कि संगठन ने मंत्री और विभागीय सचिव डॉ. संजय गोयल से मुलाकात कर समाधान निकालने का आग्रह किया है। संगठन की मांग है कि अन्य राज्यों की तरह सरकार खुद रिव्यू पिटीशन लगाए या केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर अध्यादेश के जरिए आरटीई एक्ट में संशोधन कराया जाए। शिक्षक संगठनों ने सरकार पर देरी का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय रहते दिशा-निर्देश दिए जाते तो आज यह स्थिति नहीं बनती। उनका कहना है कि 2010 में ही स्पष्ट निर्देश जारी किए जाते तो लाखों शिक्षक इस संकट में नहीं फंसते। सचिव संजय गोयल ने आश्वासन दिया है कि अभ्यावेदन का परीक्षण कराया जाएगा और रिव्यू पिटीशन पर निर्णय लेने से पहले शासकीय अधिवक्ता और विधि विभाग से राय ली जाएगी। सिंगौर के मुताबिक, यदि सरकार कदम नहीं उठाती है तो संगठन खुद मार्च के अंतिम सप्ताह तक सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करेगा। यह निर्णय मंडला जिले के बिछिया में हुई बैठक में लिया गया। संगठन ने यह भी सवाल उठाया कि एनसीटीई के निर्देश के बावजूद मध्यप्रदेश में नियमित रूप से ञ्चश्वञ्ज क्यों नहीं कराई गई? 2018 में संवर्ग परिवर्तन के दौरान पात्रता परीक्षा को नजरअंदाज क्यों किया गया? शिक्षक संगठन अब प्रदेशभर में जनप्रतिनिधियों से मिलकर समर्थन जुटाने की रणनीति बना रहा है, ताकि सरकार पर रिव्यू पिटीशन दायर करने का दबाव बनाया जा सके।

# चांगोंटोला व बुढ़ियागांव में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर कार्रवाई, 4 प्रकरण दर्ज

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 17 मार्च 2026 को संयुक्त जांच दल ने चांगोंटोला एवं बुढ़ियागांव क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। यह कार्रवाई श्री डी.एस. मरावी, नायब तहसीलदार लामता, श्री पी.एस. वलाड़ी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बालाघाट एवं थाना प्रभारी चांगोंटोला के नेतृत्व में की गई। जांच के दौरान बस स्टैंड चांगोंटोला स्थित गुरजीत उइके के चाय-समोसा ठेले से 1 घरेलू गैस सिलेंडर, हाई स्कूल के पीछे चांगोंटोला में पवन राठौर के होटल से 1 सिलेंडर, बाजार चौक बुढ़ियागांव में जयराम पिछोड़े के चाय-समोसा सेंटर से 1 सिलेंडर



तथा महेश पगरवार की कपड़ा दुकान में उपभोक्ताओं के लिए चाय बनाते समय 1 घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने पर जब्ती की गई। सभी प्रकरणों में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 के तहत कार्रवाई करते हुए चारों मामलों को न्यायालय, कलेक्टर बालाघाट में अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कुम्हारी पट मैदान में अवैध रेत भंडारण पर कार्रवाई, 400 ट्रॉली रेत जब्त

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले में अवैध खनन एवं रेत के अवैध भंडारण के खिलाफ प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 18 मार्च 2026 को तहसील बालाघाट अंतर्गत ग्राम कुम्हारी पट मैदान में अवैध रूप से भंडारित खनिज रेत पर संयुक्त कार्रवाई की गई।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने जानकारी देते हुए बताया कि खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं थाना कोतवाली पुलिस बल की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर लगभग 400 ट्रॉली रेत को विधिवत जब्त किया।

# ग्राम जामडी मे डॉ.अंबेडकर प्रतिमा स्थापना हेतु किया गया भूमिपूजन

पद्मेश न्यूज। किरनापुर। क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामड़ी के बाजार चौक में विश्व रत्न डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जी की भव्य प्रतिमा स्थापना के लिए आज दिनांक 18 मार्च 2026 दिन बुधवार को भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत जामडी सरपंच गुनीराम बोहरे ग्राम पंचायत उपसरपंच बालचंद बाहे , पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बालकृष्ण खोटेले, विजय खोटेले पंच, प्रदीप नागवंशी पंच, रामदास पांचे ,भीवा साहू लावाबुरे, रामचरण जमाहे, सुखचंद नारबोदे, रमेश पाचे, भंडारी मात्रे, श्यामराज जमाहे, दुरेंद्र सावनकर तहसील अध्यक्ष किरनापुर, सुरेश नागवंशी अध्यक्ष ग्रामीण शाखा जामड़ी , रमेश नागवंशी उपाध्यक्ष, संजय नागवंशी महासचिव, प्रमोद कुमार नागवंशी (शिक्षक), बसंत राव वाहने, अनिल सावनकर, धनादास नागवंशी, शुभम नागवंशी, विनोद नागवंशी, प्रवेश नागवंशी, सिद्धार्थ गेडाम, ताराचंद गेडाम, विजय



नागवंशी,ऐनेस मेश्राम, भीमराम सरवरे, मायाराम सरवरे, एवं समस्त प्रबुद्ध ग्रामवासी ग्राम जामड़ी एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत जामड़ी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पदोन्नति नियम उलझे पर सीआर लिखने का टाइम तय

## 30 जून तक सेल्फ एसेसमेंट दे सकेंगे कर्मचारी, समय पर रिपोर्ट नहीं लिखी तो अफसरों पर होगा एक्शन

भोपाल । लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 लागू करने के बाद हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई के बीच सामान्य प्रशासन विभाग ने कर्मचारियों, अधिकारियों की सीआर (गोपनीय चरित्रावली) लिखने की समय सीमा तय कर दी है। विभाग ने पदोन्नति से संबंधित प्रक्रिया शुरू होने के पहले प्रतिवेदक अधिकारी (रिपोर्टिंग ऑफिसर) और समीक्षक अधिकारी (रिव्यू ऑफिसर) के लिए टाइम लिमिट तय कर दी है। यह निर्देश इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि पदोन्नति नियमों के विरोध में हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई पूरी हो चुकी है और जल्दी ही इसको लेकर कोर्ट का फैसला आने वाला है। इस मामले में समय सीमा का पालन न करने वाले अफसरों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई है।

सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्षों, संभागीय आयुक्त और कलेक्टरों को दिए निर्देश में कहा है कि कर्मचारियों की गोपनीय चरित्रावली (सीआर) लिखने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर रहेगी और इसी स्थिति में सभी एसीआर फाइनल मानी जाएगी। सेल्फ असेसमेंट अवधि में वृद्धि होने से उतने ही दिनों में सभी स्तरों पर टाइम लिमिट बढ़ाई जाएगी तो भी 31 दिसंबर अंतिम तिथि ही होगी। निर्देशों में कहा गया है कि स्व मूल्यांकन के लिए अंतिम तिथि 30 जून एवं सभी स्तर पर संबंधित अधिकारी के अभिमत दर्ज किए जाने के लिए अंतिम तिथि 30 नवंबर रहेगी।

### दो माह में अभिमत दर्ज करेंगे रिपोर्टिंग अधिकारी

सीआर लिखने के लिए रिपोर्टिंग अधिकारी एवं स्वीकारकर्ता अधिकारी के लिए दो माह तथा समीक्षक अधिकारी के लिए एक माह की समय सीमा होगी। इसमें यह भी साफ किया गया है कि 31 दिसंबर के बाद दर्ज होने वाले प्रतिवेदन को समय बाधित माना जाएगा। अगर संबंधित अधिकारी कर्मचारी ने अपना स्व मूल्यांकन तय समय 30 जून तक प्रस्तुत नहीं किया है तो उसे भी समय बाधित माना जाएगा और इसकी सील प्रतिवेदन पर लगायी जाएगी। प्रतिवेदक अधिकारी भी अपना प्रतिवेदन बिना स्व मूल्यांकन कर लिखेंगे। यदि संबंधित अधिकारी अपना स्व मूल्यांकन कर दिया है परंतु उस पर किसी भी स्तर पर अभिमत 31 दिसंबर तक नहीं हो पाता है तो कोई भी टिप्पणी अभिलिखित नहीं की जा सकेगी और ऐसी स्थिति इन सभी स्तरों पर मूल्यांकन को समय बाधित माना जाएगा।

### सीआर से संतुष्ट नहीं तो एक माह में दे सकेंगे अभ्यावेदन

ऐसे मामलों में संबंधित पदोन्नति समिति द्वारा अधिकारी कर्मचारी की सभी अभिलेख और संबंधित वर्ष की स्व मूल्यांकन के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने यह भी कहा है कि अगर संबंधित अधिकारी कर्मचारी अपनी सीआर से संतुष्ट नहीं है तो वह एक माह के भीतर अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकेगा। अभ्यावेदन न प्रस्तुत करने की स्थिति में वार्षिक चरित्रावली अंतिम मान ली जाएगी। अगर गोपनीय प्रतिवेदन नहीं लिखने वाले प्रतिवेदक, समीक्षक, स्वीकारकर्ता अधिकारियों से विलंब के लिए उत्तरदायित्व निर्धारण किया जाकर संबंधित दोषी अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और उसके बाद अपने प्रतिवेदन में इसका उल्लेख किया जाएगा।



# कैमरुन, होल्डर सहित आईपीएल में ये खिलाड़ी आईपीएल में अपने को साबित कर पायेंगे ?

मुम्बई । इस माह के अंत में शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए सभी टीमें अपनी तैयारियों को अंतिम रुप दे रही हैं। 28 मार्च से शुरु हो रहे इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई ऑलरांडर कैमरुन ग्रीन और वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर के अलावा चार युवा खिलाड़ियों पर सबकी नजरें रहेंगी। इन खिलाड़ियों को नीलामी में उनकी टीमों ने करोड़ों रुपये में खरीदा था। अब देखन है कि ये खिलाड़ी अपने को साबित करने में सफल रहते हैं या नहीं। जिस प्रकार मोटी रकम इन खिलाड़ियों को दी गयी है उसको देखते हुए टीम चाहेंगे कि ये अब अच्छे से अच्छा प्रदर्शन करें। वहीं ये खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से अपने को साबित करना चाहेंगे।




### कैमरून ग्रीन

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कैमरून ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपये की मोटी रकम देकर खरीदा है। ग्रीन एक शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैं। इसके अलावा वह अच्छी गेंदबाजी भी करते हैं। केकेआर ने उन्हें एक मैच विजेता के तौर पर शामिल किया है।




### जेसन होल्डर

गुजरात टाइटंस ने जेसन होल्डर को 7 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा है। वह एक अनुभवी ऑलराउंडर हैं, जिनके पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का काफी अनुभव है। उनकी गेंदबाजी और निचले क्रम की बल्लेबाजी टीम के लिए लाभदायक साबित होगी। वह किसी भी प्रकार के हालातों में खेल सकते हैं उन्हें कप्तानी का भी अनुभव है।




### मथेशा पथिराना

श्रलंका के मथेशा पथिराना को कोलकाता नाइटराइडर्स ने 18 करोड़ रुपये में खरीदा है। इससे पता चलता है कि वह कितने अच्छे गेंदबाज हैं। वह खासकर डेथ ओवर्स के एक बेहतरीन गेंदबाज माने जाते हैं। यॉर्कर और अनोखे एक्शन के लिए जाने जाते हैं। टीम को उम्मीद रहेगी कि विरोधी टीम के बल्लेबाजों पर अंकुश लागाये रहें।



### प्रशांत वीर

चेन्नई सुपर किंग्स ने नीलामी में प्रशांत वीर को 14.20 करोड़ रुपये में खरीदकर सबको हैरान कर दिया था। कम आधारमूल्य के बावजूद इतनी बड़ी रकम मिलने से उनकी प्रतिभा साफ झलकती है। वह एक ऑलराउंडर के रूप में टीम को संतुलन देते हैं और टीम उन्हें भविष्य के सितारे के तौर पर अपने साथ रखना चाहती है।

### कूपर कॉनोली

पंजाब किंग्स ने कूपर कॉनोली को 3 करोड़ रुपये में खरीदा है। युवा ऑलराउंडर कॉनोली अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और स्पिन गेंदबाजी से टीम को मजबूती दे सकते हैं। टीम उन्हें एक लंबे समय के निवेश के तौर पर देखती है।

### आकिब नबी

दिल्ली कैपिटल्स ने ऑलराउंडर आकिब नबी को 8.40 करोड़ रुपये में खरीदा है। वह गेंद और बल्ले दोनों से प्रभावित कर सकते हैं। नबी की खूबी उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी गेंदबाजी है। टीम को उनसे बीच के ओवरों में मैच का रुप पलटने की उम्मीदें रहेंगी।

# खेल के साथ ही पढ़ाई भी जरुरी – सिंधु

गुरुग्राम । भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु ने उभरते हुए खिलाड़ियों से कहा है कि खेल के साथ ही पढ़ाई भी जारी करें क्योंकि केवल खेल पर ही आधारित रहना बेहद जोखिम भरा होता है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु के अनुसार खेल के साथ ही पढ़ाई भी जरुरी है। सिर्फ खेल पर ध्यान देना नुकसानदेह साबित हो सकता है। ध्यान रहे एक ही चोट से खेल करियर समाप्त हो सकता है। इस खिलाड़ी ने कहा कि साल 2016 के ओलंपिक से पहले वह भी अपने बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रैक्चर होने के कारण परेशान थीं और उन्हें अपने भविष्य पर संदेह होने लगा था। उन्होंने कहा, मैं इतने साल से खेल रही हूं। कभी न कभी तो आपको रिटायर होना ही पड़ता है। और यही सच है। आप 45, 50 या 60 साल की उम्र तक नहीं खेल सकते।



सिंधु ने राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद की बात का समर्थन किया जिन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों के माता-पिता से शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही थी। इस खिलाड़ी ने कहा, आपको इस बात को मानना ही होगा कि शिक्षा हमेशा पूरी जिंदगी आपके साथ रहेगी और हमेशा आपके पास रहेगी। उन्होंने कहा, कोई भी सोने की चम्मच लेकर पैदा नहीं होता और आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, चाहे वह पढ़ाई में हो या खेल में। पढ़ाई और खेल दोनों ही अहम हैं। मैंने अपना एमबीए किया है। इसलिए मुझे पता है कि यह आसान नहीं है। आप सुबह ट्रेनिंग के लिए जाते हैं, वापस आते हैं, पढ़ाई करते हैं, फिर शाम के सत्र के लिए जाते हैं। सिंधु ने कहा, सच तो यही है कि खेल एक बहुत छोटी सी चीज है। शिक्षा हमेशा आपके साथ रहेगी। खेल भी जरूरी है, लेकिन इतना भी नहीं कि आप अपनी पढ़ाई पूरी तरह से रोक दें। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान लगने वाली चोटों से उबरना मुश्किल हो सकता है इसलिए उन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों से पढ़ाई का एक विकल्प अपने पास रखने की बात कही। सिंधु ने कहा, हो सकता है मेरी बात थोड़ी कड़वी लगे, शायद अभी उन्हें यह बात समझ नहीं आए, लेकिन जिंदगी के बाद के पड़ाव में उन्हें यह जरूर समझ आएगा कि पढ़ाई भी उतनी ही जरूरी है। खेल कभी-कभी बहुत जोखिम भरा हो सकता है। इसमें कभी भी चोट लग सकती है। उन्होंने कहा, चोट से आपका करियर खत्म हो सकता है, आपकी सर्जरी हो सकती है। और चोटें बताकर नहीं आतीं, बस हो जाती हैं। ऐसे समय में, आपको यह पक्का करना होता है कि आप जिंदगी में हर चीज के लिए तैयार हैं।

## आरसीबी बन सकती है सबसे महंगी आईपीएल टीम

मुम्बई । आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की बिक्री प्रक्रिया अंतिम दौर में पहुंच गयी है। अगर ये सौदा हुआ तो आरसीबी सबसे महंगी टीमों में शामिल हो जाएगी। टीम की बिक्री प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है क्योंकि इसकी कीमत 2 अरब डॉलर करीब 18488 करोड़ रुपया तक पहुंच गयी है। अगर ये सौदा होता है, तो आरसीबी सबसे महंगी आईपीएल टीम होने के साथ ही दुनिया की सबसे कीमतों टीमों मे शामिल हो जाएगी। अभी इसका मालिकाना अधिकार डियाजियो की यूनाइटेड स्पिरिट्स के पास है। वहीं इसे खरीदने के लिए दो बड़े निवेशकों के बीच मुकाबला है। शुरुआत में पांच निवेशक थे पर अब दो ही रह गये हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीडन की ईक्यूटी कंपनी और मणिपाल ग्रुप मिलकर इसके लिए बोली लगा रहा है। वहीं इससे पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड के सह-मालिक ग्लेजर्स ने करीब 1.8 अरब डॉलर की शुरुआती (नॉन-बाइंडिंग) बोली लगाई थी पर बाद में वह पीछे हट गये। इसके अलावा सीरम इंस्टीट्यूट के अदार पूनावाला ने भी शुरुआत में इसे खरीदने बोली लगायी थी पर बाद में वह पीछे हट गये। जानकारों के अनुसार बड़े खेल सौदों में ऐसा होना आम है, वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार अभी तो समूह दौड़ में है और अगले कुछ माह में सौदा पूरा होने की उम्मीदें है। आरसीबी के अलावा राजस्थान रॉयल्स को भी नया मालिक मिल सकता है। उसे भी आदित्य बिड़ला समूह के साथ ही तीन अन्य निवेशक खरीदना चाहते हैं।

## 10 जुलाई से शुरु होंगे ओलंपिक में फुटबॉल मुकाबले - आईओसी

एथेंस। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अनुसार साल 2028 में होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में फुटबॉल मुकाबले उद्घाटन समारोह से चार दिन पहले ही शुरू हो जाएंगे। आईओसी के अनुसार पुरुष और महिला दोनों ही वर्गों के मुकाबले 10 जुलाई से शुरु होंगे। ये ये मुकाबले अमेरिका के सात शहरों में होंगे। वहीं ग्रुप स्तर और क्वार्टर फाइनल मुकाबले न्यूयॉर्क, कोलंबस, नैशविले और सेंट लुई में रखे गये हैं जबकि नॉकआउट मुकाबले कैलिफोर्निया के सैन जोस, सैन डिएगो और पासाडेना में आयोजित होंगे।

# आईपीएल के दौरान तनाव कम करने हुक्का पीते हैं धोनी – बिलिंग्स

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाते रहे हैं। मैदान पर अपनी शांत कप्तानी के लिए 'कैप्टन कूल' के नाम से लोकप्रिय रहे धोनी निजी जिंदगी में काफी रिजर्व स्वभाव के माने जाते हैं। इसलिए उनके बारे में प्रशंसकों को ज्यादा कुछ नहीं पता चलता है पर अब आईपीएल में सीएसके की ओर से खेले इंग्लैंड के क्रिकेटर सैम बिलिंग्स ने कहा है कि धोनी हुक्का पीने के शौकीन हैं। बिलिंग्स के अनुसार आईपीएल टूर्नामेंट में धोनी होटल के कमरे में हुक्का पीते हैं और टीम के एक खिलाड़ी उनके लिए हुक्का तैयार करता है।

बिलिंग्स के अनुसार ये हुक्का उनक लिए तेज गेंदबाज खलील



अहमद तैयार करते हैं।

उनके अनुसार, आईपीएल के दौरान टीम के अधिकतर खिलाड़ी मैच के बाद होटल के बार में जाकर समय बिताते थे। जिससे की मैच के तानव से उबर सकें। इस दौरान खिलाड़ियों को गपशप का भी अवसर मिल जाता था पर धोनी इससे अलग रहते हुए एकांत में हुक्का पीते थे। वह कभी भी बार में जाते नहीं दिखे।

धोनी के लिए हुक्का सिर्फ एक शौक नहीं, बल्कि टीम को एक-साथ जोड़े रखने का भी तरीका रहा है। बिलिंग्स और कोच माइकल हसी ने कहा कि धोनी का होटल रूम टीम के लिए पूरे समय किसी लाउंज जैसा रहता है, क्योंकि धोनी प्रशंसकों की भीड़ के कारण होटल बार या किसी कैफे में नहीं जा सकते, इसलिए वो अपने रूम को ही अपनी अलग जगह बना लेते थे। बिलिंग्स के अनुसार धोनी को हुक्का पसंद था और वे इसका आनंद अपने कमरे में ही उठाते रहते थे। उनके पास इसके लिए एक अलग स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहता था, जो हुक्के से जुड़ी सभी तैयारियों का ध्यान रखता था।

# डी विलियर्स ने बुमराह को बताया टी20 का महान खिलाड़ी

जोहांसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर रहे एबी डी डीविलियर्स ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें टी20 का सबसे महान खिलाड़ी बताया है। डीविलियर्स के अनुसार क्रिस गेल, विराट कोहली और राशिद भी शीर्ष स्तर के खिलाड़ी हैं पर बुमराह की बात ही कुछ और है। डीविलियर्स के अनुसार बुमराह को सबसे आगे बताने का कारण ये है कि हालात कैसे भी हों वह टीम को मैच जिताने की क्षमता रखते हैं।डीविलियर्स के अनुसार बुमराह में कई प्रकार की खूबियां हैं। वह नई और पुरानी गेंद, दोनों से प्रभावी गेंदबाजी करते हैं। इसके अलावा दबाव में विकेट लेने की क्षमता, डेथ ओवरों में शानदार प्रदर्शन, सुपर ओवर जैसे कठिन अवसरों पर मैच जिताने की क्षमता उनमें है। कुल मिलाकर देखो जाये




तो आप किसी भी समय गेंद बुमराह को दे सकते हैं, और वह मैच जिता सकते हैं। डीविलियर्स ने अपनी करियर के दौरान आइपीएल सहित दुनिया की कई टी20 लीग खेली हैं। आरसीबी के लिए खेलते हुए उन्होंने गेल और विराट के साथ ड्रेसिंग रूम भी साझा किया हैं। ऐसे मे उनका बुमराह को सबसे बेहतर बताना काफी महत्व रखना है। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज अकीब जावेद ने भी बुमराह की जमकर प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा कि बुमराह का अनोखा एक्शन बल्लेबाजों को लय में नहीं आने देता। इसी दौरान उन्होंने बुमराह की तुलना पाक के युवा स्पिनर उस्मान तारिक से कर दी। जिसके बाद प्रशंसकों ने उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर ट्रॉल करते हुए कहा कि बुमराह के सामन तारिक कहीं नहीं हैं। ऐसे में तुलना नहीं हो सकती। आकिब की तुलना को लेकर सोशल मीडिया पर कई प्रशंसकों ने कड़ी नाराजगी भी जतायी। उनका कहना था कि इस प्रकार की बातें नहीं कही जानी चाहिये। कई लोगों ने इसे गलत तुलना बताया, कुछ ने बुमराह की क्लास को अलग स्तर का बताया। आम तौर पर टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजों को ही महान माना जाता है पर जिस प्रकार से दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज ने बुमराह को महान बताया है, उससे पता चलता है कि उनकी गेंदबाजी कितनी प्रभावशाली है। वहीं अब गेंदबाजों का भी महत्व इस प्रारुप में सामने आ रहा है।

## फिल्म 'धुरंधर' देखने की बात कहने से ट्रॉल हुए वैभव

नई दिल्ली । उभरते हुए क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के नमन अवार्ड समारोह में अपनी पसंदीदा फिल्म के बारे में बताने के बाद से ही सोशल मीडिया पर ट्रॉल हो रहे हैं। इस समारोह में जब मंच पर मौजूद खिलाड़ियों से उनकी पसंदीदा फिल्म पूछी, तो वैभव वैभव ने पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'धुरंधर' को अपनी पसंदीदा फिल्म बताया पर वे ये भूल गये कि फिल्म 'धुरंधर' केवल व्यस्क ही देख सकते थे क्योंकि अधिक हिंसा दिखाये जाने के कारण इस फिल्म को ए सर्टिफिकेट दिया गया था। ऐसे में इसे केवल 18 वर्ष से ऊपर के दर्शक ही देख सकते थे।

# कॉन्वे, सीयर्स और फर्ग्यूसन के शानदार प्रदर्शन से दूसरे टी20 में न्यूजीलैंड जीती

## दक्षिण अफ्रीका को 68 रनों से हराया

ऑकलैंड। डेवोन कॉन्वे की आक्रामक अर्धशतकीय पारी के बाद बेन सीयर्स और लॉकी फर्ग्यूसन की अच्छी गेंदबाजी से न्यूजीलैंड ने दूसरे टी20 क्रिकेट मुकाबले में मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका को 68 रनों से हरा दिया। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान कीवी टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 175 रन बनाये थे। जिसके बाद इस लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम 15.3 ओवर में ही केवल 107 रन बनाकर आउट हो गयी। इस प्रकार कीवी टीम पांच मैचों की सीरीज में वापसी की है। अब सीरीज 1-1 से बराबरी पर आ गयी है। पहले मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम जीती थी।

इस दूसरे मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का सामना नहीं कर पायी। बेन सीयर्स और लॉकी फर्ग्यूसन ने जबरदस्त गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज टिक कर नहीं खेला पाया। उसने अपने अंतिम छह विकेट केवल 40 रन पर ही खो दिये। केवल जॉर्ज




लिंडे ही 33 रन बना पाये। वहीं हाल में विश्वकप में अंतिम ग्यारह में जगह पाने में असफल रहे कॉन्वे ने 49 गेंद में 5 चौके और 2 छक्के लगाकर 60 रन बनाए। उनके अलावा जोश क्लार्कसन ने भी 26 रन बनाये। निक केली ने 21 और कप्तान मिचेल सैंटनर ने 20 रनों का योगदान दिया। वहीं दक्षिण अफ्रीकी कप्तान केशव महाराज ने हार के लिए खराब बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया है।

# विराट आईपीएल के लिए बेंगलुरु पहुंचकर अपनी टीम आरसीबी से जुड़े

बेंगलुरु। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली आईपीएल के 19 सत्र में शामिल होने के लिए बेंगलुरु पहुंचकर अपनी टीम टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से जुड़ गये हैं। विराट के यहां पहुंचने के साथ ही आरसीबी के खेमे में उत्साह की लहर फैल गयी। विराट का प्रशंसकों के साथ ही टीम प्रबंधन और खिलाड़ियों को भी इंतजार था। , बेंगलुरु पहुंचने से पहले कोहली इंग्लैंड में थे पर वहां भी वह तैयारी जारी रखे थे। उन्होंने अपने अभ्यास की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी की थी जिसे आरसीबी ने भी साझा किया है। कोहली के टीम से जुड़ने के बाद अभ्यास सत्र में तेजी आने की उम्मीद है।

आरसीबी को इस सत्र में अपना पहला मैच 28 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है। इससे वह खिताब बराकरार रखने के इरादे से उतरेगी। पिछले सत्र में उसने रजत पाटीदार की कप्तानी में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार खिताब जीता था। आरसीबी को चैंपियन बनाने में विराट की अहम भूमिका रही है। विराट ने पिछले सत्र में 15 मैचों में 54.75 की औसत और 144.71 की स्ट्राइक रेट से 657 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 8 अर्धशतक लगाये थे।

ऐसे में टीम प्रबंधन चाहेगा कि वह इस बार भी अधिक से अधिक रन बनाकर टीम को जीत दिलायें।

विराट शुरुआती सत्र से ही आरसीबी से जुड़े हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता रहती है। लगभग हर साल वह टीम की ओर से सबसे अधिक रन बनाते आये हैं। कोहली आईपीएल इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। उनके नाम सबसे अधिक रन और शतक हैं। कोहली ने साल 267 मैचों में 8 शतक और 63 अर्धशतक लगाते हुए 8,661 रन बनाए हैं। वह साल 2013 से 2021 तक आरसीबी के कप्तान भी रहे हैं।

# ईरानी फुटबॉल संघ ने फीफा विश्वकप मैच मैक्सिको में रखे जाने की मांग की

मैक्सको सिटी। अमेरिका और इजरायल के साथ जारी संघर्ष को देखते हुए ईरान के 11 जून से शुरु हो रहे फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 में खेलने की संभावनाएं नहीं हैं। ईरान के फुटबॉल संघ ने सुरक्षा मामलों को देखते हुए अमेरिका में होने वाले अपने मैचों को मेक्सिको में स्थानांतरित करने की मांग भी फीफा से की है। ईरानी फुटबॉल संघ के प्रेसीडेंट मेहदी ताज ने कहा कि सुरक्षा चिन्ताओं के कारण टीम को अमेरिका भेजना संभव नहीं है। ताज ने मेक्सिको में ईरानी दूतावास से साझा की गयी एक पोस्ट में कहा, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ही कहा है कि वह ईरानी टीम की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकते, तो हम वहां अपनी टीम कैसे भेज सकते हैं। हम ईरान के विश्व कप मैच मेक्सिको में कराने के लिए फीफा से बातचीत कर रहे हैं। ये चिंताएं ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हवाई हमलों के बाद शुरु हुए भीषण संघर्ष से जुड़ी हैं।

इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि ईरान को हिस्सा लेने की अनुमति दी जाएगी पर साथ ही कहा कि टीम का स्वागत है पर हम उसकी सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते।

ईरान ने अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की सह-मेजबानी वाले 48 टीम के इस बड़े टूर्नामेंट के लिए आसानी से क्वालीफाई कर लिया था। 25 मार्च 2025 को ईरान विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने वाली पहली एशियन टीम बना था। वर्तमान कार्यक्रम के अनुसार उसे लॉस एंजिल्स में दो ग्रुप मैच और सिएटल में एक मैच खेलना है।

हालांकि, दिन-प्रतिदिन बिगड़ते हालातों को देखते हुए ईरान की अचानक टूर्नामेंट से हटने की संभावना काफी बढ़ गई है।

## रियल मैड्रिड सहित तीन टीमें चैम्पयंस लीग के क्वार्टर फाइनल में पहुंची, मैनचेस्टर सिटी बाहर हुई

नई दिल्ली। विनीसियस जूनियर के शानदार प्रदर्शन से रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हराकर यूईएफए चैम्पयंस लीग फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। स्पेनिश क्लब मैड्रिड से मिली हार के साथ ही मैनचेस्टर सिटी मुकाबले से बाहर हो गयी। वहीं आर्सेनल और पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी हैं। रियल मैड्रिड की ओर से विनीसियस ने 2 गोल कर टीम को जीत दिलायी की। विनीसियस ने अपनी टीम की ओर से दोनो गोल दागे। वहीं मैनचेस्टर सिटी की तरफ से एकमात्र गोल एर्लिंग हालैंड ने किया। इस हार के साथ ही कोच पेप गार्डियोला की मैनचेस्टर लगातार तीसरे सत्र में भी मैड्रिड के सामने टिक नहीं पायी। वहीं एक अन्य मुकाबले में आर्सेनल ने बायर लेवरकुसेन को 2-0 से हराने के साथ ही कुल स्कोर 3-1 से जीत हासिल की। उसकी ओर से एबेरेची एजे ने शुरुआती गोलकर टीम को बढ़त दियायी जबकि डेक्लान राइस ने दूसरा गोल दागा।

## लखनऊ सुपर जायंट्स ने मैदानकर्मियों को जर्सी भेंट कर सम्मानित किया

नई दिल्ली । लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर और क्रिकेट डायरेक्टर टॉम मूडी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले ही मैदानकर्मियों को जर्सी भेंट कर सम्मानित किया है। लैंगर और मूडी के मैदानकर्मियों को जर्सी भेंट करने की तस्वीरें भी सोशम मीडिया में साझा की है। साथ ही लिखा, हमारे मैदानकर्मियों के लिए, सीधे हमारे दिल से।


आईपीएल की शुरुआत 28 मार्च से होने वाली है। वहीं सुपर जायंट्स की टीम आईपीएल 2026 में अपना पहला मैच एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेलेगी। इसके बाद टीम अपना दूसरा मैच 5 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी। आईपीएल 2026 के पहले चरण के कार्यक्रम के अनुसार, लखनऊ सुपर जायंट्स को 4 मैच खेलने हैं। सुपर जायंट्स 9 अप्रैल को ईडन गार्डन्स के मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी।

# यशस्वी और वैभव राजस्थान रॉयल्स से जुड़े

नई दिल्ली । बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन के लिए अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स से जुड़ गए हैं। आईपीएल की शुरुआत 28 मार्च को होगी। इसमें रॉयल्स की टीम अपने अभियान की शुरुआत 30 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले से करेगी।

टीम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो जारी करते हुंए वैभव और यशस्वी के शामिल होने की पुष्टि की है। पिछले सीजन राजस्थान का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इस बार टीम युवा कप्तान रियाल पराग की कप्तानी में बेहतर प्रद्दर्शन के इरादे से उतरेगी। पिछली बार टीम 14 मुकाबलों में से सिर्फ 4 में ही जीत पायी थी और 9वें स्थान पर रही थी। राजस्थान की ओर से इस बार रवींद्र जडेजा और सैम करन भी खेलते हुए नजर आयेंगे। वैभव का प्रदर्शन आईपीएल के पिछले सत्र में काफी अच्छा रहा था। तब उन्होंने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 7 मुकाबलों में 252 रन बनाए थे। इसी प्रदर्शन को वह दोहराने का प्रयास करेंगे।

वहीं यशस्वी जायसवाल ने अच्छा प्रदर्शन किया था। यशस्वी ने 14 मुकाबलों में 159 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 559 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 6 अर्धशतक लगाए थे। आईपीएल के इस सत्र में राजस्थान की ओर से यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी पारी शुरु करेंगे।


विक्रम सम्वत् 2083
भारतीय नववर्ष
की हार्दिक मंगलकामनाएं
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
राज्यस्तरीय
जल गंगा संवर्धन अभियान
जनभागीदारी की अनूठी पहल का
तृतीय चरण : 19 मार्च से 30 जून 2026
शुभारंभ
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
इस्कॉन मंदिर, इंदौर
पिछले दो चरणों में 3.50 लाख से अधिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन के साथ
नए निर्माण कार्य, भू-जल स्तर में वृद्धि और खेतों के लिए संजीवनी साबित हो रहे हैं
आइये, सब जुड़ें
D11222/25
जब सब जुड़ेंगे, तब ही जल बचेगा, धरती बचेगी
आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

## न्यूज गैलरी

### फिल्टर प्लांट में काम कर रही एक महिला मजदूर से दो महिला ने की मारपीट

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कोतवाली क्षेत्र में आने वाले गौरीशंकर नगर स्थित फिल्टर प्लांट में काम कर रही एक महिला को मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल महिला पुस्तकला बाई पति इतेश खगारे



45 वर्ष वार्ड नंबर 6 ग्राम भटेरा जवाई टोला निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुस्तकला बाई मजदूरी करती है। 18 मार्च को पुस्तकला बाई गौरीशंकर नगर स्थित फिल्टर प्लांट में काम कर रही थी। 3ः00 बजे करीब पुस्तकला बाई को उसके ही परिवार के गंगाबाई नारबोदे हीरूबाई मेश्राम ने उसे हाथ मुक्के से मारपीट कर दिए और उसका सिर दीवाल से पटक दिए। इस मारपीट में पुस्तकला बाई घायल हो गई। बीच बचाव अन्य मजदूरों ने किये। इस घटना की सूचना मिलने पर पुस्तकला बाई का बेटा रवि खगारे आया और उसे मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये। जिला अस्पताल पुलिस ने पुस्तकला बाई का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली बालाघाट भिजवा दी है।

# वैनगंगा पुल पर सड़क हादसा, महिला की मौत

## गृह प्रवेश कार्यक्रम से लौट रहे दंपत्ति का हुआ एक्सीडेंट, मौके पर लगा जाम

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।



**बुधवार शाम वैनगंगा नदी के बड़े पुल पर हुए एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब बेनी निवासी पति-पत्नी अपने परिजन के गांव चांगोटोला से गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि पुल पर अचानक हुए इस हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई । सूचना मिलते ही 112 वाहन के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए यातायात को सुचारू करने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामले की जांच की जा रही है।**

जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के बीच एक बार फिर वैनगंगा नदी के बड़े पुल पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जिसमें ग्राम बेनी निवासी प्रेमबती बुराडे उम्र 50 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका प्रेमबती बुराडे अपने पति सुबेलाल बुराडे के साथ बीते रविवार को चांगोटोला स्थित अपने भाई के घर में आयोजित गृह प्रवेश के कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद 18 मार्च को दोनों पति-पत्नी दोपहिया वाहन टीवीएस, क्रमांक एमपी-50 एस-9643 से अपने गांव बेनी वापस लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि शाम करीब 5 बजे जब वे वैनगंगा नदी के बड़े पुल से गुजर रहे थे, उसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक अनियंत्रित हो गई और पीछे बैठी प्रेमबती बुराडे सड़क पर गिर पड़ीं। दुर्भाग्यवश गिरते ही वे ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उनके पति को इस हादसे में मामुली चोटे आयी हैं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए यातायात बहाल कराया और शव को अपने कब्जे में लेकर जिला चिकित्सालय भिजवाया, जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जायेगी । पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटना में शामिल ट्रक और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। मामले में आगे की जांच की जा रही है । इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं मृतिका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

### हादसे के बाद वैनगंगा पुल पर लगा लंबा जाम

वैनगंगा नदी के बड़े पुल पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटना के तुरंत बाद पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। कई लोग जहां इस घटना को देखकर स्तब्ध रह गए, वहीं कुछ लोग पूरे घटनाक्रम को अपने मोबाइल फोन में कैद करते नजर आए। इस दौरान पुल पर कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह थम गया और छोटे-बड़े वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने में जुट गई। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए यातायात को व्यवस्थित करने का प्रयास किया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाकर रास्ता साफ कराया गया। पुलिस की तत्परता के चलते कुछ ही समय में स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया और धीरे-धीरे यातायात को फिर से सुचारू रूप से शुरू कराया गया।

# कीटनाशक दवाई के प्रभाव में आने से कृषक की मौत

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कीटनाशक दवाई के प्रभाव में आने से बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती एक कृषक की मौत हो गई ।मृतक कृषक हुकुमचंद पिता झाडूलाल लिल्हारे 62 वर्ष ग्राम पाथरवाड़ा थाना भरवेली निवासी है। जिला अस्पताल पुलिस ने इस व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हुकुमचंद खेती किसानी करता था। जिसके परिवार में पत्नी और दो बेटी है ।दोनों बेटी की शादी हो चुकी है और वे अपने परिवार के साथ ससुराल में रहती है। 15 मार्च को सुबह हुकुमचंद अपने खेत कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने गया था और कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने के बाद वह खेत से अपने घर आया और उल्टी करने लगा था। खबर मिलते ही हुकुमचंद की बेटी राजवंती बघेले आ गई थी। जिसने अपने पिता हुकुमचंद को डायल 112 से जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती की थी। जहां से उसे नगर के ट्राइपॉड हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। ट्राइपॉड हॉस्पिटल में अधिक पैसे खर्च होने के कारण 16 मार्च की शाम 7ः00 बजे करीब हुकुमचंद को



पुनः जिला अस्पताल बालाघाट में लाकर भर्ती किये थे। जिला अस्पताल बालाघाट में उपचार के दौरान 18 मार्च को हुकुमचंद की मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस ने हुकुमचंद का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। हुकुमचंद खेत में कीटनाशक दवाई के छिड़काव करने के दौरान वह दवाई के प्रभाव आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। जिला सुतल पुलिस ने धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी घटनास्थल से संबंधित पुलिस थाना भरवेली भिजवा दी है।

# आंगनवाडी कार्यकर्ता भर्ती के लिए रुपए मांगने की बात गलत

## गलत दस्तावेज लगाने के कारण सुनीता मरावी और अर्चना धुर्वे को अपात्र किया गया है

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बाल विकास परियोजना लांजी के अंतर्गत आंगनवाडी कार्यकर्ता के लिए आवेदन करने वाली ग्राम देवरबेली की सुनीता मरावी एवं अर्चना धुर्वे द्वारा बाल विकास परियोजना अधिकारी पर रुपए मांगने का आरोप लगाया गया था। बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती लता वर्मा ने बताया कि कार्यकर्ता भर्ती के लिए रुपए मांगने की बात पूरी तरह से गलत एवं निराधार है। इन दोनो आवेदिकाओं के आवेदन गलत दस्तावेज लगाने के कारण चयन समिति द्वारा अपात्र किये गए है। इन दोनो आवेदिकाओं द्वारा भी स्वीकार किया गया है कि एमपी ऑनलाईन कियोस्क दुकान वाले द्वारा ऑनलाईन आवेदन भरते समय त्रुटिवश गलत दस्तावेज अपलोड कर दिये गए थे।

ग्राम देवरबेली में आंगनवाडी कार्यकर्ता की भर्ती के लिए एमपी ऑनलाईन चयन पोर्टल के माध्यम से 31 दिसम्बर 2025 से 10 जनवरी 2026 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गए थे। यह आवेदन आवेदकों द्वारा स्वयं भरे जाने थे। इन आवेदकों के आवेदनों को विकासखंड स्तरीय चयन समिति द्वारा अभिलेखों के सत्यापन के दौरान अपात्र कर दिया गया है और अनंतिम चयन सूची जारी कर दावे आपत्ति आमंत्रित किये गए है। जिसके बाद आवेदक सुनीता मरावी एवं अर्चना धुर्वे द्वारा बाल विकास परियोजना अधिकारी पर झुठे एवं निराधार आरोप लगाये गए थे।

परियोजना अधिकारी श्रीमती लता वर्मा ने बताया कि एमपी ऑनलाईन चयन पोर्टल पर पात्र आवेदनों का सत्यापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में गठित 05 सदस्यों की चयन समिति द्वारा किया जाता है। आवेदक सुनीता मरावी द्वारा आवेदन भरते समय एमपी ऑनलाईन चयन पोर्टल पर 10वीं की अंकसूची लगायी गई थी, जबकि आंगनवाडी कार्यकर्ता के लिए 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। सुनीता मरावी की 10वीं की अंकसूची पोर्टल पर लगी होने के कारण चयन समिति द्वारा उसे अपात्र कर दिया गया। इसी प्रकार अर्चना धुर्वे द्वारा आवेदन भरते समय मूल निवास के प्रमाण पत्र के रूप में गरीबी रेखा का कार्ड लगाया गया है, जिसमें जारीकर्ता सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर नही होने के कारण चयन समिति द्वारा अर्चना धुर्वे को अपात्र कर दिया गया है।

आंगनवाडी कार्यकर्ता के दोनो आवेदक सुनीता मरावी एवं अर्चना धुर्वे द्वारा 12 मार्च को अपात्र किये जाने के संबंध में शिकायत की गई है, जिस पर दोनो आवेदकों को चयन पोर्टल पर उनके द्वारा संलग्न अभिलेखों का अवलोकन कराया गया। जिसमें दोनो आवेदकों ने माना कि एमपी आॅनलाईन कियोस्क वाले द्वारा आवेदन करते समय गलत दस्तावेज संलग्न किये गए है। इस पर दोनो आवेदकों को सलाह दी गई कि अनंतिम चयन सूची पर दावे आपत्ति दर्ज कराये। दोनो आवेदकों द्वारा 13 मार्च को अनंतिम चयन सूची पर दावे आपत्ति दर्ज कराये गए है। दोनो आवेदिकाओं द्वारा बाल विकास परियोजना अधिकारी पर लगाये गए आरोप झुठे और मनगढंत है।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

### उकवा व जगनटोला में छापामार कार्रवाई, 9 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर 18 मार्च को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अश्विनी देशमुख की टीम ने पुलिस के



सहयोग से उकवा एवं जगनटोला क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान प्रधान आरक्षक तिलक सोनेकर एवं आरक्षक नागेश धुमकेती मौजूद थे। कार्रवाई के दौरान राजवीर होटल, रेंज ऑफिस उकवा में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया। मौके पर 14.2 किलोग्राम का एक घरेलू गैस सिलेंडर एवं 5 किलोग्राम का एक अन्य घरेलू सिलेंडर जब्त किया गया। दोनों सिलेंडरों को जब्त कर चित्राक्षी गैस एजेंसी उकवा के प्रबंधक को सुपुर्द कर दिया गया। इसके अलावा सिलाई सेंटर, रेंज ऑफिस उकवा की जांच के दौरान 14.2 किलोग्राम के तीन खाली घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से संग्रहित पाए गए। इन्हें भी मौके पर जब्त कर गैस एजेंसी को सुपुर्दगी में दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई में कुल 9 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने वालों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित,
**प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :**9425138710**, , ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट